शर्मा हार्डওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 259 | गुवाहाटी | सोमवार, 17 अप्रैल, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

पाइकान : बस से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, एक गिरफ्तार पेज 3
भीड़ के पीछे मत भागो, कुछ ऐसा करो जिससे भीड़ तुम्हारे कदमों पर... पेज 4
जैसे को तैसा यदि हिन्दू करते तो अपना इतिहास आज कुछ और होता : विनायक राव पेज 5
पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजी कहने पर लगे रोक पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*दुनिया का बस यहीं उसूल है कि, जब तक काम है तब तक ही नाम है, बाकी दूर से ही सलाम है।*

– अज्ञात

# अतीक और अशरफ की पुलिस कस्टडी में हत्या, तीनों हत्यारे गिरफ्तार



**प्रयागराज।** पुलिस कस्टडी में स्वास्थ्य जांच के लिए शनिवार देर राहत कॉल्विन अस्पताल ले जाते समय माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की मेडिकल कॉलेज के पास मीडिया कर्मी बनकर आए बाइस सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस के साथ-साथ प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। खबर लिखे जाने तक मौके पर भारी फोर्स के साथ-साथ कई वरिष्ठ अफसर पहुंच गए थे। गोलीबारी में एक सिपाही भी घायल होने की सूचना है। उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ चार दिन की पुलिस कस्टडी में थे। शनिवार को तीसरे दिन धूमनगंज थाने के लॉकअप में बंद अतीक व अशरफ से एटीएस ने हथियार तस्करी की बाबत पूछताछ की थी। रात लगभग साढ़े दस बजे जब दोनों को रूटीन मेडिकल चेकअप के लिए कॉल्विन अस्पताल ले जाया जा रहा था। तभी मीडियाकर्मी बनकर दो बदमाश बाइक से आए और ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। गोलियां लगने से अतीक व अशरफ लहूलुहान होकर गिर पड़े। दोनों को आनन-फानन स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मौके से दो पिस्टल व छह खोखे मिले हैं। घटना की सूचना पर सभी थानों की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया। गौरतलब है कि उमेश पाल अपहरण कांड में एमपीएमएलए अदालत ने -शेष पृष्ठ दो पर

## कसारी-मसारी कब्रिस्तान में दफनाए गए शव

**प्रयागराज ( हि.स. )।** माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ के शवों को कसारी-मसारी स्थित कब्रिस्तान में रविवार देर शाम दफना दिया गया। इस मौके पर अतीक अहमद के दोनों नाबालिग लड़के अहजम और अबान अपने पिता और चाचा अशरफ के सुपुर्द ए खाक में शामिल होने के लिए कब्रिस्तान पहुंचे। दोनों को बाल सुधार गृह से कब्रिस्तान ले जाया गया था। साथ ही अशरफ की दोनों बेटियां भी कब्रिस्तान पहुंची थीं। कब्रिस्तान के अंदर और बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा और सुरक्षा के मद्देनजर जनाजे में अतीक के करीबी रिश्तेदारों को ही शामिल होने की अनुमति दी गई। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के भी वहां पहुंचने की अफवाहें चलती रही, लेकिन पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की। दरअसल वह भी उमेश पाल हत्याकांड में आरोपित है और फरार चल रही है। पुलिस ने उसपर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। पोस्टमार्टम के बाद अतीक और अशरफ के शव सीधे कब्रिस्तान लाए गए। थोड़ी देर बाद दोनों के शवों दफनाए गए। अतीक और अशरफ के शव जहां दफनाए गए वहीं बगल में दो दिन पहले अतीक के बेटे असद को दफनाया गया था। वह झांसी में पुलिस एनकाउंटर में मारा गया था। इससे पहले अतीक अहमद -शेष पृष्ठ दो पर

## अतीक को आठ और अशरफ को मारी गई थीं पांच गोलियां

**प्रयागराज।** अतीक अहमद और अशरफ अहमद के शवों का पोस्टमार्टम हो गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट की शुरुआती जानकारी में पता चला है कि हमलावरों ने माफिया अतीक अहमद को आठ गोलिया मारी थीं। वहीं, अशरफ अहमद को पांच गोलिया लगी थीं। यानी डॉक्टरों को दोनों के शरीर में कुल 13 गोलियों के निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम के बाद अब दोनों के शवों को प्रयागराज के कसारी-मसारी कब्रिस्तान लाया गया है। यहीं पर दोनों के शवों का दफनाया जाएगा। अतीक अहमद का पोस्टमार्टम स्वरूप रानी अस्पताल में चार डॉक्टरों की टीम ने किया है। पोस्टामर्टम के प्रॉसेस की वीडियोग्राफी भी की गई है। फॉरेंसिक डॉक्टर भी पोस्टमार्टम के दौरान मौजूद रहे। पोस्टमार्टम किए जाने से पहले पहले दोनों के शवों की स्कैनिंग की गई। बता दें कि शनिवार रात तीन -शेष पृष्ठ दो पर

## पत्रकारों के लिए तैयार की जाएगी एसओपी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए एसओपी तैयार करेगा, क्योंकि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में फर्जी पत्रकार बने तीन लोगों ने माफिया से राजनेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी। उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिए गए अतीक अहमद और अशरफ अहमद की शनिवार देर रात काल्विन अस्पताल के पास हत्या कर दी गई। दोनों को मेडिकल टेस्ट के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था। अज्ञात वाहनों से आए हमलावरों ने वारदात को अंजाम देने के बाद आत्मसमर्पण कर दिया। प्रयागराज -शेष पृष्ठ दो पर

## 17 पुलिसकर्मी निलंबित न्यायिक जांच का आदेश



**लखनऊ ( हि.स. )।** माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऐक्शन मोड में आ गए हैं। देर रात में ही उच्च स्तरीय बैठक बुलाकर पूरी घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए। साथ ही अतीक और अशरफ की सुरक्षा में तैनात 17 पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को प्रयागराज भेज दिया गया है। पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### केजरीवाल को दोषी पाए जाने पर मिले सजा : अन्ना

**मुंबई ( हि.स. )।** वरिष्ठ समाजसेवक और स्वतंत्रता सेनानी अन्ना हजारे ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अगर शराब घोटाला मामले में दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें सजा मिलनी चाहिए। अन्ना हजारे यहां अहमदनगर जिले के रालेगढ़ सिद्धि में रविवार को पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया मेरे साथ थे, मैं उनको अच्छी सलाह देता था, लेकिन अब यह लोग हमारे साथ नहीं हैं। मैंने उन्हें शुद्ध आचरण रखने की -शेष पृष्ठ दो पर

### मणिपुर में भूकंप

**इंफाल ( हि.स. )।** मणिपुर के नोनी जिले में आज (रविवार) सुबह सात बजकर 22 मिनट 49 सेकेंड पर 3.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। फिलहाल कहीं से भी किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग घरों से बाहर निकल आए। कुछ समय तक अफरातफरी रही। सिस्मोलॉजी विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र मणिपुर के नोनी जिले में जमीन में 10 किलीमीटर नीचे रहा। इसका एपिक सेंटर 24.84 उत्तरी अक्षांश तथा 93.69 पूर्वी देशांत्तर पर स्थित था।

## यूपी में कानून नहीं, जंगलराज : विपक्षी दल



**नई दिल्ली/प्रयागराज।** प्रयागराज में माफिया और पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके पूर्व विधायक भाई अशरफ की सरेआम गोली मारकर हत्या किए जाने के एक दिन बाद विपक्षी नेताओं ने रविवार को उत्तर प्रदेश तथा भारत तक को *जंगल राज* और *माफिया* जैसे शब्दों से वर्णित किया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। जानकारी के मुताबिक, उन्होंने ट्विटर पर कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की योगी सरकार में जंगलराज। इसकी यूएसपी: मुठभेड़ में मारना, बुलडोजर की राजनीति और अपराधियों को संरक्षण देना। कानून का शासन लागू करें, अपराधियों को पकड़ें और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दें। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की महासचिव महुआ मोइत्रा ने कहा कि देश को *माफिया राज* में बदल दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने भारत को माफिया गणराज्य बना दिया है। मैं इसे यहां कहूंगी, मैं इसे विदेश में कहूंगी, मैं इसे हर जगह कहूंगी क्योंकि यह सच है। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी और कैमरों के सामने हिरासत में दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी -शेष पृष्ठ दो पर

## नंदिनी गुप्ता फेमिना मिस इंडिया 2023

**नई दिल्ली।** फेमिना मिस इंडिया 2023 की विनर राजस्थान की नंदिनी गुप्ता बनी हैं। नंदिनी गुप्ता के सिर पर मिस इंडिया का ताज सजा है। 59वें फेमिना मिस इंडिया ब्यूटी पेजेंट के विनर के नाम का एलान शनिवार रात को किया गया। 19 साल की नंदिनी गुप्ता ने मिस इंडिया 2023 का खिताब अपने नाम किया। इस खास मौके पर नंदिनी को पूर्व मिस इंडिया सिनी शेट्टी ने ताज पहनाया। ब्लैक गाउन में नंदिनी ने रैंप वॉक करते हुए अपनी खूबसूरती और कॉन्फिडेंस से हर किसी का दिल जीत लिया। वहीं, दिल्ली की श्रेया पूंजा फर्स्ट रनर अप -शेष पृष्ठ दो पर



## बेलतला में गेट से लटकी मिली लाश



**गुवाहाटी।** गुवाहाटी के बेलतला के सौरभ नगर में एक परिवार के गेट से एक व्यक्ति का शव लटका मिला। मृतक की पहचान सुबल देव वर्मा के रूप में हुई है जो त्रिपुरा का रहने वाला था। शव मकान नंबर 25 के गेट पर लटका हुआ था। सूत्रों के मुताबिक फांसी लगाने से पहले पीड़िता की हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना रविवार तड़के हुई और स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंचने पर, कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने गेट से देव वर्मा का -शेष पृष्ठ दो पर

## कोरोना : 10,093 नए मामले, 23 मरे



**नई दिल्ली।** भारत में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 10,093 नए मामले सामने आए और उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 57,542 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड-19 से 23 और संक्रमितों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5,31,114 पर पहुंच गई। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में पांच, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में तीन-तीन, कर्नाटक और महाराष्ट्र में दो-दो तथा हरियाणा, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तराखंड में एक-एक मरीज की मौत हुई है, जबकि केरल ने कोविड-19 से मौत के आंकड़ों का पुन:मिलान करते हुए वैश्विक महामारी से जान गंवाने वाले रोगियों की सूची में चार और नाम जोड़े हैं। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में संक्रमण की दैनिक दर 5.61 प्रतिशत और साप्ताहिक दर 4.78 फीसदी दर्ज की गई है। वहीं, देश में कोविड-19 से अब तक संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या बढ़कर 4,48,18,115 हो -शेष पृष्ठ दो पर

## आरएसएस ने 45 स्थानों पर निकाला रूट मार्च



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय द्वारा तमिलनाडु सरकार की अपील खारिज किए जाने के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) रविवार को तमिलनाडु में 45 स्थानों पर पथ संचलन (रूट मार्च) कर रहा है। लंबे समय बाद शीर्ष अदालत ने आरएसएस दो दिन पहले ही मार्च निकालने की अनुमति दी थी। इसके बाद पुलिस की ओर से मार्च निकालने के लिए 16 तारीख दी गई थी। आरएसएस ने पिछले साल दो अक्तूबर मार्च निकालने की अनुमति मांगी थी। लेकिन राज्य की द्रमुक सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) व उसके कई सहयोगी ग्रुपों पर बैन लगाए जाने के बीच कानून और सुरक्षा -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत धर्म के मार्ग पर चलकर ही बनेगा विश्व गुरु : भागवत

**बुरहानपुर ( हि.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि धर्म के मार्ग पर चलकर ही भारत विश्व गुरु बनेगा। यदि हम सब धर्म का पालन करते रहे तो आने वाले बीस-तीस साल में भारत दुनिया को नया रास्ता दिखाने वाला विश्व गुरु बन जाएगा। उन्होंने कहा कि धर्म का मतलब सारी सृष्टि के कल्याण की भावना है। सत्य के मार्ग पर चलकर हमें अपना कर्तव्य निभाना होगा। भारत को महाशक्ति नहीं बनना है, बल्कि दुनिया को धर्म सिखाना है। सरसंघचालक डॉ. भागवत रविवार को बुरहानपुर प्रवास -शेष पृष्ठ दो पर



## मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता : अमेरिकी मंत्री

**वॉशिंगटन।** विदेशों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता के किस्से अक्सर सामने आते रहते हैं। लेकिन अब अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने पीएम मोदी की तीरोफों के पुल बांधे हैं। इंडिया हाउस में शनिवार को भारतीय अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित करते हुए जीना रायमोंडो ने पीएम मोदी के साथ अपनी हालिया बैठक को याद करते हुए कहा कि भारत और अमेरिका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्रांति का नेतृत्व करेंगे। मार्च में भारत के दौरे पर आईं रायमोंडो ने कहा कि मैंने संस्कृति, परंपरा और उत्सव के मामले में एक *सर्वश्रेष्ठ* -शेष पृष्ठ दो पर

## 13 उम्रकैदियों की रिहाई, एससी की दिल्ली सरकार को नोटिस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 13 उम्रकैदियों की समय पूर्व रिहाई की मांग पर दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही कोर्ट ने कोरोना के दौरान जमानत और पैरोल पर बाहर आ चुके याचिकाकर्ता उम्रकैदियों को अगले आदेश तक समर्पण से छूट भी दे दी है। हालांकि, इनमें से 12 उम्रकैदी वापस समर्पण कर चुके हैं और अब इन कैदियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम जमानत अर्जी दी गई है जिस पर कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। उम्रकैद की सजा पाए और 14 से लेकर 20 वर्ष तक का कारावास भुगत चुके 13 उम्रकैदियों कुलदीप, राजीव, संदीप, प्रमोद गोस्वामी, किशन, छत्तर सिंह, राम सिंह, विजय पाल, मौइनुद्दीन, मोहम्मद अहद, सुरेंदर कुमार, प्रकाश और मोती उर्फ मोहित ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर दिल्ली की 16 जुलाई 2004 की समय पूर्व रिहाई नीति के मुताबिक समय पूर्व रिहाई दिए जाने की मांग की है। उम्रकैदियों के वकील ऋषि मल्होत्रा ने समय पूर्व रिहाई की मांग करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता 14 से लेकर 20 वर्ष का कारावास भुगत -शेष पृष्ठ दो पर

CLASSIFIED

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

MURTI AVAILABLE

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

नाम में संशोधन

मेरे वास्तविक और सही नाम **अमेला सैकिया** है, किंतु बैंक एकाउंट में अमेला सैकिया अहमद है। अमेला सैकिया और अमेला सैकिया अहमद एक ही व्यक्ति है। मेरा पता C/o- Meer Shah Alom Ahmed, Vill.- Bhalukabari, P.O. Bhauribhitha, P.S. - Chhaygaon, Dist. - Kamrup, Pin - 781136 है।

नाम परिवर्तन

मेरा नाम अबुल काशेम अहमद है। मैं अबुल काशेम से अबुल काशेम अहमद हुआ हूं। मेरा पता– C/o- Meer Shah Alom Ahmed, Vill.- Bhalukabari, P.O. Bhauribhitha, P.S. - Chhaygaon, Dist. - Kamrup, Pin - 781136 है।

नाम परिवर्तन

मेरा नाम **सूफिया खातून** है। मैं सूफिया अहमद से सूफिया खातून हुई हूं। मेरा पता– C/o- Meer Shah Alom Ahmed, Vill.- Bhalukabari, P.O. Bhauribhitha, P.S. - Chhaygaon, Dist. - Kamrup, Pin - 781136 है।


# पीएम ने वैश्विक स्तर पर मेक इन इंडिया की प्रगति पर जताई प्रसन्नता



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वैश्विक स्तर पर *मेक इन इंडिया* पहल की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए प्रसन्नता जताई। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने मोजाम्बिक दौरे के दौरान मोजाम्बिक के परिवहन मंत्री मातेउस मगाला के साथ मापुटो से माचावा तक मेड इन इंडिया ट्रेन में सफर करने वाला वीडियो साझा किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने जयशंकर के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए कहा कि इससे हर भारतीय खुश होगा! मेक इन इंडिया लगातार वैश्विक स्तर पर प्रगति कर रहा है। जयशंकर ने हाल ही में मोजाम्बिक का तीन दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मोजाम्बिक के परिवहन मंत्री मातेउस मगाला के साथ मापुटो से माचावा तक मेड इन इंडिया ट्रेन में सफर किया। जिसकी एक वीडियो और एक तस्वीर अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को विदर्भ क्षेत्र के लिए उद्घाटन किए गए 6 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) की सराहना की है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के एक ट्वीट को रिट्वीट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि कि विदर्भ क्षेत्र में कनेक्टिविटी के लिए बढ़िया। इसके अलावा उन्होंने मुंबई के ताजमहल पैलेस में आयोजित एससीओ मिलेट खाद्य महोत्सव की भी सराहना की थी। स्थानीय सांसद मनोज कोटक ने ताजमहल पैलेस में आयोजित एससीओ मिलेट खाद्य महोत्सव में जलगांव के ज्वार, नागपुर के मिलेट, औरंगाबाद की रागी को खाद्य सामग्री के रूप में शामिल किए जाने के बारे में जानकारी दी थी। मनोट कोटक के ट्वीट पर प्रधानमंत्री मोदी ने मुंबई के ताजमहल पैलेस में आयोजित एससीओ मिलेट खाद्य महोत्सव की सराहना की। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने काशी विश्वनाथ और बिहू समारोह को लेकर लोगों के ट्वीट का भी जवाब दिया। दरअसल, एक व्यक्ति प्रधानमंत्री मोदी के एक ट्वीट का जवाब देते हुए अपने परिजनों के साथ की एक तस्वीर शेयर किया। जिस पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक शानदार कमेंट किया था। उन्होंने कहा था, बहुत सुंदर!

# असम में प्रधानमंत्री ने किया कई परियोजनाओं का शुभारंभ



**गुवाहाटी।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुवाहाटी की एक दिवसीय यात्रा के दौरान असम में 14,300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया, जिसमें उन्होंने चार बैक-टू-बैक कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रमों में एम्स गुवाहाटी का उद्घाटन, गुवाहाटी उच्च न्यायालय की प्लेटिनम जुबली का समापन समारोह, वशिष्ठ चराली से सुरसजाई स्टेडियम तक 5 किमी. का रोड शो और स्टेडियम में एक मेगा बिहू नृत्य प्रदर्शन शामिल था। मोदी की यात्रा असमिया नव वर्ष की शुरुआत करने वाले त्योहार बिहू के पहले दिन हुई। गुवाहाटी में मोदी का दिन एम्स के औपचारिक उद्घाटन के साथ शुरू हुआ, जो पूर्वोत्तर में पहला है। उद्घाटन समारोह में, मोदी ने असम में एम्स और तीन अन्य मेडिकल कॉलेजों (नलबाड़ी, नगांव और कोकराझाड़) को राष्ट्र को समर्पित किया, आईआईटी गुवाहाटी में स्थापित किए जा रहे असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट (एएएचआईआई) की आधारशिला रखी और लाभार्थियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) कार्ड वितरित करके *आपके द्वार आयुष्मान* अभियान लॉन्च किया। मोदी ने कहा कि हम पूर्वोत्तर के विकास के माध्यम से भारत के विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं। एम्स गुवाहाटी भी इस बात का उदाहरण है कि हमारी सरकार अपने सभी संकल्पों को पूरा करती है। पार्टी का नाम लिए बिना कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि विकास तब असंभव हो जाता है जब वंशवाद, क्षेत्रवाद, भ्रष्टाचार और अस्थिरता की राजनीति हावी होने लगती है। आजकल मुझे एक नई बीमारी दिखाई दे रही है। मैं देश में जहां भी जाता हूं और पिछले नौ साल के विकास की बात करता हूं, कुछ लोगों को परेशानी होती है। यह एक नई बीमारी है। वे शिकायत करते हैं कि उन्होंने भी कई दशकों तक शासन किया है लेकिन उन्हें इसका श्रेय क्यों नहीं मिलता? क्रेडिट के भूखे लोगों और शासन करने की मानसिकता ने देश को बहुत नुकसान पहुंचाया है। जनता (लोग) भगवान के अवतार हैं।

## नारंगी में फहराया गया 75 फुट ऊंचा तिरंगा



**गुवाहाटी।** असम की राजधानी गुवाहाटी में नारंगी मिलिट्री स्टेशन पर शनिवार को 75 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल आर पी कलिता ने तिरंगा फहराया। राष्ट्रीय ध्वज को एक एनजीओ, फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सौजन्य से नारंगी मिलिट्री स्टेशन के सैनिक पार्क में फहराया गया। जनरल कलिता ने 51 सब एरिया की टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज जवानों को अधिक उत्साहित करने के साथ ही अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सीईओ रिटायर मेजर जनरल आशिम कोहली के अलावा सेना के जवानों और उनके परिवारों, एनसीसी कैडेटों समेत कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गोरोईमारी में भूमि विवाद से हिंसक झड़प

**गुवाहाटी।** असम के गोरोईमारी में रविवार सुबह दो पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हिंसक झड़प दो पक्षों के बीच लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवाद का नतीजा थी। विवाद का सटीक विवरण स्पष्ट नहीं है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि दोनों पक्ष विचाराधीन भूमि के स्वामित्व का दावा कर रहे थे, और शांतिपूर्ण तरीकों से मामले को सुलझाने के प्रयास विफल हो गए थे। संघर्ष के दिन विवाद बढ़ गया, दोनों पक्षों ने अपने दावों पर जोर देने के लिए हिंसक साधनों का सहारा लिया। इस घटना में अंतज अली और रहीम अली के रूप में पहचाने गए दो पीड़ितों सहित कई लोग घायल हो गए। अन्य घायलों की पहचान जियारुल हक, नजरूल हक, हनीफ, लालभानु नेसा और नजीरा बेगम के रूप में हुई है। इन सभी को तुरंत इलाज के लिए गोरोईमारी अस्पताल ले जाया गया। जबकि कुछ का इलाज किया गया और उन्हें छुट्टी दे दी गई, नजीरा बेगम की हालत गंभीर बनी हुई है। अधिकारियों ने हिंसा की निंदा की है और इसमें शामिल दोनों पक्षों से शांति और संयम बरतने का आह्वान किया है। यह इस क्षेत्र में पहली बार नहीं हुआ है, क्योंकि भूमि विवाद असम में एक महत्वपूर्ण समस्या बनी हुई है। इससे पहले एक अप्रैल को असम के कार्बी आंग्लांग जिले में जमीन संबंधी विवाद में एक महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। सूत्रों के मुताबिक, घटना जिले के डोकमोका इलाके की है जहां जया रोंगपी नाम की महिला की उसके रिश्तेदारों ने धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी बाबू रोंगहांग ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। इससे पहले 31 मार्च को असम लेडो में तिकाक कोलियरी के पास अज्ञात बदमाशों ने एक बुजुर्ग की हत्या कर दी थी।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **दशम अध्याय**

**( गृहस्थ संत )**

**फिर मेरा यह देश है, मैं जनपत के माहिं।**
**धन सम्पति मय राष्ट्र की, है हमार हम माहिं॥ 35॥**

**शब्दार्थ :** (देश) राष्ट्र (जनपद) देश वा स्थान।

**भाष्य :** इसके बाद यह मेरा देश है और मैं सि देश का हूं। राष्ट्र की समस्त धन-संपति हमारी है और मैं अपने इस राष्ट्र का हूं।

**प्रभु सेयह मुझको मिला, राष्ट्र से पालन होय।**
**कर्म भोग प्रभु ने दिया, हरत महा दुख होय॥ 36॥**

**शब्दार्थ :** (पालन) रक्षा (राष्ट्र) देश (हरत) छीनता (महादुख) महान कष्ट।

**भाष्य :** प्रभु द्वारा राष्ट्र की धन-संपति मुझे मिली है और राष्ट्र द्वारा मेरा पालन हो रहा है। राष्ट्र का कर्म-भोग प्रभु ने दिया है, सिको हरण करने से महान दुःख होता है। जिस राष्ट्र की धन-संपति है, उसी राष्ट्र के प्राणी उसके भोग करने वाले हैं।

## पिता ने काटा अपना गुप्तांग

**बाक्सा (हिंस)।** बाक्सा जिला के उलुबाड़ी शांतिपुर इलाके में दो बच्चों के पिता द्वारा अपने गुप्तांग को काटे जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आज तड़के उलुबाड़ी शांतिपुर निवासी राजेश दास (35) नामक व्यक्ति ने अपने गुप्तांग को काट लिया। खून से लथपथ घायल अवस्था में स्थानीय लोगों द्वारा देखे जाने के बाद उसे इलाज के लिए गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। राजेश दास की पत्नी डेढ़ साल पहले एक अन्य पुरुष के साथ प्यार कर शादी कर लिया था। जिसके बाद से राजेश मानसिक रूप से तनाव में था। इसी बीच उसने आज अपने गुप्तांग को काट लिया। यह घटना पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## डिवाइडर से टकराई कार, एक की मौत

**मोरीगांव (हिंस)।** मोरीगांव जिला के जागीरोड इलाके में तेज रफ्तार कार के डिवाइडर से टकरा जाने की वजह से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को बताया कि नगांव से गुवाहाटी की ओर जा रही स्विफ्ट कार डिवाइडर से टकरा गई। जिसकी वजह से कार में सवार देवराज बरठाकुर (33) की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गुवाहाटी के हातीगांव थाना क्षेत्र के लक्ष्मी नगर के रहने वाले बताये गये हैं। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उन्नत चिकित्सा के लिए गुवाहाटी भेजा गया है।

## धुबड़ी में अवैध लकड़ी मील सील

**धुबड़ी (हिंस)।** धुबड़ी जिला के बिलासीपारा के गिराईर गांव में वन विभाग की टीम ने अभियान चलाकर एक अवैध लकड़ी मिल का भंडाफोड़ किया। वन विभाग ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर बिलासीपारा के गिराई गांव में चलाए गए अभियान के दौरान भारी मात्रा में शागौन की लकड़ी के अलावा लकड़ी चीरने वाली मशीन को जब्त किया गया।

# पृष्ठ एक का शेष

### अतीक और अशरफ ...

अतीक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अतीक अहमद पर सौ से अधिक मुकदमे चल रहे हैं। अतीक अहमद पर 101 मुकदमे दर्ज थे जबकि 65 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। मौके से दो पिस्टल और छह खोखे बरामद किए गए हैं। दोनों को कॉल्विन अस्पताल ले जाया गया था। इसी दौरान घटना को अंजाम दिया गया। दोनों के सिर में गोली मारी गई और मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। शवों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है। बताया जा रहा है एक बाइक पर सवार होकर तीन मीडिया कर्मी मौके पर पहुंचे और गोली मारकर भाग निकले। दोनों की मौके पर मौत हो गई। बाइक सवारों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। घटना को अंजाम देकर भाग निकले। वारदात में एक सिपाही भी घायल हो गया है। घटना से पूरे शहर में कोहराम मच गया है। दोनो को मेडिकल चेकअप के लिए कॉल्विन ले जाया गया था। इसी दौरान वारदात हुई।

### कसारी-मसारी कब्रिस्तान...

और उसके भाई अशरफ के शवों का पोस्टमार्टम किया गया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार अतीक को आठ और अशरफ को पांच गोलियां लगी थीं। गौरतलब है कि माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई जब दोनों भाइयों को प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में मेडिकल स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पुलिस लेकर जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में तीन हमलावरों को तत्काल मौके पर ही दबोच लिया था। पुलिस ने इस हाई प्रोफाइल दोहरे हत्या के मामले में पकड़े गए तीनों आरोपितों के नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ प्रयागराज के शाहगंज में एफआईआर दर्ज किया है। रविवार को दोपहर बाद तीनों आरोपितों लवलेश तिवारी, अरुण कुमार मौर्य और शनि को जिला कोर्ट में पेश किया। अदालत ने तीनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया है।

### अतीक को आठ...

हमलावरों ने पुलिस कस्टडी के दौरान माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हमलावरों ने गोली बहुत ही पास से मारी थी। पहली गोली अतीक के सीधे कनपटी में लगी थी। इसके बाद वह जमीन पर गिर गया। पत्रकार बनकर आए तीनों हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करके अतीक और अशरफ को मौत के घाट उतार दिया। अतीक और अशरफ की हत्या किए जाने के बाद तीनों हमलावरों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस ने देर रात ही तीनों हमलावरों से पूछताछ की। तीनों हमलावरों की पहचान लवलेश तिवार, सनी, और अरुण मौर्य में हुई है। कई दौर की पूछताछ के बाद पुलिस तीनों हमलावरों को अब प्रयागराज की नैनी जेल भेज रही है। तीनों हमलावरों की प्रयागराज जिला कोर्ट में पेशी हुई। अदालत ने तीनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### पत्रकारों के लिए ...

जिले की सीमा को सील कर दिया गया है। वहीं मौके पर पुलिस के साथ आरएएफ को भी बुला लिया गया है। इस घटना के कुछ देर पहले ही उमेश पाल हत्याकांड के विवेचक और प्रभारी निरीक्षक धूमनगंज राजेश कुमार मौर्या अतीक और उसके भाई अशरफ को कसारी मसारी मुहल्ले मे ले गए थे, जहां अतीक ने नाटे तिराहे के पास झाड़ियों के बीच बने खंडहरनुमा मकान में छिपाकर रखे गए असलहा और कारतूस बरामद कराया। बरामद कारतूसों में से पांच कारतूस पर पाकिस्तान आर्डिनेंस फैक्ट्री (पीओएफ) लिखा हुआ था। अतीक ने यह भी बताया था कि उसके कहने पर ही गुर्गों ने असलहा और कारतूस को छिपाया था। उसने करीब 10 लाख रुपए में कोल्ड पिस्टल खरीदी थी। पुलिस ने घटना स्थल से कोल्ड पिस्टल का खोखा भी बरामद किया है। अब इस खोखे का बरामद पिस्टल से मिलान करवाया जाएगा। यहां से रात साढ़े 10 बजे अतीक और अशरफ को मेडिकल टेस्ट के लिए काल्विन अस्पताल ले जाया जा रहा था, उसी दौरान तीन युवकों ने अतीक की कनपटी पर सटाकर गोली मार दी। अशरफ पर भी कई राउंड फायरिंग की गई। पुलिस ने तीनों हमलावरों को पकड़ लिया है। करीब 10 राउंड हुई फायरिंग में एक सिपाही भी घायल हो गया है। शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस और आरएएफ के जवान तैनात किए गए हैं। इससे पहले दिन में अतीक अहमद का पाकिस्तान और आतंकी संगठन से कनेक्शन सामने आने पर एटीएस के बाद एनआईए की टीम ने उससे लंबी पूछताछ की थी। धूमनगंज थाने में आतंकी संगठन और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े सवाल उससे किए गए। उसने एनआईए को कुछ जानकारी दी थी। हालांकि, अतीक ने जांच एजेंसी को क्या बताया है, यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

### 17 पुलिसकर्मी ...

प्रयागराज संवाददाता से मिली जानकारी के अनुसार पूरे जिले में धारा 144 लागू करके जिले की सीमायें सील कर दी गई हैं। इधर राज्य मुख्यालय लखनऊ से पुलिस महानिदेशक आरके विश्वकर्मा और स्पेशल पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था एवं अपराध प्रशांत कुमार को पूरे घटनाक्रम की गहनता से मॉनीटरिंग करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया है। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी निर्देश दिया है कि तत्काल तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया जाए, जो पूरे मामले की जांच करेगा। गौरतलब है कि माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई जब दोनों भाइयों को प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में मेडिकल स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पुलिस लेकर जा रही थी। दरअसल उमेश पाल की हत्याकांड में अतीक और अशरफ को प्रयागराज पुलिस ने न्यायालय से पांच दिन की पुलिस रिमांड पर लिया था। आज दिन भर पूछताछ के बाद रात में पुलिस जब अतीक और अशरफ का स्वास्थ्य परीक्षण कराने अस्पताल लेकर गई तो वहीं तीन लोगों ने गोली मारकर दोनों भाइयों की हत्या कर दी। पुलिस ने हमलावरों को तत्काल मौके पर ही दबोच लिया है।

### यूपी में कानून नहीं ...

गई-यह कानून के शासन की मौत है। मोइत्रा ने यह भी कहा कि उनका मानना है कि जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के साक्षात्कार के नतीजों से *ध्यान हटाने* के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने यह गोलीबारी कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार किसी भी हद तक जा सकती है। गौरतलब है कि अतीक अहमद और अशरफ अहमद की शनिवार रात तीन हमलावरों ने उस समय गोली मारकर हत्या कर दी थी, जब पुलिस दोनों को चिकित्सा जांच के लिए मेडिकल कॉलेज ले जा रही थी। पत्रकारों की भेष में आए तीन हमलावरों ने अतीक और उसके भाई को उस समय बहुत करीब से गोली मार दी, जब वे मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रह थे, जबकि उनके आसपास पुलिस कर्मियों का पहरा था।

### नंदिनी गुप्ता फेमिना ...

बनीं और मणिपुर की थौनाओजम स्ट्रेला लुवांग सेकेंड रनर-अप रहीं। ब्यूटी पेजेंट में देशभर की लड़कियों ने हिस्सा लिया था लेकिन नंदिनी ने सबको पछाड़ते हुए *खूबसूरती का ताज* अपने नाम कर लिया। महज 19 साल की उम्र में मिस इंडिया बनकर नंदिनी अब कई लड़कियों के लिए इंस्पिरेशन बन गई है। नंदिनी अब मिस वर्ल्ड के अगले सीजन में देश को रिप्रेजेंट करेंगी। नंदिनी गुप्ता राजस्थान के कोटा शहर की रहने वाली हैं और बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई की है।

### बेलतला में गेट ...

शव लटका पाया। उन्होंने तुरंत मामले की जांच शुरू की। हत्या के पीछे के मकसद का अभी पता नहीं चल पाया है, और पुलिस ने जनता से किसी भी जानकारी के लिए अपील की है जो जांच में मदद कर सके। इस घटना ने सौरभ नगर के निवासियों को सदमे और अविश्वास की स्थिति में छोड़ दिया है। पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह दोषियों को न्याय दिलाने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ कर रही है। इस बीच, पीड़ित का परिवार त्रासदी से जूझ रहा है और उसने अधिकारियों से न्याय सुनिश्चित करने की अपील की है। इससे पहले 2 अप्रैल को असम के एक युवक की मेघालय की एक कोयला खदान में रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक असम के लंका का रहने वाला था और पड़ोसी राज्य मेघालय में एक कोयला खदान में मजदूर के रूप में कार्यरत था। मृतक की पहचान असम के होजई जिले के लंका के काकी निवासी इब्राहिम अली के रूप में हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोयला खदान में काम करने के दौरान 100 फीट की ऊंचाई से गिरकर उनकी मौत हो गई। हालांकि, उसके शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं थे, सिवाय उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से वार करने के, जिससे और संदेह पैदा हुआ। पीड़िता के परिवार द्वारा मामले के संबंध में लंका के काकी पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज की गई थी।

### कोरोना : 10,093 नए...

गई है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, देश में संक्रमण का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या कुल मामलों का 0.13 प्रतिशत है। वहीं, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.68 फीसदी है। मंत्रालय के मुताबिक, भारत में अब तक कुल 4,42,29,459 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं, जबकि कोविड-19 से मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, भारत में राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड-19 रोधी टीकों की 220.66 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं।

### भारत धर्म के मार्ग ...

के दौरान यहां आयोजित धर्म संस्कृति सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में अलग-अलग भाषा, संप्रदाय और धर्म के लोग रहते हैं। अलग-अलग होने के बावजूद हम जानते हैं कि पूरी सृष्टि एक है। इसलिए हम हिंदू हैं। हमें परस्पर एक-दूसरे का सम्मान करते हुए सबको साथ लेकर चलना है। शाश्वत धर्म का पालन करने से सारी सृष्टि सुखी रहेगी। डॉ. भागवत ने कहा कि संत और मुनियों की बातों का अनुसरण करें। सनातन काल से वे हमें अच्छाई का मार्ग दिखाते आए हैं। सृष्टि के कल्याण का बोझ हम सबको मिलकर उठाना होगा। उन्होंने सत्य को भी प्रिय भाषा में बोलने और छह बुराइयों काम, क्रोध, मोह, लोभ, दंभ व सत्सर से दूर रहने की बात कही है। धर्म संस्कृति सभा का आयोजन महाराष्ट्र के अमरावती में स्थित नाथ पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी जितेंद्र नाथ ने किया था। धर्म संस्कृति सभा में स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती, महामंडलेश्वर हरिहरानंद महाराज, काशी के स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती, शिवाजी महाराज के वंशज राजे मुधोजी भोंसले भी मौजूद रहे। सभा से पहले सरसंघचालक ताप्ती तट स्थित नाथ मंदिर पहुंचे। यहां स्वामी गोविंदनाथ महाराज की समाधि पर पुष्प अर्पित किए और श्रीराम दरबार के दर्शन किए। यहां उन्होंने गोविंदनाथ महाराज के समाधि स्थल के जीर्णोद्धार कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे यहां विविधता है, लेकिन हम सबका एक नाम दुनिया जानती है, हम हिंदू हैं। डॉ. भागवत ने कहा कि बहुत से राष्ट्र दुनिया में आए और चले गए। भारत तब भी था आज भी है और कल भी रहेगा क्योंकि यहां धर्म का काम सबल बनाते रहना है, यह वही करने का समय है। हमें देश में भारतीय मतों को मानने वाले लोगों में जो विचलन आ गया है, उन्हें धर्म की जड़ों में स्थापित करना है। यही सत्य कार्य है। धर्म में जाग्रत करना ईश्वरीय कार्य है। हम सब मिलकर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हम बाहर की परिस्थिति का विचार करते हैं तो बौखला जाते हैं। बौखलाने की जरूरत नहीं है। हम सब जितने सक्रिय होंगे, सब उतना जल्दी ठीक होगा। हमारे पास सत्य, करूणा, सुचिता, तपस है। हमें अपनों को जागृत करना है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कह दिया है कि लोभ, लालच, जबरदस्ती से मतांतरण ठीक नहीं है। जैसे-जैसे देश खड़ा हो रहा है, वैसे-वैसे जो नुकसान हुआ है, वह पूरा होने के आसार दिख रहे हैं। धर्म देने वाला भारत है। लोगों को धर्म, संस्कृति, नीति से जोड़ना है। सौ साल की अवधि में सबकुछ बदल देने वाले लोग यहां आए, लेकिन जो सैकड़ों साल से काम कर रहे हैं उनके हाथों में कुछ नहीं लग रहा है। सरसंघचालक ने कहा कि समाज को ज्ञान रहे तो वह छल कपट को पहचान सकेगा। इसलिए उसमें आस्था पक्की करना चाहिए। हमारे व्यक्ति को रामायण तो पता है लेकिन उसका भाव नहीं पता। उसे तैयार करना पड़ेगा ताकि सवाल पूछने वाले को सही जवाब दे सके। उसका यह कच्चापन हमें दुख देता है। हमारे पूर्वजों ने हमारी जड़ें पक्की की, उसे उखाड़ने का आज तक प्रयास होता रहा। हमारे लोग नहीं बदलते। जब उनका विश्वास उठ जाता है कि हमारा समाज हमारे साथ नहीं तब ऐसा होता है। उन्होंने कहा कि मप्र में 150 साल पहले पूरा का पूरा गांव ईसाई बना था। बाद में पूरा गांव वापस आ गया। हजारों मील दूर से मिशनरी आकर उनका खाता-पीता है और उसे ही बदलता है। बहुत शीघ्र धर्म के मूल्यों के आधार पर दुनिया चलने वाली है और सबसे पहले भारत चलेगा। 20-30 साल में यह परिवर्तन हम सभी के प्रयासों से देखने को मिलेंगे।

### मोदी विश्व के ...

*भारत* को देखा था। उनके होली खेलने के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थीं जो अमेरिका और भारत के मजबूत संबंधों को दिखा रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल ही में मैं भारत गई थी। मैं एक दिन पहले गई थी ताकि मैं होली खेल पाऊं। रक्षा मंत्री ने अपने परिवार के साथ बहुत प्यार से मेरा स्वागत किया था। रायमोंडो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी मुलाकात को याद किया और उन्हें दूरदर्शी बताया। उन्होंने पीएम मोदी की तीरोफों के पुल बांधते हुए कहा कि मुझे पीएम मोदी के साथ डेढ़ घंटे बिताने का एक अद्भुत अवसर मिला। वह सबसे लोकप्रिय वैश्विक नेता हैं। वह अविश्वसनीय हैं, वह दूरदर्शी हैं और भारत के लोगों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का स्तर अवर्णनीय है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी लोगों को गरीबी से बाहर निकालना और वैश्विक शक्ति के रूप में आगे बढ़ना चाहते हैं और ऐसा हो रहा है।

### 13 उम्रकैदियों की...

चुके हैं और दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा मंजूर 16 जुलाई, 2004 की समय पूर्व रिहाई नीति के मुताबिक रिहाई की पात्रता रखते है, लेकिन उनकी समय पूर्व रिहाई अर्जी पर विचार नहीं हो रहा और वे लगातार जेल भुगत रहे हैं। मल्होत्रा ने कहा कि दिल्ली में सेंटेंस रिव्यू बोर्ड (एसआरबी) मामले को जघन्य कह कर समय पूर्व रिहाई की अर्जी खारिज कर देता है, लेकिन हत्या का तो हर मामला ही जघन्य कहा जाएगा। कुछ मामलों में तो बोर्ड ने अर्जी पर विचार ही नहीं किया है। कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद याचिका पर दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। इसके बाद मल्होत्रा ने कहा कि याचिकाकर्ता कोरोना के दौरान कोर्ट के आदेश पर जमानत और पैरोल पर बाहर आ गए थे। अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की एक अन्य पीठ ने उस दौरान जमानत या पैरोल पर बाहर आए सभी कैदियों को समर्पण कर वापस जेल जाने का आदेश दिया है, ऐसे में कोर्ट उन याचिकाकर्ताओं को समर्पण करने से अंतरिम राहत दे दे जिन्होंने अभी तक समर्पण नहीं किया है और जिन्होंने समर्पण कर दिया है उन्हें अंतरिम जमानत दे दी जाए। पीठ ने अभी तक समर्पण न करने वाले याचिकाकर्ताओं को फिलहाल समर्पण से छूट दे दी है। पीठ ने समर्पण कर चुके याचिकाकर्ताओं के लिए कहा कि वे पहले अंतरिम जमानत अर्जी दाखिल करें तब उस पर विचार होगा। मुख्य मामले में छह सप्ताह बाद सुनवाई होगी।

### केजरीवाल को ...

सलाह दी थी। एक दिन भी ऐसा नहीं बीता कि मैंने उन्हें शुद्ध आचरण करने की सलाह न दी हो। हजारे ने कहा कि इन लोगों ने अपना रास्ता बदल दिया है। सेंट्रल इंवेस्टिगेशन ब्यूरो (सीबीआई) दिल्ली सरकार के शराब घोटाले की जांच कर रही है। इस मामले में अगर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें सजा मिलनी चाहिए। अन्ना हजारे ने कहा कि मैं पहले ही केजरीवाल को पत्र लिख दिया था। केजरीवाल को शराब के मुद्दे को छोड़ने के लिए कहा था। शराब ने कभी किसी का भला नहीं किया। धन के लिए कुछ भी करना अनुचित है। हजारे ने यह भी सलाह दी है कि अच्छी चीजों के बारे में सोचना चाहिए।

### आरएसएस ने 45 ...

व्यवस्था का हवाला देते हुए अनुमति नहीं दी थी। शीर्ष अदालत ने 11 अप्रैल को राज्य की तीन याचिकाओं को खारिज कर दिया था। इसके साथ अदालत ने अपने आदेश में आरएसएस को राज्य के कई इलाकों में कुछ शर्तों के साथ मार्च निकालने पर अपनी सहमति दे दी। पिछले 27 मार्च को सुनवाई के बाद मद्रास हाईकोर्ट के आदेश पर शीर्ष अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# पाइकान : बस से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, एक गिरफ्तार



**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** ग्वालपाड़ा जिला के कृष्णाई के पाईकान इलाके में पुलिस ने अभियान चलाकर एक बस से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद किया है। इस मामले में एक व्यक्ति को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया है कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान बस (एएस-25एसी-5475) से 1162 जिलेटिन की छड़ें एवं 998 डेटोनेटर बरामद किया गया है। जब्त किए गए विस्फोटक सामग्री को मेघालय के खासी हिल्स के लाटरुमबाई से ग्वालपाड़ा होते हुए दक्षिण शालमारा- मानकचार जिला के मनकाचार ले जाया जा रहा था। इस मामले में अब्दुल मालिक (39) नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी से सघन पूछताछ कर रही है। हालांकि, यह पता नहीं चल सका है कि इतनी भारी मात्रा में विस्फोटक को किस वजह से लाया गया था। सूत्रों ने आशंका जतायी है कि विस्फोटकों का उपयोग संभवत: खदान में पत्थर तोड़ने के लिए लाया गया होगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## मायुमं की गुवाहाटी शाखाओं ने बिहू मनाया

**गुवाहाटी ( विभास )।** गुवाहाटी स्थित वशिष्ठ देवालय में गुवाहटी के सभी मारवाड़ी युवा मंच के शाखाओं ने वशिष्ठ आश्रम की स्थानीय समिति एवं सदस्यों के साथ मिलकर गोरू बिहू का पारंपरिक रूप से आयोजन किया। असमिया परंपरा के अनुसार सबसे पहले धूप-दीप जलाकर पूजा की और उसके बाद गौ माता को हल्दी एवं दाल की पिट्ठी लगा कर स्वच्छ जल से स्नान करवा गया व चुनरी ओढ़ाई गई तथा हरी सब्जियां खिलाई गई। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष पंकज जालान, मंडलीय उपाध्यक्ष मितेश सुराणा, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रितेश खटेड़, गुवाहाटी की सभी शाखाओं के पदाधिकारीगण, सदस्य, उनके परिवार एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। साथ ही एक सामूहिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमे मंच सदस्यों के बच्चों और स्थानीय युवाओ द्वारा बिहू नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। प्रांतीय अध्यक्ष पंकज जालान ने पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा केंद्रीय रूप से आयोजित होने वाले लुइतपोरिया बिहू सम्मेलन में सभी को आमंत्रित किया।

# नव्या लेडीज क्लब ने कारागार में महिला कैदियों के साथ मनाया बिहू



**गुवाहाटी ( विभास )।** नव्या लेडीज क्लब ने मानवता की ओर एक नया कदम उठाते हुए नारी सशक्तिकरण की और एक नया रुझान किया। क्लब की सदस्याओ ने लोखरा सेंट्रल जेल में महिला कैदियों के बीच में बिहू मनाते हुए महिलाओं के अंदर छिपी हुई कला को दिखाने का मौका दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साहित्यकार मनीकुंतला ने अपने शब्दों के द्वारा महिला कैदियों को समझाया। नव्या लेडीज क्लब की उपाध्यक्ष निवा सराफ ने बताया कि आज के इस कार्यक्रम में सेंट्रल जेल के जेलर कल्याण चौधरी और परिणिता बोरा ने पूरा सहयोग दिया। बहुत ही सुंदर ढंग से उन्होंने सारे सारे कार्यक्रम की व्यवस्था कराई। चेयरपर्सन लता चोखानी ने बताया कि नव्या लेडीज क्लब ने महिला कैदियों के बीच में खाने पीने का सामान देकर उनकी योग्यता के अनुसार उनको कुछ उपहार दिए। नव्या लेडीज क्लब की सचिव कविता शर्मा ने सबको धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम संयोजिका राजवीर सुराणा, नीलम झुनझुनवाला को धन्यवाद दिया। पूजा अग्रवाल, संगीता बाजोरिया, सुमी अग्रवाल, रश्मि पटवारी ने सबको धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# नखराली बाईसा फाउंडेशन का रंगाली बिहू आयोजित



**गुवाहटी ( विभास )।** असम और राजस्थान की संस्कृति को मारवाड़ी समाज की महिलाओं में बढ़ावा देने के उद्देश्य से गठित नखराली बाईसा फाउंडेशन ने फैंसी बाजार स्थित साधना मंदिर में रंगाली बिहू का आयोजन किया। जिसमें मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने पारंपरिक असमिया मेखेला चादर पहनके बिहू नृत्य प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य की प्रथम महिला अनीता कटारिया ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ 16 नंबर वार्ड के पार्षद प्रमोद स्वामी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अनीता कटारिया मारवाड़ी समाज की महिलाओं द्वारा असमिया संस्कृति व जातीय पर्व बिहू की प्रस्तुति को देखकर काफी अभिभूत होकर महिलाओं की प्रशंसा की। बिहू नृत्य प्रदर्शन करने वाली सर्वश्रेष्ठ महिला को प्रथम व द्वितीय पुरस्कार से भी पुरस्कृत किया गया। इससे पहले प्रथम दिवस में बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें 50 से भी अधिक बच्चों ने असमिया संस्कृति से संबंधित चित्रों का चित्रांकन किया। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को भी इस अवसर पर पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में महिलाओं को उत्साहित करने के लिए समाजसेवी पीतराम केड़िया का भी सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में नखराली बाईसा फाउंडेशन की संस्थापक सदस्य खुशबू वर्मा, संतोष काबरा के अलावा कार्यक्रम संयोजिका संतोष चरखा, बीना जैन, सरला बजाज और दीपिका अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

# मालीगांव में चाकू से गोद युवक की हत्या के मामले में मुख्यारोपी गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के मालीगांव इलाके में एक युवक की बीती रात चाकू से गोदकर हत्या किए जाने के मामले में हत्या के मुख्य आरोपी रबि अली को पुलिस ने आज धुबड़ी जिला के गोलगंज इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया है कि कि बीती रात मालीगांव स्टेडियम में बिहू के सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान ही रबि अली ने अपने साथियों के साथ रोहित कुमार गामी नामक युवक पर धारदार चाकू से हमला कर दिया जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद रबि अली रात में ही बस के जरिए धुबड़ी जिला के गौरीपुर की ओर फरार हो गया। वहां से टैंपो के जरिए पश्चिम बंगाल भागने की कोशिश के दौरान गोलकगंज पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि रबि अली मूल रूप से गुवहाटी का रहने वाला है। गोलकगंज के नांदिनापारा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 17 पर गोलकगंज थाना के ओसी प्रणव कुमार डेका के नेतृत्व में पुलिस टीम हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि मालीगांव स्थित रेलवे के स्टेडियम में आयोजित बिहू के सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान युवकों के एक दल ने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में रोहित कुमार गामी की मौत हो गई। ज्ञात हो कि युवाओं के दल से रोहित कुमार गामी का झगड़ा हो गया। अली ने धारदार चाकू से गामी पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

# दस मवेशियों समेत पशु तस्कर गिरफ्तार

**धुबड़ी ( हिंस )।** धुबड़ी जिला के बिलासीपाड़ा इलाके से पुलिस ने 10 मवेशियों को जब्त किया है। इस संबंध में एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान जिला के सुआपाता द्वितीय खंड गांव से 10 मवेशियों को बरामद करने के साथ ही एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान सुल्तान अली मंडल के रूप में की गई है। गिरफ्तार मवेशी तस्कर जब्त किए गए मवेशियों को ब्रह्मपुत्र नदी के रास्ते बांग्लादेश बेचने की फिराक में था। गिरफ्तार आरोपी पुलिस की आंख में धूल झोंक कर पशु तस्करी का गोरखधंधा काफी लंबे समय से चला रहा था। घटना के संबंध में सालकोसा पुलिस एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## आठ मवेशी समेत गिरफ्तार दो तस्कर पहुंचे जेल

**कामरूप ( हिंस )।** कामरूप (ग्रामीण) जिला के सोनतली पुलिस ने आठ मवेशियों समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान पशु तस्करी में शामिल गोरैमारी लारुवाजान गांव के बिल्लाल हुसैन और अमिनुल हक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों के पास से आठ मवेशियों को जब्त किया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी बरपेटा जिला के दक्षिणी इलाके के कासूमारा आंगाभांगा सप्ताहिक बाजार से मवेशियों को खरीद कर जा रहे रहे थे। इसी दौरान दोनों को गिरफ्तार किया गया।

# होजाई : दो दिवसीय रंगाली बिहू समारोह का शुभारंभ




**होजाई ( होसं )।** हमारी संस्कृति व परंपरा हमें बुजुर्गों का सम्मान करना सिखाती है। उक्त बातें आज होजाई के अंकुर संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय रंगाली बिहू के कार्यक्रम के दौरान नई पीढ़ी द्वारा अपने बुजुर्गों के सम्मान समारोह में अंकुर संघ के सचिव अनूप कुमार बरठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि हम सबों का यह कर्तव्य है कि नई पीढ़ी को अपने बुजुर्गों का सम्मान एवं हमारी संस्कृति से अवगत करवाना। इसे नई पीढ़ी को बुजुर्गों के प्रति सम्मान देने की भावना बनी रहेगी। इसी कड़ी में आज बसंती बरुवा, अकबर अली, कल्पना देवी गोस्वामी, चारु बरकटकी, बीना बरकटकी, तारिणी बरकटकी, वीरेंद्र बरकटकी व प्रभाव सेकिया का सम्मान करते हुए फूलाम गमछा, चद्दर एवं मानपत्र भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया गया। उस वक्त का दृश्य देखते ही बनता था। उपस्थित सभी ने युवाक-युवतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ अंकुर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विपुल चंद्र शर्मा ने संघ का ध्वज, विशिष्ट शिक्षा विद माधी राम सेकिया ने बिहू का ध्वज, होजाई साहित्य सभा के अध्यक्ष दयाल चंद्र क्रो ने भारत रत्न डॉक्टर भूपेन हजारीका की प्रतिमूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया, वहीं उपस्थित सभी संघ के कार्यकर्ताओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया ।इस इस अवसर पर शिक्षाविद माधी राम से किया एवं साहित्य सभा के अध्यक्ष दयाल चंद्र करो ने उपस्थित सभी जनों को बिहूकी हार्दिक शुभकामनाएं दी तत्पश्चात खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।।

## सजा काट रहा अपराधी उदालगुड़ी जेल से फरार

**गुवाहाटी।** असम की उदालगुड़ी जेल में बंद एक कैदी रविवार तड़के अपनी कोठरी से भागने में सफल रहा। रिपोर्टों के अनुसार, श्यामल के रूप में पहचाना गया कैदी 2011 से एक हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। जेल अधिकारियों ने उदालगुड़ी सदर पुलिस मुख्यालय में प्राथमिकी दर्ज कराई है और अपराधी को पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और श्यामल की तलाश कर रही है। इस घटना ने जेल के सुरक्षा उपायों के बारे में गंभीर चिंता पैदा कर दी है, और अधिकारियों ने जांच करने और उचित जवाब देने का वादा किया है।

# असमिया नव वर्ष अवसर पर 20 वरिष्ठजनों का सम्मान

**नगरबेड़ा ( विभास )।** असमिया नव वर्ष के अवसर पर असम साहित्य सभा के तहत बरपेटा जिले की आलोपति साहित्य सभा के सौजन्य से आज कई वरिष्ठ व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। आलोपति साहित्य सभा के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य एम अब्दुल मजिद और सचिव एवं सेवानिवृत्त शिक्षक वाजेदुल हसान सहित एक दल ने घर-घर जाकर उस सभी वरिष्ठजनों का सम्मान किया। जिसमें उमर आली, अबुल हुसैन मंडल, दिल मोहम्मद, बक्कर आली, बख्तियार आली, फैजुद्दीन, आबुल हुसैन (हाबू), इंताज आली, किताब आली, जियादुर रहमान मंडल आदि शामिल हैं। सम्मान समारोह में क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने भरपूर सहयोग दिया।

# नगरबेड़ा आंचलिक रंगाली बिहू हीरक जयंती समारोह का समापन आज




**नागरबेड़ा ( विभास )।** कामरूप जिले के बोको क्षेत्र के नगरबेड़ा में 14 अप्रैल से बड़े उत्साह के साथ चार दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नगरबेड़ा क्षेत्रीय रंगाली बिहू हीरक जयंती समारोह का समापन कल होगा। समापन कार्यक्रम लोकप्रिय संगीतकार कुमार भवेश के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। इससे पहले नगरबेड़ा क्षेत्रीय रंगाली बिहू सम्मेलन की हीरक जयंती समारोह में 14 अप्रैल को सुबह 9 बजे झंडोत्तोलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अखिल कामरूप जिला छात्र संघ के उपाध्यक्ष दीपक कुमार पाठक ने हीरक जयंती समारोह का शुभारंभ किया। वहीं नगरबेड़ा महकमा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष मदन पाठक द्वारा सांस्कृतिक जुलूस का उद्घाटन किया गया। इसके बाद 15 अप्रैल की सुबह माटिया से नगरबेड़ा बिहुतोली तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का शुभारंभ प्रभारी पुलिस अधिकारी मिरेल अहमेद ने किया। शाम सात बजे नगरबेड़ा क्षेत्रीय महकमा समिति के अध्यक्ष उदय शंकर मेधी ने सांस्कृतिक मंच का शुभारंभ किया। इसके अलावा नगरबेड़ा क्षेत्रीय बिहुवा समूह द्वारा बिहू नृत्य की प्रस्तुति दी गई। अंडर-12 बीहाइव प्रतियोगिता की खुली एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं आज एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन सेवानिवृत्त शिक्षक दिनेश कलिता ने किया। शाम 6 बजे से ही आमंत्रित बिहू और कला-कृष्टि मंडली द्वारा रंगिया के कॉमेडी शो *कॉमेडी सागर* में कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन हुए। 17 अप्रैल को सुबह 9 बजे से अलग-अलग खेल, चित्रांकलन, वॉलीबॉल, ओपन क्विज प्रतियोगिताएं तथा आमंत्रित बिहुवा मंडलियों द्वारा बिहू नृत्य प्रदर्शन आदि आयोजित किए जाएंगे और *अलगनी* नामक संस्मरण का विमोचन किया जाएगा।

## फकीराग्राम सहकारी समिति का चुनाव आज


**कोकराझाड़ ( हिंस )।** कोकराझाड़ जिलांतर्गत फकीराग्राम सहकारी समिति का चुनाव आगामी 17 अप्रैल को होने जा रहा है। इसकी जानकारी आज एक संवाददाता सम्मेलन में समिति के महासचिव मन दे ने दी है। महासचिव ने फकीराग्राम सहकारी समिति के सभी मतदाताओं से आह्वान किया है कि 17 अप्रैल को फकीराग्राम थाना के समक्ष स्थिति फकीराग्राम सहकारी समिति के कार्यालय में समय पर पहुंचकर समिति के नियमानुसार शांतिपूर्ण तरीके से अपना अपना मतदान करें।

# फकीराग्राम जामा मस्जिद में आयोजित इफ्तार पार्टी में विधायक ने लिया भाग



**कोकराझाड़ ( विभास )।** कोकराझाड़ जिले के फकीराग्राम जामा मस्जिद में आज इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयजोन मस्जिद समिति के सोजाने से किया गया। इस इफ्तार पार्टी में 30 नंबर कोकराझाड़ क्षेत्र के विधायक लौरेंस इस्लारी उपस्थित थे। साथ ही आसपास के गई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। जिसमें हिंदू, इस्लाम सहित विभिन्न धर्मों के लोगो ने भाईचारा दिखाते आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

# समाजसेवी ओपी खंडेलवाल डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित




**गुवाहाटी ( विभास )।** पिछले कई दशकों से समाजसेवा से सक्रिय रूप से जुड़े जानेमाने व्यवसायी तथा समाजसेवी ओमप्रकाश खंडेलवाल को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित इंडिया हैबीटेट सेंटर के गुलमोहर प्रेक्षागृह में रविवार को आयोजित समारोह में अमरिका की मेरीलैंड स्टेट युनिवर्सिटी की ओर से समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए ओमप्रकाश खंडेलवाल को इस उपाधि से अलंकृत किया गया। मालूम हो कि श्री खंडेलवाल पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष के तौर पर पिछले दो वर्षों तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा वे विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं संगठनों से सक्रिय रूप से जुड़कर पिछले कई दशकों से समाज एवं मानव सेवा में लगे हुए हैं।

# विश्वनाथ : इफ्तार के साथ गरीबों के बीच वस्त्र-वितरण कार्यक्रम आयोजित



**विश्वनाथ ( विभास )।** *प्रयास एक प्रचेष्टा* नामक बेसरकारी संस्था (एनजीओ) की और से करियोनि अहमदिया मदरसा के प्रांगण में ईद के उपलक्ष्य पर करीबन पांच सौ गरीब लोगों के बीच वस्त्र वितरण किया गया। साथ ही एक सभा का भी आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रयास के अध्यक्ष अबिदुर रहमान ने की। सभी की उद्देश्य व्याख्या संस्था के महासचिव प्रिंस जहीरुल इस्लाम ने किया तथा सभा का संचालन संस्था के सदस्य नूर हुसैन ने किया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व पत्रकार सैईदुर रहमान, आमसू के केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष सैईफुदिन्न अहमद उपस्थित थे। इसके अलावा सभा में सदस्य जलालुद्दीन मंडल, शिक्षक अब्दुल मजीद, सामाजिक कार्यकर्ता मोकफेल हुसैन, पशु चिकित्सक डॉ. नजरूल इस्लाम, असम अल्पसंख्यक संग्राम परिषद की केंद्रीय समिति के सहायक महासचिव नजीर अहमद और जिला समिति अध्यक्ष मोहिबुर रहमान, करियोनि अहमदिया मदरसा के प्रधानाचार्य मुफ्ती रबीउल हासन, सतिया 1 नंबर ग्राम पंचायत के अध्यक्ष मोइनुल हक चौधरी, उत्तर पूर्वी अल्पसंख्यक छात्र संघ, दक्षिण सतिया क्षेत्रीय समिति के उपाध्यक्ष इजाजुल इस्लाम, महासचिव मोजाहिदुल इस्लाम, विश्वनाथ जिला जमीयत के अध्यक्ष नूर आमीन कासमी सहित अंचल के विभिन्न गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सभी उपस्थित इस सभी गणमान्य लोगों को फूलाम गोमोछा ओढ़ाकर साथ में मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभा के समापन के बाद उपस्थित सभी लोगों ने विश्व शांति के लिए प्रार्थना की और एक साथ मिलकर इफ्तार का आयोजन किया।

# भीड़ के पीछे मत भागो, कुछ ऐसा करो जिससे भीड़ तुम्हारे कदमों पर चले : अमित शाह

**- समाजसेवक अप्पासाहेब धर्माधिकारी महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से सम्मानित**



**मुंबई, (हि.स.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को रायगढ़ जिले में कहा कि भीड़ के पीछे भागो, कुछ ऐसा करो जिससे भीड़ तुम्हारे कदमों पर चले। अमित शाह ने कहा कि अप्पासाहेब धर्माधिकारी ने समाजसेवा में ऐसा ही कुछ किया, जिससे आज उनके सम्मान समारोह में इतनी ज्यादा तादाद में भीड़ इकठ्ठा हुई है। रायगढ़ जिले में आयोजित समाजसेवक अप्पासाहेब धर्माधिकारी को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के हाथों महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार दिया गया। मौके पर सूबे के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उपस्थित थे। अमित शाह ने कहा कि बिना किसी प्रचार की अपेक्षा के सामाजिक कार्य करने वाले समाजसेवी के सम्मान में इतनी बड़ी भीड़ पहली बार आई है। आप सभी इतनी तेज धूप में बैठे हैं, जिससे अप्पासाहेब के लिए आपके मन में प्रेम, आदर और विश्वास का भाव झलकता है। ऐसा सम्मान, सम्मान और विश्वास त्याग, समर्पण और सेवा से ही प्राप्त किया जा सकता है। अप्पासाहेब में यह सब दिखता है। आपका प्यार और विश्वास ही उनकी उपलब्धियों का सम्मान है। अमित शाह ने कहा कि एक ही परिवार में वीरों की कई पीढ़ियां जन्म लेती हैं, लेकिन उन्होंने पहली बार देखा कि समाज सेवा की संस्कृति तीन पीढ़ियों तक लगातार चल रही है। अमित शाह ने कहा कि महाराष्ट्र ने देश को तीन परंपराएं दी हैं। यह महान छत्रपति शिवाजी महाराज की पावन भूमि है।

राष्ट्र के लिए बलिदान की परंपरा छत्रपति शिवाजी महाराज से शुरू हुई। वीर सावरकर, वासुदेव बलवंत फडके, चाफेकर बंधु और लोकमान्य तिलक जैसे लोगों ने महाराष्ट्र की धरती से देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। समर्थ रामदास से लेकर तुकाराम महाराज से लेकर नामदेव महाराज तक भक्ति की एक और परंपरा ने हमेशा देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। तीसरी परंपरा सामाजिक परिवर्तन की है, चाहे वह महात्मा फुले हों, सावित्रीबाई फुले हों, डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर हों या महाराष्ट्र से शुरू हुआ सामाजिक आंदोलन। अप्पासाहेब ने समाज सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाने का काम किया है। अप्पासाहेब धर्माधिकारी ने इस पुरस्कार के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस पुरस्कार से मिलने वाली 25 लाख रुपये की राशि मुख्यमंत्री सहायता निधि में दान दिए जाने की घोषणा की है।

# हिंदूवादी संगठनों से मुकाबले के लिए माकपा ने बनाया 'हिंदुत्व निगरानी समूह'

**- बंगाल में संघ परिवार के विस्तार के लिए ममता बनर्जी की राजनीतिक शैली को जिम्मेदार ठहराया**



**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में 33 सालों तक शासन करने वाली वामपंथी पार्टियां 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में लगातार उपचुनाव से लेकर नगरपालिका और हर स्तर पर मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। अब 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अभी से राजनीतिक रणनीति बनाई जाने लगी है। सीपीएम ने हिंदूवादी संगठनों से मुकाबले के लिए 'हिंदुत्व निगरानी समूह' बनाया है। सीपीएम के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने कोलकाता में हुई पार्टी की दो दिवसीय राज्य समिति की बैठक के समापन पर इस 'हिंदुत्व निगरानी समूह' की घोषणा की। सलीम ने कहा कि हमारी केंद्रीय समिति ने फैसला लिया है कि हम राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ सभी राज्यों में इस तरह के संगठन बनाएंगे। बंगाल में कई लोग अपने स्तर पर यह काम कर रहे हैं। सीपीएम के चार युवा नेताओं कालतन दासगुप्ता, सोमनाथ भट्टाचार्य, सत्यजीत बनर्जी और मधुजा सेनरॉय को आरएसएस समेत हिंदुत्व की गतिविधियों और विस्तार पर नजर रखने का जिम्मा सौंपा है। सलीम ने कहा कि मुझे विभिन्न स्त्रोतों से पता चला है कि जब ममता ने 2011 में राज्य की कमान संभाली थी, तब बंगाल में आरएसएस की करीब 700 शाखाएं थीं। आरएसएस और उसके सहयोगी नफरत फैलाने और सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देने के तरीके बना रहे हैं। हमारी पार्टी राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से इससे निपटेगी। दूसरी तरफ, आरएसएस के सूत्रों ने बताया कि पिछले एक दशक में बंगाल में संघ का तेजी से विस्तार हुआ है। इस साल मार्च तक पूरे बंगाल में 1,664 दैनिक शाखाएं लग रही हैं। एक साल पहले 1,549 शाखाएं लगती थीं। 2011 में ममता बनर्जी के सत्ता में आने के बाद से सीपीएम ने बंगाल में संघ परिवार के उदय के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की राजनीतिक शैली को जिम्मेदार ठहराया है। हिंदू एकता के अध्यक्ष देवतनु भट्टाचार्य ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि सीपीएम अब अस्तित्व के संकट में है। उन्हें सोचने दें कि वे कैसे जीवित रहेंगे। हिंदुत्व अब पश्चिम बंगाल में काफी मजबूत है। उनके पीछे जाना अपना ही विनाश करना है, यह सीपीएम को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ 'हिंदुत्व निगरानी समूह' ही क्यों? इस्लामिक जिहाद वॉच ग्रुप क्यों नहीं? अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष (पश्चिम बंगाल) चंद्रचूड़ गोस्वामी ने कहा कि सीपीएम हमेशा दूसरों के भरोसे अस्तित्व बचाने में जुटी है, लेकिन मेरी समझ में नहीं आता कि सीपीएम हिंदुत्व का ही क्यों मुकाबला करना चाहती है, अन्य धार्मिक कट्टरवादों का भी मुकाबला करने का ईमानदार साहस क्यों दिखाती है।

# 'अगर केजरीवाल भ्रष्ट तो दुनिया का कोई व्यक्ति ईमानदार नहीं'

**अजय त्यागी**




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी संस्थापक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज सीबीआई के समक्ष पेश होने से पहले एक वीडियो संदेश में भावनात्मक और चुनौतीपूर्ण अपील की है। उन्होंने जांच एजेंसियों की कार्रवाई पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। केजरीवाल ने कहा- 'अगर केजरीवाल भ्रष्ट है तो दुनिया का कोई व्यक्ति ईमानदार नहीं।' उन्होंने कहा- ' केजरीवाल देश के लिए जीता है और देश के लिए मरेगा। आप सौ बार सीबीआई, ईडी बुलाओगे, मैं सौ बार जाऊंगा। आप भारत के लोगों को परेशान कर सकते हैं पर आप भारत को अब रोक नहीं पाओगे। भारत अब दुनिया का नंबर वन देश बनकर रहेगा। जय हिंद।' अरविंद केजरीवाल ने कहा- भारत दुनिया का नंबर 1 देश बन सकता था लेकिन भ्रष्टाचार, पैसे और सत्ता की हवस की वजह से आप जैसे नेताओं और पार्टियों ने अभी तक नहीं होने दिया। भारत को नंबर वन बनाना उनका (केजरीवाल) मिशन है और उनके जैसे राष्ट्र विरोधी लोग उन्हें रोक नहीं पाएंगे।' मुख्यमंत्री ने कहा-'सीबीआई ने बुलाया है। वह ईमानदारी से सवालों का जवाब देंगे। कुछ किया ही नहीं तो छुपाने को कुछ नहीं है। सत्ता में बैठे लोग बहुत शक्तिशाली हैं। गिरफ्तारी की बात कर रहे हैं। इन्हें बहुत अहंकार हो गया है। सबको जेल की धमकी देते फिरते हैं।' केजरीवाल ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी से देश की स्थिति बदलने वाली नहीं है। 10 साल में दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाया गया है। गुजरात में 30 साल और मध्य प्रदेश में 15 सालों के शासन में इस तरह का काम नहीं हो पाया। इस संदेश में केजरीवाल ने कहा -'वह मुख्यमंत्री बनने से पहले इनकम टैक्स अधिकारी थे और करोड़ों रुपये कमा सकते थे लेकिन उन्होंने नहीं किया। मुख्यमंत्री बनने से पहले सालों का देश की झुग्गी बस्तियों में काम किया। वह शुगर के मरीज हैं और इंसुलिन के टीके लेते हैं। इसके बावजूद उन्होंने देश के लिए 10-15 दिन भूखा रहकर अनशन किया।'

# सत्ता पर कब्जा करने के लिए आप ने गांधीवादी अन्ना हजारे का इस्तेमाल किया : रीजीजू

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के रविवार सुबह केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के समक्ष आबकारी नीति घोटाला मामले में पेश होने के बीच केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजीजू ने आम आदमी पार्टी (आप) पर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के बहाने सत्ता पर कब्जा करने के लिए गांधीवादी अन्ना हजारे का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। रीजीजू ने अन्ना हजारे के एक पुराने साक्षात्कार के अंश भी साझा किए, जिनमें वह दिल्ली की आबकारी नीति की कथित रूप से आलोचना करते नजर आ रहे हैं। इस साक्षात्कार की तिथि स्पष्ट नहीं है। रीजीजू ने ट्वीट किया कि अब उन्होंने सत्ता पर कब्जा कर लिया है।

मुझे यकीन है कि वह अन्ना जी की भी नहीं सुनेंगे। भ्रष्टाचार एक बहाना था, अन्ना जी और जनता को मूर्ख बनाने का। उन्होंने आगे कहा कि अन्ना जी का इस्तेमाल केवल सत्ता पर कब्जा करने और भ्रष्टाचार के नाम पर संसाधनों को लूटने के लिए किया गया।

# 'गोली तंत्र' व 'भीड़ तंत्र' की वकालत करने वाले संविधान को ध्वस्त करते हैं: मल्लिकार्जुन खड़गे




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को उत्तर प्रदेश में हालिया घटनाक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा कि गोली तंत्र और भीड़ तंत्र की वकालत करने वाले केवल संविधान को ध्वस्त करते हैं। चरणबद्ध ट्वीट में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि समाज में किसी को डराने व धमकाने के लिए जो भी हमारी न्याय प्रणाली में राजनैतिक उद्देश्य से दखलअंदाजी करता है,अपराधी के साथ वह भी दंड का भागीदार है। किसी मुजरिम को सख्त से सख्त सजा मिले, इसके लिए अदालतें हैं। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करना केवल अराजकता को जन्म देता है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान आजादी की लड़ाई लड़ने वालों ने बनाया है। हमारे देश में इसी संविधान और कानून को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। इससे खिलवाड़ करने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती। अपराधी को सजा सुनाने का अधिकार न्यायपालिका का है। यह अधिकार किसी सरकार, नेता या कानून का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता। उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई की पुलिस हिरासत के दौरान कुछ लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके पहले अतीक के बेटे और उसके साथी शूटन की पुलिस एकांउटर में मौत हो गई थी।

# शरद पवार ने कहा परिवार पर बीजेपी में शामिल होने का दबाव : संजय राउत

**मुंबई, (ईएमएस)।** महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार बीजेपी में शामिल होंगे ऐसी चर्चा राजनीतिक गलियारों में चल रही है. खासकर हाल ही में एक हजारों करोड़ के घोटाला मामले में अजित पवार को मिले क्लीन चीट के बाद यह चर्चा और तेज हो गई है. अब शरद पवार से मुलाकात के बाद ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने बड़ा धमाका किया है. संजय राउत ने कहा है कि, शरद पवार ने उन्हें बैठक में कहा कि परिवार पर बीजेपी में शामिल होने का दबाव है. रविवार को संजय राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि, मैंने और उद्धव ठाकरे ने पिछले हफ्ते शरद पवार से मुलाकात की. हमारी लंबी चर्चा हुई। चर्चा महाविकास अघाड़ी, प्रदेश की राजनीति के संदर्भ में हुई। इस बात की भी चर्चा हुई कि केंद्रीय जांच एजेंसियों के दबाव में विपक्षी दल के विधायकों की तोड़-फोड़ की जाएगी. संजय राउत ने कहा, शिवसेना में भी उन्होंने इसी तकनीक का इस्तेमाल किया और विधायकों को तोड़ा। इसमें आदित्य ठाकरे ने यह भी बताया कि कैसे प्रमुख नेता ईडी के डर से रो रहे थे। कांग्रेस और एनसीपी दोनों पार्टियों के मामले में अब एक ही तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। संजय राउत ने आगे कहा कि, शरद पवार ने कहा कि हम एनसीपी पार्टी के तौर पर बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे, चाहे कुछ भी हो जाए. उन्होंने हमें दृढ़ता से कहा कि हम वह निर्णय नहीं लेंगे, चाहे कितना भी दबाव क्यों न हो। यह कुछ विधायकों और उनके परिवारों पर दबाव है। जांच एजेंसियां बच्चों को बुला रही हैं। घर की महिलाओं को पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है जिससे विधायक पर दबाव है। शरद पवार का कहना है कि यह उनका फैसला है, पार्टी का नहीं.

# ऑनलाइन बुकिंग से अब सीधे पहुंच सकेंगे महाकाल के गर्भगृह में, मई से नई व्यवस्था लागू

**- छह स्लॉट में भक्तों को सीधे गर्भगृह में प्रवेश मिलेगा, प्रत्येक स्लॉट में होंगे 50 भक्त**



**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन के लिए देश-दुनिया से आने वाले भक्त अब बहुत निकट से अपने इष्ट के दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए मंदिर प्रशासन व्यवस्थाएं बनाने में जुटा है। दरअसल, भक्तों की इच्छा बाबा महाकाल के दर्शन नजदीक से ही करने की रहती है। साथ ही उन्हें जल, दूध चढ़ाने और स्पर्श करने की इच्छा लिए भक्त दरबार में पहुंचते हैं। अब तक भस्मारती को छोड़कर ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था से सीधे गर्भगृह में पहुंचने का अवसर भक्तों के पास नहीं था, लेकिन अगले माह मई से भक्त सीधे गर्भगृह में पहुंचकर महाकाल के दर्शन कर पाएंगे। उन्हें जल भी चढ़ा पाएंगे। महाकालेश्वर मंदिर के प्रशासक संदीप कुमार सोनी कहते हैं कि फिलहाल इससे जुड़े तकनीकी पक्ष पर कार्य किया जा रहा है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि इस माह के अंत तक हमारा सॉफ्टवेयर तैयार हो जाएगा और उसके बाद सुबह 6:00 से दोपहर 12:30 बजे तक छह स्लॉट में भक्तों को सीधे गर्भगृह के दर्शन कराना आरंभ होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक स्लॉट में 50 भक्तों को ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से गर्भगृह में प्रवेश दिए जाने की व्यवस्था की जा रही है। यदि पूर्व से ऑनलाइन बुकिंग रहेगी, तो उसकी रसीद दिखाने भर से तत्काल उन्हें अंदर गर्भगृह में प्रवेश दिया जाएगा। महाकाल के दर्शन करने का शुल्क 750 से लेकर 1500 तक रखा जा सकता है। फिलहाल महाकाल परिसर में प्रोटोकॉल कार्यालय पर बने काउंटर से भक्त स्वयं पहुंचकर टिकट लेकर प्रतिदिन सशुल्क गर्भगृह में प्रवेश करते हैं। कई लोग पहले दिन गर्भगृह में प्रवेश नहीं मिलने की स्थिति में दूसरे दिन रुककर दर्शन करते हैं। अभी प्रतिदिन डेढ़ हजार के लगभग भक्त दर्शन कर पाते हैं। अब मई से ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने के बाद कहीं से भी बुकिंग करके सीधे उज्जैन आकर भगवान महाकाल के गर्भगृह में प्रवेश करेंगे। उन्हें किसी लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं रहेगी।

# विश्व प्रसिद्ध आस्था के केंद्र खाटूश्याम जी तक अब होगी सीधी रेल कनेक्टिविटी

**-विरासत और विकास की संकल्पना से श्रद्धालुओं को सुगम रेल परिवहन मिलेगा**



**मुंबई, (ईएमएस)।** रेलवे द्वारा रींगस के समीप स्थित विश्व प्रसिद्ध धार्मिक आस्था के केंद्र खाटूश्याम जी को सीधे रेलवे नेटवर्क से जोड़ने के लिए एफएलएस करने की मंजूरी प्रदान की गई है। खाटूश्याम जी के दर्शन हेतु प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु विभिन्न माध्यमों जैसे रेल, रोड तथा पैदल मार्ग से दर्शन के लिए आते हैं। प्रतिदिन करीब 30,000 श्रद्धालु आम दिन दर्शनार्थ आते हैं। शुक्रवार, शनिवार और रविवार को 4 से 5 लाख श्रद्धालु आते हैं। एकादसी के समय 10 लाख श्रद्धालु मार्च मेला जो 15 दिन का होता है में 30 लाख से 40 लाख श्रद्धालु आते हैं. यह मंदिर सबसे जायदा श्रद्धालु आने वाले भारतीय मंदिरों में एक है। रेल से आने वाले श्रद्धालु रींगस तक रेल से आते हैं उसके पश्चात वह विभिन्न साधनों से खाटू तक पहुंचते हैं। रींगस से खाटू तक का सफर सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए *रेलवे ने सांस्कृतिक धरोहर व धार्मिक आस्था के केंद्रों को जोड़ने की योजना के तहत रींगस से खाटूश्यामजी तक नई रेल लाइन के सर्वे को मंजूरी प्रदान की है। सर्वे का काम शीघ्र ही पूरा करके इस नई रेल लाइन के काम को स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा जिससे श्रद्धालुओं को जल्द से जल्द खाटूश्यामजी तक रेल सुविधा प्राप्त हो सके। रेलवे द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी के मिशन विरासत और विकास के तहत धार्मिक स्थलों तक रेल कनेक्टिविटी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

# भारतीय सेना का युद्ध टैंक चलते ट्रक से गिरा, सड़क अवरुद्ध

**बहादुरगढ़(ईएमएस)।** देश की राजधानी दिल्ली से सटे बहादुरगढ़ में भारतीय सेना का युद्ध टैंक दुर्घटनाग्रस्त होने से सड़क अवरुद्ध हो गई। यह हादसा केएमपी एक्सप्रेसवे के पास आसौदा टोल प्लाजा के पास हुआ है। जहां अंबाला से चेन्नई जा रहे भारतीय सेना का युद्ध टैंक अचानक ट्रांसपोर्ट ट्रक से सड़क पर आ गिरा। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ। हालांकि सेना के टैंक के सड़क के बीचों बीच आ गिरने से थोड़ा यातायात जरूर प्रभावित हुआ। लेकिन बाद में आसौदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और टैंक को थोड़ा साइड में करवाया गया। जानकारी के अनुसार हरियाणा के अंबाला से चेन्नई भारतीय सेना का टैंक ट्रांसपोर्ट ट्रक पर लाद कर ले जाया जा रहा था लेकिन जब वह केएमपी पर स्थित आसौदा टोल प्लाजा पार करके एक किलोमीटर ही पहुंचा था कि जिस लोहे की चैन से वह बांधा गया था वह अचानक टूट गई। जिससे भारतीय सेना का युद्ध टैंक सड़क के बीचों बीच आ गिरा। दरअसल सेना के इस युद्ध टैंक का वजन काफी ज्यादा है जिसका भार कोई भी आम क्रेन नहीं सह सकती। इसलिए सेना के अधिकारी ही यहां इस टैंक को गंतव्य स्थान तक ले जाने की व्यवस्था कर सकेंगे। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी टैंक के पास लगा दी है, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

# केजरीवाल ने राजघाट में कहा-हम बापू के बताए रास्ते पर

**अजय कुमार**



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी संस्थापक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज सीबीआई के समक्ष पेश होने से पहले महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पहुंचे। उन्होंने इसे ट्विटर पर साझा करते हुए कहा कि वहां बापू का आशीर्वाद लिया। हम बापू के बताए रास्ते पर हैं। अन्याय और जुल्म के खिलाफ हम सत्य के रास्ते पर हैं। अंत में जीत सत्य की होगी। इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और सांसद संजय सिंह के अलावा पार्टी के अन्य नेता भी उपस्थित थे। सीबीआई दफ्तर पहुंचने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत में केजरीवाल ने कहा कि भाजपा वाले कह रहे हैं कि उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। उधर पार्टी के कार्यकर्ता दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पार्टी विधायक नरेश बालियान और प्रवीण कुमार को इस दौरान पुलिस ने हिरासत में लिया है।

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू चार दिन रहेंगी शिमला में, डेढ़ हजार अतिरिक्त जवानों की तैनाती



**शिमला (ईएमएस)।** राष्ट्रपति के शिमला दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। चारों ओर पहाड़ों रानी शिमला को खूब सजाया जा रहा है। जगह-जगह पर साफ सफाई की जा रही है। सड़कों की टारिंग की जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था भी चाक चौबंद की जा रही है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति बनने के बाद द्रोपदी मुर्मू का ये पहला शिमला दौरा है। राष्ट्रपति 18 अप्रैल को शिमला आएंगी। जानकारी के अनुसार, शिमला के छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास रिट्रीट में राष्ट्रपति मुर्मू ट्यूलिप गार्डन का उद्घाटन भी करेंगी। 19 अप्रैल को एचपीयू के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। 20 अप्रैल को भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान यानि इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टीज में भी जाने का कार्यक्रम है। 20 अप्रैल को राष्ट्रपति निवास में एट होम का आयोजन होगा और 21 अप्रैल को राष्ट्रपति वापस दिल्ली लौटेंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर शिमला में पुलिस पूरी तरह से चौकस नजर आ रही है। शिमला शहर को 6 सेक्टर में बांटा जाएगा और हर सेक्टर की जिम्मेदारी एक गेजेटिड ऑफिसर की रहेगी। इसके अलावा सुरक्षा एजेंसियों ने भी डेरा डाल दिया है। करीब 1500 जवानों पर इस दौरान सुरक्षा का जिम्मा रहेगा और लगभग 250 जवान यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखेंगे। इसके अलावा जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट से लेकर छराबड़ा तक पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, यारोज और राजभवन के आसपास भी सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसी क्रम में पुलिस ने छराबड़ा से लेकर ढली, संजौली, नवबहार, अनाडेल तक लगभग 16 किलोमीटर तक सड़क के किनारे अवैध रूप से पार्क गाडियों को हटाने का काम शुरू कर दिया है, गाड़ियों पर नोटिस भी चस्पां किए गए हैं। वाहन मालिकों को इस बारे में सूचित किया गया है। नालागढ-शिमला सड़क मार्ग पर भी कैंची मोड़ से लेकर बालूगंज तक सड़कों के किनारे खड़े वाहनों को भी हटाया जाएगा। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रपति कल्याणी हेलीपैड से सीधे राष्ट्रपति निवास जाएंगी। मौसम को देखते हुए जुब्बड्हट्टी एयरपोर्ट और अनाडेल को भी रिजर्व रखा गया है। राष्ट्रपति के दौरे के दौरान शिमला नो फ्लाई जोन में तबदील होगा। इस दौरान विमानों के अलावा ड्रोन के इस्तेमाल पर भी पाबंदी लगी रहेगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर शिमला के एसपी संजीव गांधी ने कहा कि तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर विस्तृत जानकारी जल्द साझा की जाएगी। आम लोगों की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था की भी जानकारी साझा की जाएगी।

# आवाज बेहतर बनाए रखने में वृक्ष भी देते हैं योगदान : शिवराज

**- मुख्यमंत्री चौहान ने विश्व आवाज दिवस पर किया पौधे-रोपण**
**- सुप्रसिद्ध ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. एस. के. दुबे ने भी लगाये पौधे**



**भोपाल, (हि.स.) ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विश्व आवाज दिवस (वर्ल्ड वॉइस डे) पर सुप्रसिद्ध ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. एस. के. दुबे के साथ नीम, पीपल और अमरुद के पौधे लगाए। राजधानी भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में मुख्यमंत्री चौहान के साथ प्रवीण प्रेमचंदानी, सौरभ अग्रवाल, चेतन पटेल तथा बालिका सृष्टि दुबे ने अपने जन्म-दिवस पर परिजन सहित पौधे रोपे। मुख्यमंत्री चौहान ने पौधरोपण के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर विश्व आवास दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष "विश्व आवाज दिवस" की थीम "यूअर वाइस मेटर्स" है अर्थात आपकी आवाज मायने रखती है। हम सब आवाज का महत्व जानते है और उसके चमत्कार से परिचित हैं। "स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है", "तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा","मैं अपनी झाँसी नहीं दूँगी" यह एक आवाज ही थी। ऐसी आवाजों ने ही कई बार दुनिया की दिशा और धारा बदली है। बाबा साहब अम्बेडकर ने कहा था "शिक्षित रहो-सशक्त बनों- संघर्ष करो" ऐसी आवाजों का लोगों और समाज पर व्यापक प्रभाव रहा है। मुख्यमंत्री चौहान ने विश्व आवास दिवस पर डॉक्टर्स द्वारा पौधे लगाने की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि आवाज का पर्यावरण से भी संबंध है। यदि प्रदूषण होगा और पर्यावरण असंतुलित रहेगा तो आवाज भी खराब होगी। पर्यावरण ठीक रहने से हवा शुद्ध होगी, शरीर को शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगी, व्यक्ति स्वस्थ रहेंगे और आवाज भी ठीक रहेगी। व्यक्तियों की आवाज को बेहतर बनाए रखने में ईएनटी चिकित्सकों के साथ पौधों का भी योगदान है। मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेशवासियों से अपील की कि सामान्य सर्दी-जुकाम की स्थिति में 15 दिन में आवाज ठीक हो जाती है। यदि इससे अधिक अवधि तक आवाज खराब रहे तो डॉक्टर को अवश्य दिखाएं, इसे नजर अंदाज न करें। यह संकेत हैं कि शरीर में सर्दी-जुकाम के अलावा कोई और समस्या भी है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2002 में अमेरिका के इएनटी सर्जन द्वारा विश्व आवाज दिवस मनाने की शुरूआत की गई थी।

# भाजपा : पश्चिम क्षेत्र के आठ जिलों के नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी घोषित




**लखनऊ, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को पश्चिम क्षेत्र के आठ जिलों के नगर पालिका अध्यक्षों के उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। भाजपा ने सहारनपुर जिला के देवबन्द से विपिन कुमार, नकुड़ से शिव कुमार गुप्ता, गंगोह से कविता सैनी व सरसंवा से वर्षा मोघा खटिक को नगर पालिका अध्यक्ष का प्रत्याशी घोषित किया है। इसी प्रकार मुजफ्फरनगर में मुजफ्फरनगर से मीनाक्षी स्वरूप और खतौली से उमेश कुमार को प्रत्याशी बनाया है।

शामली जिले में कांधला से नरेश सैनी, कैराना से सेठपाल सिंह और शामली से अरविन्द संघल को प्रत्याशी बनाया है। बिजनौर जिले में स्यौहारा से डॉ.विनीत देवरा, चांदपुर से विकास गुप्ता, नूरपुर से डॉ.एम.पी.सिंह, किरतपुर से देवेन्द्र सिंह, नजीबाबाद से नकुल अग्रवाल, नहटौर से महावीर सैनी, शेरकोट से संसार सिंह, धामपुर से लीना सिंघल, नगीना से प्रहलाद कुशवाहा और अफजल गढ़ से खतीजा को नगर पालिका अध्यक्ष का उम्मीदवार भाजपा ने बनाया है। अमरोहा में अमरोहा नगर पालिका परिषद के लिए शशि जैन को प्रत्याशी बनाया है। गजरौला से कमलेश आर्य, हसनपुर से राजपाल सैनी, धनौरा से राजेश सैनी और बछरायूं से शुभम शर्मा को प्रत्याशी घोषित किया गया है। मुरादाबाद जिला में बिलारी से ज्योति सिंह और ठाकुरद्वारा से पवन पुष्पद को नगर पालिका अध्यक्ष का प्रत्याशी घोषित किया है। इसी प्रकार रामपुर जिले में टाण्डा से मेहनाज जहां, मिलक से दीक्षा गंगवार, बिलासपुर से चित्रक मित्तल और रामपुर से डॉ. मुसरेत मुजीव को नगर पालिका अध्यक्ष का प्रत्याशी घोषित किया गया है। इसके अलावा संभल जिले में बहजोई से राजेश शंकर राजू, संभल से पारुल शर्मा और चन्दौसी से प्रियंका शर्मा को नगर पालिका अध्यक्ष का भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है।

# 'जैसे को तैसा' यदि हिन्दू करते तो अपना इतिहास आज कुछ और होता : विनायक राव

**लखनऊ, (हि.स.)।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे ने रविवार को कहा भारत का अतीत गौरवशाली रहा है। इतिहास में कई ऐसी घटनाएं हैं जिससे यह सिद्ध भी होता है। सिकंदर और सेल्युकस का पराभव हिन्दू वीरों के कारण हुआ था। उन्होंने कहा कि 'जैसे को तैसा' यदि हिन्दू करते तो शायद अपना इतिहास आज कुछ और होता। भगवान कृष्ण को आराध्य मानने वाले हिन्दू समाज को उनकी शिक्षाओं से कुछ सीख भी लेनी चाहिए। विनायक राव रविवार को विहिप अवध प्रांत के तीन दिवसीय मातृशक्ति अभ्यास वर्ग के एक सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा अपने देश के वीरों ने पराक्रम एवं संघर्ष किया है। मुगलों से संघर्ष में बहनों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



रानी लक्ष्मीबाई और रानी दुर्गावती जैसी पराक्रमी महिलाएं हमारे इतिहास में हैं। उन्होंने कहा कि पूरा भारत मुस्लिमों और अंग्रेजों के कब्जे में कभी नहीं रहा। देशभर में निरंतर संघर्ष चलता रहा। अटक से कटक तक का साम्राज्य मराठों के पास था, लेकिन उसका कोई उल्लेख नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि भारत पर 13 बार अरबी मुस्लिमों ने आक्रमण किया। हर बार मुस्लिम हारे। सन्-712 में 14वीं बार मोहम्मद बिन कासिम का आक्रमण राजा दाहिर पर हुआ और हमारी पराजय हुई। इसके बाद 870 से 980 तक काबुल एवं जाबुल में हम लोग लड़ रहे थे। महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को तोड़ा। उसका भांजा सालार मसूद कई मंदिरों को तोड़ता हुआ अयोध्या जा रहा था। बहराइच में महाराजा सुहेलदेव ने सालार मसूद को मौत के घाट उतारा। मोहम्मद गोरी भारत आया उसको गुजरात की रानी ने हराया। विनायक राव ने कहा कि सिकंदर और सेल्युकस का पराभव हिन्दू वीरों के कारण हुआ। हार के बाद सेल्युकस ने अपनी पुत्री हेलेना की शादी चन्द्रगुप्त मौर्य से की थी।

दक्षिण भारत में हरिहर बुक्का नामक दो वीरों ने विजय नगर नामक शक्तिशाली हिन्दू साम्राज्य की स्थापना की थी। करीब साढ़े तीन सौ वर्षों तक विजय नगर साम्राज्य की तरफ किसी इस्लामी आक्रांता की सर उठाने की हिम्मत नहीं हुई। बाद में विजय नगर साम्राज्य हारा क्योंकि उसके दो मुस्लिम सेनापतियों ने धोखा दिया। समापन सत्र में विहिप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत का भविष्य मातृशक्ति पर निर्भर है। बच्चों को संस्कारित करने का काम माताएं ही करती हैं। मातृशक्ति की जिम्मेदारी है कि वह लव जिहाद के बारे में समाज को जागरूक करें। विहिप के प्रांत मंत्री देवेन्द्र मिश्र ने बताया कि इस तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग में अवध प्रांत के सभी जिलों सें बहनों ने सहभाग किया।

# माफिया अतीक अहमद का कानपुर से था गहरा नाता, हाई अलर्ट




**कानपुर (कान्हापुर), (हि.स.)।** प्रयागराज के माफिया पूर्व सांसद अतीक अहमद अहमद और उसके भाई अशरफ का आस-पास के जिलों में अच्छी पकड़ थी। उसका नाता कानपुर से गहरा था। उसकी पकड़ को देखते हुए उसकी हत्या के बाद से पुलिस प्रशासन अलर्ट मूड में है। संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी होने के साथ ही कानपुर में भी धारा 144 को लागू की है। सुरक्षा के मद्देनजर किसी प्रकार से माहौल खराब न हो सके। सुबह दोपहर लगातार पुलिस के अधिकारी संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर रहें है। उन्होंने बताया कि चेतावनी जारी की गई है कि यदि किसी प्रकार से भड़काऊ न करें और न ही किसी को फॉरवर्ड करें। इसके साथ ही एलआईयू, अन्य गोपनीय सूचना इकाइयों को सक्रिय किया गया है। कुछ लोगों के खिलाफ आज कार्रवाई भी की गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 कानपुर के कैंट सीट से चुनाव लड़ने के लिए अतीक अहमद अपने भारी भरकम काफिले के साथ आया था। लेकिन उसे समाजवादी पार्टी ने अपना प्रत्याशी नहीं बनाया, जिससे वह चुनाव मैदान से वापस चला गया। कानपुर के कुछ लोगों से उसके संबंध थे। चुनाव को लेकर उनका एक बेटा एक व्यक्ति के फ्लैट में कमरा लेकर प्रचार करने के लिए आया था।

# अतीक-अशरफ की ही नहीं, बल्कि यूपी पुलिस की साख मिट्टी में मिली : सपा

**-सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज से कराई जाय जांचः सपा**




**आजमगढ़, (हि.स.)।** शनिवार की देर रात प्रयागराज में पुलिस अभिरक्षा में हुई माफिया अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ ही हत्या के बाद समाजवादी पार्टी(सपा) ने सरकार व यूपी पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कहा कि अब सवाल यह है अतीक अशरफ ही मिट्टी में नहीं मिले, बल्कि इस प्रदेश की कानून व्यवस्था तथा पुलिस की साख भी मिट्टी में मिल गई है। शनिवार की देर रात अस्पताल में मेडिकल के लिए ले जाते समय माफिया अतीक व अशरफ को तीन बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जनपद के निवासी समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अशोक यादव ने कहा कि कल रात जिस सनसनीखेज तरिके से अतीक व अशरफ की हत्या की गई है, वह सवालों के घेरे में है। तीन बदमाशों ने 22 राउंड फायरिंग किया, लेकिन पुलिस ने एक भी गोली नहीं चलाई, न ही उन हमलावरों को एक भी खरोंच तक आई। इसलिए बहुत सी आशंकाओं को बल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अब सवाल यह है अतीक अशरफ ही मिट्टी में नहीं मिले, बल्कि इस प्रदेश की कानून व्यवस्था के साथ ही यूपी पुलिस की साख भी मिट्टी में मिली है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस पूरे घटनाक्रम को संदेह की नजर से देख रही है और मांग कर रही है कि पूरे घटना की जांच सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जजों से जांच कराई जाय व दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाय।

# शाहजहांपुर के गर्रा नदी पुल हादसे में मृतकों की संख्या 14 हुई



**शाहजहांपुर, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में गर्रा नदी के पुल पर हुए हादसे में घायल एक युवक ने इलाज के दौरान रविवार को दम तोड़ दिया। इसके चलते हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। सदर तहसील के नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे में घायल 15 वर्षीय सत्यम ने रविवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके चलते हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। धार्मिक कलश यात्रा के लिए शनिवार को गर्रा नदी से जल भरने गए श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर-ट्राली पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गई थी। इस हादसे में गांव सुनौरा अजमतपुर के रहने वाले कई महिलाओं और बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई थी और 28 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इन घायलों में से सत्यम नाम के युवक ने रविवार को दम तोड़ दिया। जिला प्रशासन की निगरानी में आज गांव में ही सभी शवों का अंतिम संस्कार कराया गया। दूसरी तरफ कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, भाजपा विधायक मानवेन्द्र सिंह, विधायक सलोना कुशवाह समेत तमाम नेता सुनौरा अजमतपुर पहुंचे। कैबिनेट मंत्री ने मृतकों एवं घायलो के परिजनों से मिलकर उनका दुख दर्द बांटते हुए घटना पर शोक व्यक्त किया और अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

# अग्निशमन विभाग ने आग से बचाव के प्रति किया जागरूक

**कानपुर, (हि.स.)।** मौसम के बदलाव से अब तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच रहा है और आग की घटनाएं इसी सीजन में बढ़ती हैं। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश अग्निशमन विभाग सेवा सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। सेवा सुरक्षा सप्ताह दिवस मनाए जाने की कड़ी में रविवार को अग्निशमन विभाग ने लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी का कहना है कि शहर के साथ ही गांवों में भी अग्निशमन की टीम लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। उत्तर प्रदेश में 14 से 20 अप्रैल तक



अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत आग से बचाव के लिए संस्थानों और दुकानों को कैसे सुरक्षित रखा जाए। इसके संबंध में जागरूक किया जा रहा है। कानपुर शहर में भी रविवार को अग्निशमन की टीमें निकलीं और कई पेट्रोल पंपों पर जाकर वहां काम करने वाले कर्मचारियों को आग से बचाव के बारे में जागरूक किया। यही नहीं, ग्रामीण क्षेत्र में भी आग से बचाव का अभियान शुरू कर दिया गया है। गांवों में जाकर लोगों को अग्निशमन की टीम जागरूक करने का काम कर रही है। गंगा बैराज के पास नत्था पुरवा में गांव की महिलाओं ,युवाओं और बच्चों को गैस सिलेंडर की आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीण इलाकों में फसल में आग लगने की घटना को रोकने के बारे में भी जानकारी दी गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान इसी तरह चलाया जाएगा।


# सेना की जमीन घोटाले मामले में सीआई सहित सात लोगों से ईडी कर रही पूछताछ



**रांची, (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाले मामले में सीआई सहित सात लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। गिरफ्तार सभी लोगों को रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार से ईडी ऑफिस लाया गया और उनसे से पूछताछ की है। ईडी के अधिकारी बरामद जमीन के कागजात सहित अन्य सवालों को जानने की कोशिश कर रही है। दरअसल, ईडी ने सेना की जमीन घोटाले मामले में 13 अप्रैल को कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम लोगों को गिरफ्तार किया था। ईडी ने सभी गिरफ्तार आरोपितों को कड़ी सुरक्षा के बीच 14 अप्रैल शुक्रवार को कोर्ट के समक्ष पेश किया था। जहां कोर्ट ने सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। शनिवार को ईडी ने कोर्ट से गिरफ्तार आरोपितों की पांच दिनों की रिमांड मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने सिर्फ चार दिनों की रिमांड की ही मंजूरी दी थी। ईडी के अधिकारी सभी सातों आरोपितों से पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय सेना की जमीन के साथ कई जमीन घोटाले से जुड़े केस में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी और आईएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के सीओ मनोज कुमार सहित अलग-अलग अंचल के राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के कुल 22 ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी को भारी संख्या में जमीन की डीड, रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेज और कई सरकारी कागजात मिले थे। कोलकाता से जमीन के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रांची में अरबों की जमीन की खरीद बिक्री में गड़बड़ी और उससे मनी लाउंड्रिंग के साक्ष्य भी ईडी को मिले हैं।

# रांची विवि का 36वां दीक्षांत समारोह दो मई को, 77 विद्यार्थियों को मिलेगा गोल्ड मेडल

**रांची, (हि.स.)।** रांची विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षांत समारोह का आयोजन दो मई को होगा, जहां राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में कुल 77 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जाएंगे, जिनमें 51 विषयवार मेडल शामिल हैं। 13 मेडल बेस्ट और ओवरऑल टॉपर के लिए होंगे। वहीं, 13 मेडल व्यक्ति विशेष के नाम पर होंगे। दीक्षांत समारोह में इस बार ओवरऑल बेस्ट मास्टर डिग्री (जेनरल कोर्स) का अवार्ड डोरंडा कॉलेज की जयश्री महतो व ओवरऑल बेस्ट ग्रेजुएट (जेनरल कोर्स) का अवार्ड निर्मला कॉलेज की सोनी कुमारी को मिलेगा। कुल 77 में 50 गोल्ड मेडल छात्राओं



को मिलेंगे। इस सत्र में रांची वीमेंस कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज और संत जेवियर्स कॉलेज, ऑटोनोमस का दर्जा रहने के कारण शामिल नहीं हैं।

**इनको मिलेंगे ओवरऑल बेस्ट में गोल्ड मेडल -** जयश्री महतो (मास्टर डिग्री), प्रतीक कुमार सिंह (प्रोफेशनल कोर्स), कुमार निशांत (मेडिसीन सर्जरी), सोनी कुमारी (जेनरल कोर्स, प्रोफेशनल कोर्स व साइंस), निशा कुमारी (सोशल साइंस), शिवांगी आर्या (ह्यूमिनिटिज), रूपा कुमारी (कॉमर्स), अभिप्रीत भट्टाचार्या (एमबीबीएस), दिव्या जायसवाल (लॉ), अंजलि कुमारी (एजुकेशन), रीता महतो (नर्सिंग), रूपा कुमारी (प्रेम कुमार पोद्दार गोल्ड मेडल कॉमर्स), दिव्या जायसवाल (देवी प्रसाद मेमोरियल गोल्ड मेडल एलएलबी), सुखवंती लुगून (इतिहास, एसटी), संध्या कुजूर (मानवशास्त्र, एसटी), डॉली कुमारी (सोशल साइंस), रोजी शर्मा (भौतिकी), सरवरी परवीन (भूगोल), महिमा झा (मनोविज्ञान), उत्कर्ष (एमडी), रोस्ती लकड़ा (राजनीतिशास्त्र) व आदर्श राज सिंह (भूगर्भशास्त्र)।

# मत्स्य पालन कर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं गांव की महिलाएं



**खूंटी, (हि.स.)।** एक समय था कि महिलाएं खासकर गांवों की महिलाएं सिर्फ घरों की दीवारों तक सिमट कर रह जाती थी। न रोजगार का साधन था और न पूंजी, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। ग्रामीण महिलाओं के आजीविका संवर्धन को लेकर जोहार परियोजना का संचालन ग्रामीण विकास विभाग के झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की ओर से किया जा रहा है। जोहार परियोजना में महिलाओं की आजीविका वृद्धि के लिए विभिन्न गतिविधियों में कार्य किया जा रहा है।

इनमें मत्स्य पालन जोहार परियोजना का एक मुख्य घटक है। ग्रामीण महिलाएं जोहार परियोजना से जुड़कर पहली बार मत्स्य पालन कार्य कर अपनी आजीविका बढ़ा रही है। इन ग्रामीण महिलाओं के पास साधन होते हुए भी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने और मछली पालन की जानकारी नहीं होने के कारण अपने स्रोतों का सही उपयोग नहीं कर पा रही थीं। जोहार परियोजना के मात्स्यिकी प्रभाग में मुख्यतः चार उपघटकों में कार्य किया जाता है, मछली उत्पादन, मत्स्य बीज उत्पादन, समेकित मछली पालन और पेन और केज कल्चर में मत्स्य पालन। जोहार परियोजना के तहत उपरोक्त वर्णित उपघटकों में कार्य कर अपनी आजीविका को सुदृढ़ करने के लिए महिलाओं का क्षमता वर्धन भी किया जाता है। इसके लिए ग्राम स्तर में तकनीकी प्रशिक्षित मत्स्य मित्र द्वारा मछली पालन करने के लिए प्रारंभिक तरीकों को छोड़कर वैज्ञानिक तरीके ( तालाब प्रबंधन, जल जांच, बीच संचयन, आहार प्रबंधन, रोग निराकरण प्रबंधन और बाजारीकरण) से मछली पालन करने के विषय में प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

# सांसद चंदन ने पूर्व मंत्री गायत्री देवी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवादा , (हि. स.)।** नवादा के सांसद चंदन सिंह रविवार को नवादा के पूर्व विधायक कौशल यादव के आवास पर पहुंचकर उनकी मां तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्वर्गीय गायत्री देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्श राजनीतिक जीवन की चर्चा की। सांसद चंदन सिंह ने उनके पुत्र पूर्व विधायक कौशल यादव से मिलकर साढ़े 27 वर्षों के नवादा के राजनीतिक इतिहास में उनके दबदबा पर चर्चा करते हुए उनके कृतित्व के भी चर्चा की। पूर्व विधायक कौशल यादव ने बताया कि 1970 से ही उनकी माता गोविंदपुर की विधायक रही। एक बार नवादा से भी विधायक रही। साढ़े 27 वर्ष के राजनीतिक जीवन में उन्होंने एक आदर्श कायम किया। जिसे 15 वर्षों तक मैंने भी अपने पत्नी के साथ आगे बढ़ाया। कौशल यादव ने यह भी बताया कि 21 अप्रैल को उनके श्राद्धकर्म के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित किए गए हैं। जिसमें बिहार के कई



नामचीन राजनीतिक हस्तियां हिस्सा लेंगे। सांसद चंदन सिंह ने कौशल यादव को भरोसा दिलाते हुए कहा कि निश्चित तौर पर हम सब मिलकर पूर्व मंत्री स्वर्गीय गायत्री देवी के आदर्शों पर चलकर नवादा जनता के हितों की रक्षा करेंगे। सांसद ने कहा कि गायत्री देवी ने मंत्री होते हुए भी लंबे समय तक सामाजिक मयार्दाओं के साथ ही राजनीतिक मयार्दा का निर्वहन किया। जिसकी जितनी भी चर्चा की जाए कम ही होगी।

# समाजिक उत्थान समाजिक लोगों के एक जुटता से ही संभव है : अरबिंद



**किशनगंज, (हि.स.)।** जिला अंतर्गत वनवासी कल्याणार्थ धनसंग्रह अभियान का शुभारंभ हो चुका है। इस पुनित कार्य का शुभारंभ विश्व हिन्दु परिषद के जिला मंत्री संजय सिंह ने 2100 रुपये का नगद सहयोग राशि देकर शुभारंभ किया। शहर से सटे चकला पंचायत फुलवाड़ी ग्राम के भुवेन नगर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह देवदास, विभाग प्रचारक अरविन्द जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित एक बैठक इस अभियान के शुभारंभ हुआ। इस धन संग्रह अभियान के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए विभाग प्रचारक अरविन्द जी ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारत के करीब ढेर लाख गांवो में लगभग 12 करोड़ जनजाति बंधु हमारे समाज से कटे हुए हैं, जबकि वनवासी हमारे ही रक्त बंधु हैं और इसाई मिशनरियों के द्वारा जनजातियों को भ्रमित कर बड़ी संख्या में धर्मान्तरण किया जा रहा है। जिसके कारण ही अलगाववाद एवं आतंकवाद पनप रहें है।इसलिए जनजाति समाज की रक्षा के लिए ही 26 दिसम्बर 1952 में जशपुर नगर (छतीसगढ़) से बालासाहब देशपाण्डे द्वारा वनवासी कल्याण आश्रम संचालित हुआ है और पुरे देशभर में 15 हजार से अधिक स्थानों पर 20 हजार प्रकल्प संचालित है। जिसमें सुदूर वन क्षेत्र ग्रामों के जनजाति समाज को जागरूक एवं उनके बच्चें के भविष्य को सही दिशा देने का कार्य किया जा रहा है। अतः धन संग्रह में आपके द्वारा दिए गये सहयोग राशि का सदुपयोग उक्त कार्य में होना है। इसलिए आप लोगों से हमारी अपील है कि यथासंभव स्वेच्छा से आगें आए और इस अभियान में अपना योगदान दें। कोई अकेला चना भाड़ नही फोड़ता, समाजिक उत्थान समाजिक लोगों के एक जुटता से ही संभव है। इस अवसर पर पर्यावरण प्रमुख मनीश ठाकुर, विरेन्दर मिश्रा, वरिष्ठ ग्रामीण भुवेन लाल सिंह, बुधलाल सिंह सहित अन्य प्रमुख उपस्थित रहें।

# बगहा के शास्त्रीनगर में नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमि पूजन सम्पन्न हुआ

**बगहा, (हि.स.)।** बगहा शास्त्रीनगर के वार्ड नम्बर चौदह में नव कुण्डीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के लिए गायत्री परिजन शारद्धा प्रसाद के आवासीय भूमि स्थल पर भूमि पूजन सुबह दस बजे गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार बगहा गायत्री शक्ति पीठ के मुख्य ट्रस्टी प्रो. अरविंद नाथ तिवारी ने उक्त जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि नौ कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन 21 अप्रैल से 24 अप्रैल तक गायत्री परिजन शारद्धा प्रसाद के द्वारा किया जा रहा है। यह यज्ञ युगतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार, उत्तराखंड के मार्ग दर्शन में सम्पन्न किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस यज्ञ का उद्देश्य अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक, संरक्षक एवं अभिभावक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ युग ऋषि प० श्रीराम शर्मा आचार्य एवं स्नेह सलिला परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के संरक्षण में मानव में देवत्य का उदय एवं धरती पर स्वर्ग के अवतरण के लिये किया जा रहा है।

गायत्री सद्ज्ञान एवं सद्कर्म के तत्वदर्शन को जन मानस में अवतरित कराना आवश्यक है। गायत्री मंत्र के अवलंबन से एक ओर मनुष्य के बुद्धि क्षमता का अनन्त विस्तार होता है, वही परपूर्ण श्रद्धा और विधि सम्मत किए हुए महायन से पर्यावरण का परिष्कार, संवर्धन एवं समाज में सांस्कृतिक एकता, समरसता और नाई चारे का वातावरण विनिर्मित होता है। इसलिए यह कार्यक्रम प्रातः 08रू00 बजे से शुरू होकर रात्रि 0900 बजे तक, प्रत्येक दिन सम्पन्न होगा। इस बीच नव कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में ज्ञान विज्ञान, देवपूजन, कार्यकर्ता गोष्ठी, संगीत प्रवचन, विभिन्न संस्कार सामूहिक पुंसवन संस्कार आदि निरूशुल्क सम्पन्न किये जायेंगे।

## संपादकीय

# मिट्टी में मिलता माफिया

**उप्र** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विधानसभा में हुंकार हमें आज भी याद है, जब उन्होंने कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। जान के लाले पड़ जाएंगे। माफिया या तो जेल में होगा अथवा उप्र से भाग जाएगा। आज अतीक अहमद की नियति यही लग रही है। अतीक लोकसभा सांसद और कई बार विधायक चुने गए। ऐसे शख्स को माफिया करार देना अजीब लगता है, लेकिन उसका असली चरित्र माफिया का ही रहा है। उसकी कड़ी में मुख्तार अंसारी भी हैं। कुछ और भी होंगे, लेकिन जिस तरह उप्र की स्पेशल टास्क फोर्स ने मुठभेड़ में अतीक के बेटे असद और उसके शूटर गुलाम को ढेर किया है, अतीक जेल की सलाखों के पीछे रह-रह कर रो रहा है, कुनबे की बर्बादी के लिए खुद को कसूरवार मान रहा है, उससे साफ है कि उप्र में 'बाबा की सरकार' माफिया को मिट्टी में मिला कर ही दम लेगी! असद-गुलाम पर 5-5 लाख रुपए के इनाम घोषित थे। प्रयागराज में उमेश पाल की दिनदहाड़े, सरेआम हत्या के संदर्भ में वे वांछित थे। उमेश बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के इकलौते चश्मदीद गवाह थे। अब असद की मां शाइस्ता परवीन पर भी शक की सुई केंद्रित है। अभी तक वह फरार रही है। यदि असद के जनाजे में वह आई, तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है। अतीक और उसके छोटे भाई अशरफ पर साजिश रचने के आरोप हैं। अतीक के दोनों बड़े बेटे लखनऊ जेल में बंद हैं। असद सुपुर्द-ए-खाक किया जा चुका है। छोटे दोनों बेटे सुधार-गृह में बंद हैं। कुछ गुर्गे आज भी फरार हैं। अतीक और उसके करीबियों के महलनुमा मकानों पर बुलडोजर चलाकर, उन्हें जमींदोज किया जा चुका है। अतीक के अपराध, खौफ, यातनाओं के ठिकाने सार्वजनिक हो चुके हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 200 से अधिक बैंक खातों, 100 से ज्यादा बेनामी और अवैध संपत्तियों और 75 लाख रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की है। माफिया का संपूर्ण चक्रव्यूह चिंदी-चिंदी बिखर रहा है। ये तथ्य भी सामने आए हैं कि अतीक के तार पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े थे। उसके लश्कर-ए-तैयबा सरीखे आतंकी संगठन से भी नापाक जुड़ाव थे। अतीक ने पाकिस्तान और हमारे पंजाब के रास्ते विदेशी हथियार और फंडिंग आदि प्राप्त किए थे। क्या यह माफिया भारत-विरोधी भी रहा है? असद और गुलाम करीब 49 दिनों तक पुलिस और खुफिया टीम की आंखों में धूल झोंकते रहे, लेकिन नियति मुठभेड़ की तय थी। अतीक ने मात्र 17 साल की उम्र में ही अपराध को कबूल कर लिया था। जब उसे माफिया माना गया, तो सरकार के बड़े अधिकारी, पुलिसवाले और यहां तक कि नेता भी खौफ खाते थे। उसके आतंक से आतंकित थे। माफिया को 'शेर' मानने की भी गलतफहमियां जारी रहीं, लेकिन आज उसका साम्राज्य वाकई 'मिट्टी' हो चुका है। अब इस माफिया के मिट्टीकरण पर सियासत भी शुरू हो गई है। अतीक मुलायम सिंह यादव और मायावती के करीब और संरक्षण में रहा है, लिहाजा सपा-बसपा के नेताओं ने मुठभेड़ और कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। चूंकि ओवैसी 'मुस्लिमवादी' सियासत करते हैं, लिहाजा वह चिंघाड़ रहे हैं कि पुलिस ही मुठभेड़ में मारती रहेगी, तो अदालतें और जज क्या करेंगे? अदालतों पर ताले लटका देने चाहिए। किसी भी अपराध की सजा सरकार और पुलिस नहीं, न्यायपालिका तय करती है। उप्र में बीते छह साल से भाजपा की योगी सरकार है, लिहाजा आंकड़े गिनाए जा रहे हैं कि इस दौरान कितनी मुठभेड़ें की गईं और उन्हें कोई भी इंसाफ नहीं मिला। हम भी इसी सोच के पक्षधर हैं कि अंतिम न्यायवादी निर्णय अदालत का ही होना चाहिए, लेकिन अतीक जैसे माफिया को अदालतें सजा ही नहीं सुना पा रही हैं, तो सरकार और पुलिस क्या करे? क्या माफियागीरी को जिंदा रहने दें, फलने-फूलने दें? इस पहलू पर भी विचार किया जाना चाहिए।

> अतीक और उसके छोटे भाई अशरफ पर साजिश रचने के आरोप हैं। अतीक के दोनों बड़े बेटे लखनऊ जेल में बंद हैं। असद सुपुर्द-ए-खाक किया जा चुका है। छोटे दोनों बेटे सुधार-गृह में बंद हैं। कुछ गुर्गे आज भी फरार हैं। अतीक और उसके करीबियों के महलनुमा मकानों पर बुलडोजर चलाकर, उन्हें जमींदोज किया जा चुका है। अतीक के अपराध, खौफ, यातनाओं के ठिकाने सार्वजनिक हो चुके हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 200 से अधिक बैंक खातों, 100 से ज्यादा बेनामी और अवैध संपत्तियों और 75 लाख रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की है। माफिया का संपूर्ण चक्रव्यूह चिंदी-चिंदी बिखर रहा है। ये तथ्य भी सामने आए हैं कि अतीक के तार पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े थे। उसके लश्कर-ए-तैयबा सरीखे आतंकी संगठन से भी नापाक जुड़ाव थे।

## कुछ अलग

# स्थानांतरण का जखीरा

**ट्रांसफर** के चक्रव्यूह को तोडक़र सामने आए एक अदालती फैसले ने बता दिया है कि ऐसी अर्जियों के कान कैसे पकड़े जा सकते हैं। हाई कोर्ट ने अपनी तरह के सख्त निर्णय में न केवल ट्रांसफर की फाइल को बेनकाब किया है, बल्कि इसकी मुख्य भूमिका में आए बिजली बोर्ड के दो सहायक अभियंताओं को समझा दिया है कि सरकारी सेवा में दायित्व का निर्वहन किस तरह संभव है। स्थानांतरण कोई ऐसा अधिकार या राजनीतिक प्रभाव नहीं कि कोई भी सरकारी नौकर एक ही शहर में तीन दशक गुजार दे, लेकिन शिमला की आबोहवा तथा राजधानी ने ऐसी संस्कृति पैदा कर दी है कि यहां लोग एक ही दायरे में घूम रहे हैं या कुर्सियों से चस्पां हैं। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान तथा न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह की खंडपीठ ने चार किलोमीटर दूर हुए स्थानांतरण के खिलाफ आई याचिका पर ऐतिहासिक निर्णय दिया है। शिमला की परिधि में पिछले तीस दशकों से खुद को चिपकाने में माहिर ये अधिकारी, अंततः अदालत के आदेश से किन्नौर और लाहुल भेजे जा रहे हैं। बावजूद इसके कि यह निर्णय कड़े संदेश लेकर तमाम ट्रांसफरों की फेहरिस्त में सवाल पैदा कर रहा है, प्रदेश ने आजतक ऐसी क्रियाविधि नहीं अपनाई ताकि पूरी पारदर्शिता से सरकारी ढांचे में लोग काम कर सकें। स्थानांतरण का जखीरा सरकारी कार्यसंस्कृति पर इस कद्र हावी है कि सरकारें तो बदल जाती हैं, लेकिन नौकरी के झुंड में कर्मचारियों की सत्ता बरकरार रहती है। आज तक किसी भी सरकार ने स्थानांतरण जैसे विषय पर स्पष्टता से न तो कुछ कहा और न ही नीति-नियम निधार्रित किए। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर आई वर्तमान सुक्खू सरकार से ऐसी आशा है कि प्रदेश भर में ट्रांसफर के मेले रुकेंगे तथा इनकी निरंतरता में केवल विभागीय आवश्यकताएं तथा संदर्भ ही निर्णायक हो पाएंगे। सुक्खू सरकार ने अभी तक ऐसा संकेत नहीं दिया है कि स्थानांतरण प्रक्रिया में इसके पूर्वाग्रह हैं, बल्कि पिछली सरकार के कर्मचारी, अधिकारी व नौकरशाह ही अहम पदों पर बरकरार हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे विभागों में स्थानांतरण पर कुछ आरंभिक निर्देश आए हैं, जिनसे कार्यसंस्कृति को सुकून से दायित्व निर्वहन में आत्मबल मिल रहा है, फिर भी एक व्यापक, सक्षम व व्यावहारिक स्थानांतरण नीति के तहत नियम सामने आने चाहिएं। माननीय अदालत ने अपने सामने आए एक मामले को जरूर अंजाम तक पहुंचाया है, लेकिन ट्रांसफर के अधिकांश मामलों में केवल एक स्थायी परिक्रमा जारी है। ट्रांसफर एक कवर की तरह कई लोगों के मंतव्य को बचा रहा है। यहां कृत्रिम तौर पर श्रृंखलाएं बनाई जा रही हैं और जहां गणित के किसी फार्मूले की तरह विभिन्न पदों की म्यूजिकल रेस, आपसी समझौते के तहत पूर्ण होती है। जाहिर है सत्ता के केंद्र में सर्वप्रथम शिमला के इर्द-गिर्द ट्रांसफर पैटर्न को समझें तो मालूम होगा कि कितने लोगों को पांगी, भरमौर, सिरमौर, शिलाई, डोडरा-क्वार, काजा या किन्नौर में होना चाहिए। स्थानांतरण को जवाबदेही, परफार्मेंस और कार्य दक्षता के हिसाब से जोडऩा होगा, जबकि इसका मूल प्रारूप घर से दूरी तथा कार्य क्षेत्र की सहूलियतों से जुडऩा चाहिए। मसलन स्थानांतरण की न्यूनतम निकटता कम से कम बीस किलोमीटर होनी चाहिए और इसी के हिसाब से भत्तों का भुगतान होना चाहिए। केवल शिमला में ही राजधानी भत्ता क्यों। हर उस व्यक्ति को ऐसा विशेष भत्ता उसके घर से पचास, सौ किलोमीटर या इससे अधिक दूरी पर नौकरी करने के हिसाब से दिया जाए, तो अधिकांश स्थानांतरण वर्जित लोगों की जेब कटेगी। प्रदेश में स्थानांतरण के विशेषाधिकार पर कब्जा किए राज्य सचिवालय की कार्यसंस्कृति की दुरुस्ती भी इस लिहाज से आवश्यक है। एक तो सचिवालय में स्थापित लोग पूरे प्रदेश से अनभिज्ञ रहते हैं, दूसरे इन्हीं के कक्ष में स्थानांतरण प्रक्रिया की कुंजी रहती है।


## भाजपा ने राजपूत समाज के सातवीं बार विधायक बने राजेंद्र राठौड़ को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया

# सबसे बड़ा सवाल- राजस्थान में इस बार के विधानसभा चुनाव में राज बदलेगा या रिवाज

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> भाजपा सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं का मानना है कि प्रदेश की जनता गहलोत सरकार को हटाकर राज बदलने को तैयार बैठी है। वोट पड़ेंगे तब राज बदल जाएगा। राजस्थान में सबसे पहले आम आदमी पार्टी ने कोटा के नवीन पालीवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करना प्रारंभ कर दिया है। आप ने विधानसभा चुनाव का प्रभारी राज्यसभा सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक को पहले ही नियुक्त कर रखा है। दिल्ली के द्वारका से विधायक विनय मिश्रा को राजस्थान का प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी ने दिल्ली, पंजाब और गुजरात के 7 विधायकों- अमनदीप सिंह गोल्डी, नरेश यादव, चेतर वसावा, नरेंद्र पाल सिंह सवाना, हेमंत खावा, शिवचरण गोयल और मुकेश अहलावत को सह प्रभारी लगाया है।

**राजस्थान** विधानसभा के चुनाव होने में सिर्फ सात महीने का समय रह गया है। ऐसे में अब सभी राजनीतिक दल अपने संगठन को मजबूत बना कर चुनावी व्यूह रचना बनाने में लग गए हैं। जहां सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मानना है कि उनकी लोक हितकारी योजनाओं से इस बार के चुनाव में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज बदल जाएगा। वहीं भाजपा सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं का मानना है कि प्रदेश की जनता गहलोत सरकार को हटाकर राज बदलने को तैयार बैठी है। वोट पड़ेंगे तब राज बदल जाएगा। राजस्थान में सबसे पहले आम आदमी पार्टी ने कोटा के नवीन पालीवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करना प्रारंभ कर दिया है। आप ने विधानसभा चुनाव का प्रभारी राज्यसभा सांसद व पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक को पहले ही नियुक्त कर रखा है। दिल्ली के द्वारका से विधायक विनय मिश्रा को राजस्थान का प्रभारी बनाया गया है। इसके साथ ही पार्टी ने दिल्ली, पंजाब और गुजरात के 7 विधायकों- अमनदीप सिंह गोल्डी, नरेश यादव, चेतर वसावा, नरेंद्र पाल सिंह सवाना, हेमंत खावा, शिवचरण गोयल और मुकेश अहलावत को सह प्रभारी लगाया है। पार्टी कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जयपुर में रोड शो करके एक जनसभा को भी संबोधित कर चुके हैं। हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का ट्रैक रिकॉर्ड बहुत ही खराब रहा था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रहे रामपाल जाट को 628 वोट ही मिल पाए थे। यही हाल अन्य प्रत्याशियों का रहा था। 2018 के चुनाव में आप को प्रदेश में 0.38 प्रतिशत वोट मिले थे। हालांकि अब पार्टी के नेता प्रदेश में अगली सरकार बनाने का दावा कर रहे हैं। राजस्थान में मुख्य विपक्षी दल भाजपा भी विधानसभा चुनाव की तैयारी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 1.22 प्रतिशत यानी एक लाख 77 हजार 699 वोट अधिक प्राप्त कर 79 सीट अधिक जीत ली थी। वहीं इतने वोटों के अंतर पर भाजपा की 90 सीटें कम हो गई थी। जिससे भाजपा सत्ता से बाहर हो गई थी।



अपनी पिछले विधानसभा चुनावों की कमी को दूर करने के लिए भाजपा अभी से जुट गई है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा प्रदेश की राजनीति में सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर काम कर रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर ब्राह्मण समाज के चंद्रप्रकाश जोशी (सीपी जोशी) को नियुक्त किया गया है। सीपी जोशी चित्तौड़गढ़ से दूसरी बार लोकसभा सदस्य हैं। जयपुर में कुछ दिनों पूर्व ही ब्राह्मण समाज ने लाखों लागों को एकत्रित कर एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया था। जिसमें ब्राह्मण समाज ने प्रदेश की सभी पार्टियों से उनके समाज को सत्ता में अधिक भागीदारी देने की मांग की थी। उस सम्मेलन के कुछ दिनों बाद ही भाजपा ने सीपी जोशी की प्रदेश अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी कर दी। भाजपा ने राजपूत समाज के सातवीं बार विधायक बने राजेंद्र राठौड़ को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त किया है। जबकि प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए गए डॉक्टर सतीश पूनियां को विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष बना कर जाट समाज को भी साधने का काम किया है। सतीश पूनियां पहली बार आमेर से विधायक बने हैं। इसलिए उन्हें उपनेता का पद ही मिल पाया है। चर्चा है कि मीणा समाज के राज्यसभा सदस्य डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा को केंद्र में मंत्री बनाया जा सकता है। राजपूत समाज के गजेंद्रसिंह शेखावत, यादव (अहीर) समाज के डॉक्टर भूपेंद्र यादव, ब्राह्मण समाज के अश्विनी वैष्णव केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। जाट समाज के कैलाश चौधरी, अनुसूचित जाति के अर्जुन राम मेघवाल केंद्र सरकार में राज्य मंत्री हैं। बनिया समाज के ओम बिरला लोकसभा अध्यक्ष हैं। वही गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बनाया गया है। झुंझुनू से सांसद, केंद्र सरकार में उप मंत्री, अजमेर जिले के किशनगढ़ से विधायक व पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे जगदीप धनखड़ भी उपराष्ट्रपति पद पर हैं। गुर्जर समाज की अलका गुर्जर भाजपा की राष्ट्रीय सचिव हैं। ओमप्रकाश माथुर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य हैं। अभी तक पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे या उनके किसी समर्थक को भाजपा चुनाव अभियान समिति का संयोजक बनाने की चर्चा चल रही थी। मगर कांग्रेस नेता सचिन पायलट द्वारा उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद पार्टी में उनकी भूमिका कम हो सकती है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असद्दुदीन ओवैसी भी प्रदेश में अपनी पार्टी संगठन को मजबूत करने में लगे हुये हैं। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का पूरा संगठन पार्टी अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल के इर्द गिर्द ही घूमता रहता है। बेनीवाल ने हाल ही में दिल्ली में अपनी पुत्री का जन्मदिन मनाया था। जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान शामिल हुये थे। कार्यक्रम में सभी दलों के बड़े नेता आये थे। कांग्रेस की चुनावी कमान पूरी तरह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संभाल रखी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी संगठन के काम में लगे हैं। उन्हें अध्यक्ष बने तीन साल होने वाले हैं। ऐसे में चर्चा चल रही है कि प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर किसी अन्य नेता को नियुक्त किया जा सकता है। यदि प्रदेश अध्यक्ष बदला जाता है तो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पूरा प्रयास रहेगा कि उनके समर्थक महेश जोशी, महेंद्र चौधरी, नरेंद्र बुडानिया, लालचंद कटारिया, रघु शर्मा में से किसी को अध्यक्ष बनाया जाए ताकि चुनाव में उनके मन मुताबिक टिकटों का वितरण हो सके। कांग्रेस के 400 में से 367 ब्लॉक अध्यक्षों की तो नियुक्तियां हो चुकी हैं। मगर अधिकांश जिला अध्यक्षों के पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। इस कारण नीचे के स्तर पर संगठन पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पा रहा है। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने हाल ही में 3 विधायकों- अमित चाचान, इंद्राज सिंह गुर्जर, प्रशांत बैरवा सहित कुल 8 लोगों को पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया है। वहीं सात लोगों को मीडिया पैनलिस्ट और तीन लोगों को मीडिया कोऑर्डिनेटर बनाया गया है।

# इतिहासबोध राष्ट्रबोध का आधार

> इतिहास का अर्थ है–ऐसा ही हुआ था। भारतीय जीवन दृष्टि में इतिहास कभी बूढ़ा नहीं होता। यह अजर अमर आख्यान है। इतिहास के वृक्ष पर नित नया वसंत खिलता रहता है। सूर्य उगते हैं। प्रतिपल नया सूर्योदय होता है। इसके पहले ऊषा आती है। बार–बार आती है। मधु मास आते हैं। नए फूल फल उगते हैं। ऋतुएं नया रंग रूप लेती हैं। मनुष्य और प्रकृति की प्रीति चलती रहती है। संघर्ष भी चलते हैं। मनुष्य मनुष्य से परस्पर लड़ते हैं। हिंसा होती है। मनुष्यता पश्चाताप में होती है। इतिहास के अंत:करण में ऐसी सारी घटनाएं संकलित रहती हैं। भारतीय इतिहास की शुरुआत सृष्टि सृजन की मधुमय मुहूर्त से होती है। ऋग्वेद के एक मंत्र (10.72.2) में कहते हैं, 'देवताओं के जन्म से पहले असत से सत का उद्भव हुआ।स्र सृष्टि उगती है। इतिहास का गायन शुरू हो जाता है।' बड़ी बात है कि ऋषि उस कालखंड का वर्णन कर रहे हैं जब देवता भी नहीं थे। ऋग्वेद के ऋषि सृष्टि संरचना से इतिहास का क्रम शुरू करते हैं। यूरोपीय तर्ज के इतिहास लेखक इसे प्रागैतिहासिक काल बता कर छुट्टी पा जाते हैं। पहले समय नहीं था।

**राष्ट्रीय** शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा दसवीं, ग्यारहवीं व बारहवीं की पुस्तकों में कतिपय संशोधन किए गए हैं। इन पुस्तकों में बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक पाठ्यक्रम बनाए जाते हैं। विषय विशेषज्ञों की समिति विचार करती है। अन्य विषय की पुस्तकों में भी संशोधन हुए हैं। लेकिन इतिहास की पुस्तकों में हुए कतिपय संशोधनों को लेकर बहस चल रही है। अध्ययन की दृष्टि से इतिहास, संस्कृति और दर्शन महत्वपूर्ण विषय माने जाते हैं। इतिहासबोध राष्ट्रबोध का आधार है। भारत में इतिहास संकलन की विशेष परंपरा रही है। यूरोपीय तर्ज के इतिहास में राजाओं और सामंतों के संघर्षों का वर्णन ज्यादा होता है। भारतीय इतिहास में संस्कृति का विवरण महत्वपूर्ण होता है। इतिहास सर्वोच्च मार्गदर्शी होता है। सृष्टि के उदय से लेकर अब तक का विवरण इतिहास है। इतिहास का अर्थ है-ऐसा ही हुआ था। भारतीय जीवन दृष्टि में इतिहास कभी बूढ़ा नहीं होता। यह अजर अमर आख्यान है। इतिहास के वृक्ष पर नित नया वसंत खिलता रहता है। सूर्य उगते हैं। प्रतिपल नया सूर्योदय होता है। इसके पहले ऊषा आती है। बार-बार आती है। मधु मास आते हैं। नए फूल फल उगते हैं। ऋतुएं नया रंग रूप लेती हैं। मनुष्य और प्रकृति की प्रीति चलती रहती है। संघर्ष भी चलते हैं। मनुष्य मनुष्य से परस्पर लड़ते हैं। हिंसा होती है। मनुष्यता पश्चाताप में होती है। इतिहास के अंतःकरण में ऐसी सारी घटनाएं संकलित रहती हैं। भारतीय इतिहास की शुरुआत सृष्टि सृजन की मधुमय मुहूर्त से होती है। ऋग्वेद के एक मंत्र (10.72.2) में कहते हैं, 'देवताओं के जन्म से पहले असत्‌ से सत्‌ का उद्भव हुआ। सृष्टि उगती है। इतिहास का गायन शुरू हो जाता है।' बड़ी बात है कि ऋषि उस कालखंड का वर्णन कर रहे हैं जब देवता भी नहीं थे। ऋग्वेद के ऋषि सृष्टि संरचना से इतिहास का क्रम शुरू करते हैं। यूरोपीय तर्ज के इतिहास लेखक इसे प्रागैतिहासिक काल बता कर छुट्टी पा जाते हैं। पहले समय नहीं था। सृष्टि सृजन के शुरुआत के साथ गति हुई और गति से समय का जन्म हुआ। ऋग्वेद के ऋषि इसके भी पहले का वर्णन करते हैं, 'तब न सत्‌ था न असत्‌ था। भू, आकाश आदि भी नहीं थे। न दिन था न रात्रि। वायु भी नहीं थी।' यह भारतीय दृष्टि का इतिहास है। असिमोव ने वर्ल्ड क्रोनोलॉजी में बताया है कि अग्नि की खोज मानव जीवन की महत्वपूर्ण घटना है। ऋग्वैदिक ऋषि अग्नि की खोज का श्रेय भारतीय पूर्वजों को देते हैं। कहते हैं, 'मनु ने मानवता के हित में अग्नि की स्थापना की। (1.36.19) मनु के बारे में कहते हैं, 'वह हम सब के पिता हैं।' भारत में इतिहास की ज्ञान उपासना प्राचीन है। इस इतिहास में अतीत के तथ्य काव्य रूप में हमारे सामने आते हैं। यह शैली लोकमंगल से जुड़ी प्रकृति की शक्तियों को देवता रूप देती हैं। लेकिन इतिहास के प्रति सजगता बनी रहती है। एक सुन्दर सूक्त (10.14.15) में कहते हैं, 'इदं नमः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृष्टभ्यः, ऋषिभ्यः - पूर्वजों को नमस्कार है। वरिष्ठों को नमस्कार है। मार्गदर्शक ऋषियों को नमस्कार है।' पूर्वज पूर्वकाल में हुए थे और पूर्व काल का विवरण इतिहास है। अथर्ववेद के पन्द्रहवें अध्याय में अथर्वा ने व्रात्य नाम के देवता का विवरण दिया है। वेदों में व्रात्य शब्द का अर्थ उच्चतर आध्यात्मिक चेतना के लिए प्रयुक्त हुआ है। यह विवरण इतिहास दृष्टि का सुन्दर उदाहरण है, 'व्रात्य ने उच्चतर स्थिति प्राप्त होते ही ब्रह्मा का मार्गदर्शन प्राप्त किया। ब्रह्मा ने सृष्टि रचना की।' ऋषि व्रात्य की यात्रा का सुन्दर वर्णन करते हैं। सूक्त 6 में कहते हैं, 'उसने ऊर्ध्व दिशा की ओर प्रस्थान किया। भूमि, अग्नि औषधियां, वनस्पतियां उसके अनुकूल हो गईं। जो यह तथ्य जानते हैं वह उक्त सभी तत्वों को अपने अनुकूल कर लेते हैं।' यहां समस्त भौतिक जगत को अपने अनुकूल करने की प्रेरणा है। कर्तव्य पालन करने वाला व्यक्ति हमेशा गतिशील रहता है। प्रारम्भिक चरण में वह भौतिक जगत को अपने अनुकूल करता है। फिर कहते हैं, 'व्रात्य ने ऊर्ध्व दिशा की ओर प्रस्थान किया। ऋत, सत्य, सूर्य और नक्षत्र उसके अनुकूल हो गए और पीछे चलने लगे।' यहां चेतना के ऊर्ध्वगमन की बात कही गई है। फिर कहते हैं कि व्रात्य ने वृहती दिशा की ओर प्रस्थान किया। तब इतिहास, पुराण और नारसंशी गाथाएं उसके साथ चलीं। अथर्ववेद में इतिहास का यह उल्लेख ध्यान देने योग्य है। यहां इतिहास भी परिश्रमी व्यक्ति के साथ चलता हुआ बताया गया है। हिन्दुओं पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप पुराना है। अलबेरुनी का आरोप था कि'हिन्दू चीजों के ऐतिहासिक क्रम पर ध्यान नहीं देते। वे अपने सम्राटों के कालक्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।' निस्संदेह भारत में युद्धों आदि के विवरण का संकलन कालक्रमानुसार नहीं किया गया। वस्तुतः भारतीय इतिहासवेत्ताओं और पुराणकारों की दृष्टि भविष्य की ओर थी। हिन्दुओं ने इतिहास से प्रेरक और अनुकरणीय पात्रों को महत्व दिया है। वैदिक ऋषियों और पुराणकारों ने प्रेय और श्रेय को मंत्र बनाया। काव्य की तरह गाया। लोकस्मृति आखिरकार है क्या? वस्तुतः यह इतिहास का ही स्वर्ण कोष है। श्रीराम भी राजा हैं। भारतीय इतिहास में ढेर सारे राजा हुए। लेकिन राजा रामचंद्र भारत की श्रुति में, गीत में, परस्पर बतरस में गांव-गली तक चर्चा पाते हैं। श्रीकृष्ण भी ऐतिहासिक नायक हैं। राम राज्य विश्व का आदर्श राज्य है। इतिहास के लाडले राजा हरिश्चंद्र भी महत्वपूर्ण नायक हैं। देश के प्रत्येक गांव-घर में हरिश्चंद्र नाम के हजारों लोग मिलते हैं। सवा अरब की जनसंख्या में ज्यादातर नाम राम, कृष्ण, हरिश्चंद्र जुड़े हुए हैं। राम प्रसाद, राम नाइक, राम भरोसे, राम बहादुर जैसे नाम इतिहास में हैं। और आधुनिक भारत में भी गांव गली तक चर्चित हैं। प्राचीन भारत में इतिहास का नाम 'पुरावृत्त' था। यह अमरकोश में सुरक्षित है। उत्तर वैदिक काल की छान्दोग्य उपनिषद में नारद ने सनत्कुमार को बताया था कि मैंने इतिहास और पुराण पढ़े हैं। कालिदास ने रघुवंश में लिखा है कि विश्वामित्र ने राम को पुरावृत्त सुनाया था। भवभूति और राजशेखर ने रामायण को इतिहास बताया है। महाभारत भी इतिहास है। इस इतिहास में यक्ष प्रश्न हैं। ऋग्वेद इस इतिहास का प्राचीनतम विवरण है। इस इतिहास में ऋग्वेद है और ऋग्वेद में इतिहास है। सुदास वैदिक इतिहास के राजा हैं। दस राजाओं से सुदास का युद्ध हुआ था। यह बड़ा युद्ध था। (7.83.7) यह हजारों वर्ष प्राचीन इतिहास है। गीता के चौथे अध्याय के पहले व दूसरे श्लोक में इतिहासबोध है, 'हे अर्जुन यह योग पहले विवस्वान को दिया था। उन्होंने मनु को बताया और मनु ने इक्ष्वाकु को। इतिहास की इसी परंपरा में राजऋषियों ने इस ज्ञान का प्रवाह बनाए रखा लेकिन दीर्घकाल में यह ज्ञान नष्ट हो गया। कृष्ण ने कहा वही ज्ञान मैं तुमको बता रहा हूं।' ऋग्वेद से लेकर महाभारत पुराणकाल तक का इतिहास प्राचीन ग्रंथों में सुरक्षित है। इससे भी ज्यादा वह भारत की लोक स्मृति में गांव-गली तक फैला हुआ है। इसके बाद मध्यकाल में मुगल सत्ता व आधुनिक काल में ब्रिटिश सत्ता है। इस इतिहास का विरूपण हुआ है। निष्पक्ष ही इतिहास आधुनिक पीढ़ी को जिज्ञासु विज्ञानी बनाएगा।

## नागरिक बोध

# आप कोई पढ़ाई किसी पर जबरन न लादिए

**सभापति** महोदय, देश के मशहूर सांसद सोमनाथ चटर्जी द्वारा प्रस्तुत नियम 193 के आधीन शिक्षा के भगवाकरण पर माननीय सदस्य बहस कर रहे हैं।... इस पर मैं भी कुछ बोलना चाहता हूं। शिक्षा का भगवाकरण, मतलब शिक्षा में सांप्रदायिकता को लाने का काम 1995 से हो रहा है। सन 1998 में देश भर के शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन हुआ, उसमें आरएसएस के संगठन विद्या भारती द्वारा एक नोट प्रस्तुत किया गया, जिसमें कहा गया था कि संविधान में अल्पसंख्यक और भाषायी अल्पसंख्यक लोगों को अनुच्छेद 29 और 30 के अंदर जो संरक्षण और प्रोत्साहन दिया गया है, उसमें संशोधन करके अल्पसंख्यक के बदले नागरिक लिख दिया जाए। यह साजिश हो रही है कि संविधान में संशोधन कर दिया जाए। ...हाल ही में नौ राज्यों के शिक्षा मंत्रियों ने दिल्ली में आकर 'रेजोल्यूशन' दिया है कि जो नया पाठ्यक्रम जोड़ने की बात है, उसमें जो सांप्रदायिक तत्व नैतिक शिक्षा के नाम पर लाए जा रहे हैं, उसे वापस लिया जाए, नहीं तो वे विरोध करेंगे। क्यों नहीं राज्य सरकारों से परामर्श किया गया? ...एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में जो संशोधन करने की बात हो रही है, उसके लिए राज्य सरकारों से राय क्यों नहीं ली गई, उसके क्या कारण हैं? ...आप में यह हिम्मत नहीं है कि आप कहें कि शिक्षा का हम भगवाकरण करेंगे। पंचतंत्र, हितोपदेश, संस्कृत भाषा, गीता, वेद और पुराण सबका जिक्र सदन में हो रहा है। पंचतंत्र में एक बड़ी मजेदार कहानी है कि एक विशाल वृक्ष पर एक जरदगव नाम का बूढ़ा गिद्धराज रहता था और उस पेड़ पर विभिन्न प्रकार के पक्षी निवास करते थे। उस पेड़ पर दीर्घकरण नाम का एक बिलाव आया और बोला कि हम एकादशी का व्रत किए हुए हैं और निरामिष हो गए हैं, हमने मांस खाना छोड़ दिया है...। पक्षियों ने उसे वहां रहने दिया, लेकिन जब पक्षी बाहर चले जाते, तो वह उनके बच्चे खा जाता।

## देश दुनीया से

# कट्टर ईमानदार नेताओं की कलई खुलने से जनता के विश्वास को बड़ा धक्का पहुँचा है

**जन** लोकपाल के लिए हुए आंदोलन से उपजी आम आदमी पार्टी से देश को बड़ी उम्मीदें थीं इसलिए देश की राजनीति को बदलने का वादा करने वाले अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने पहले चुनावी मुकाबले में ही सत्ता तक पहुँचा दिया। लेकिन सत्ता मिलते ही केजरीवाल राजनीति को बदलने का उद्देश्य भूल गये और खुद को ही बदल डाला। अन्ना हजारे ने जिस लोकपाल की बात कही थी वह लोकपाल नहीं बनाया, केजरीवाल ने कहा था कि सरकारी सुरक्षा, सरकारी बंगला और गाड़ी नहीं लूंगा लेकिन वह सब भी लिया। केजरीवाल ने कहा था कि हम कट्टर ईमानदारी का परिचय देंगे लेकिन आम आदमी पार्टी ने झाड़ू को किनारे रख कर भ्रष्टाचार रूपी गंदगी को फैलाना शुरू कर दिया। केजरीवाल की सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया शराब घोटाला मामले में जेल गये, स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येंद्र जैन को मनी लॉनड्रिंग मामले में जेल में बंद हुए लगभग साल भर होने वाला है। इससे पहले केजरीवाल की सरकार में मंत्री रहे संदीप कुमार का सेक्स स्कैंडल सामने आने पर उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। उससे पहले केजरीवाल सरकार में गृह मंत्री रहे जितेंद्र तोमर को फर्जी डिग्री विवाद में मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। इसके अलावा केजरीवाल की सरकार में खाद्य और आपूर्ति मंत्री रहे असीम अहमद खान को रिश्वत मामला सामने आने पर मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। हाल ही में केजरीवाल सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र पाल गौतम को भी हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ विवादित बयान के चलते मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। अब खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। इस प्रकार यह आम आदमी पार्टी के सिर्फ दिल्ली के कट्टर ईमानदार नेताओं की एक छोटी-सी तस्वीर है। राष्ट्रीय स्तर पर यह तस्वीर और व्यापक है। चूंकि आम आदमी पार्टी के नेता आजकल अपनी शैक्षिक योग्यता बता रहे हैं इसलिए उनसे पूछा जाना चाहिए कि यह कैसी पढ़ाई लिखाई है कि अरविंद केजरीवाल अर्थव्यवस्था के हालात सुधारने के लिए नोटों पर भगवान की तस्वीर छापने की सलाह देते हैं। यह कैसी कट्टर ईमानदारी है कि केजरीवाल घोटालों के आरोपों का सामना कर रहे लालू यादव से हाथ मिलाते हैं और उनके बेटे तेजस्वी यादव के साथ गठबंधन पर बात करते हैं? यह कैसी कट्टर ईमानदारी है कि केजरीवाल आज उन नेताओं का समर्थन मिलने से गद्गद् होते हैं जिन पर कभी वह महाभ्रष्टाचारी होने के आरोप लगाया करते थे?

> अन्ना हजारे ने जिस लोकपाल की बात कही थी वह लोकपाल नहीं बनाया, केजरीवाल ने कहा था कि सरकारी सुरक्षा, सरकारी बंगला और गाड़ी नहीं लूंगा लेकिन वह सब भी लिया। केजरीवाल ने कहा था कि हम कट्टर ईमानदारी का परिचय देंगे लेकिन आम आदमी पार्टी ने झाड़ू को किनारे रख कर भ्रष्टाचार रूपी गंदगी को फैलाना शुरू कर दिया। केजरीवाल की सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया शराब घोटाला मामले में जेल गये, स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येंद्र जैन को मनी लॉनड्रिंग मामले में जेल में बंद हुए लगभग साल भर होने वाला है। इससे पहले केजरीवाल की सरकार में मंत्री रहे संदीप कुमार का सेक्स स्कैंडल सामने आने पर उन्हें मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। उससे पहले केजरीवाल सरकार में गृह मंत्री रहे जितेंद्र तोमर को फर्जी डिग्री विवाद में मंत्री पद छोड़ना पड़ा था। इसके अलावा केजरीवाल की सरकार में खाद्य और आपूर्ति मंत्री रहे असीम अहमद खान को रिश्वत मामला सामने आने पर मंत्री पद छोड़ना पड़ा था।

यह कैसी कट्टर ईमानदारी है कि हर चुनाव के समय आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर टिकट बेचने के आरोप उनके अपने ही कार्यकर्ता लगाते हैं? साथ ही यह कैसी समाजसेवा है कि राजनीति में प्रवेश के समय आप शराब की दुकानों पर प्रतिबंध की बात करते हैं और सत्ता मिलते ही गली गली में शराब की दुकानें खुलवा देते हैं और दारू की एक बोतल पर दूसरी बोतल फ्री देने लगते हैं? केजरीवाल और उन जैसे तमाम नेता जो केंद्र सरकार पर सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हैं उन्हें समझना चाहिए कि कोई भी एजेंसी सजा तो देती नहीं है। एजेंसी पूछताछ के दौरान हासिल किये गये तथ्यों से न्यायालय को अवगत करायेगी और यदि न्यायालय संतुष्ट हुआ तभी आगे की विधिक कार्रवाई होगी। इसलिए अनर्गल आरोप-प्रत्यरोप से बचना चाहिए और एजेंसियों के साथ सहयोग करना चाहिए।



# नेपाल के नए विदेश मंत्री होंगे नारायण प्रसाद सऊद, नेपाली कांग्रेस के नेता हैं

**काठमांडू।**
**नेपाली कांग्रेस के नेता नारायण प्रसाद सऊद नेपाल के नये विदेश मंत्री होंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि वह शपथ लेंगे। सऊद को विदेश मंत्री बनाने का निर्णय सीपीएन-माओवादी सेंटर के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल की उपस्थिति में सत्तारूढ़ गठबंधन की बैठक के दौरान लिया गया। साठ वर्षीय नारायण प्रसाद सऊद नेपाली कांग्रेस की केंद्रीय समिति के भी सदस्य हैं।**

### भारत दक्षिण की आवाज, हमारे मुद्दे जी-20 तक पहुंचा रहा : युगांडा

भारत में युगांडा की उच्चायुक्त जॉयस काकूरामत्सी किकाफुंडा ने कहा कि भारत दक्षिण की आवाज है और युगांडा जैसे छोटे देशों के मुद्दों को जी-20 जैसे अहम मंचों तक पहुंचा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि युगांडा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक मजबूत दोस्त के तौर पर देखता है। कोविड के चरम संकट के दौरान भारत की तरफ से युगांडा को भेजी गई मदद पर को लेकर उन्होंने कहा, जब दुनिया के बड़े देश सिर्फ अपने चिंता में लगे थे, तब भारत ने उनकी मदद की थी, इसे युगांडा के लोग कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने कहा, अफ्रीका और खासतौर पर युगांडा के साथ भारत का रिश्ता दूसरे देशों जैसा नहीं है, जो हमेशा बदले में कुछ न कुछ चाहते हैं। बल्कि, भारत जब भी युगांडा में कोई समस्या देखता है तो बदले में कुछ भी पाने की इच्छा के बिना यथासंभव मदद करता है।

### इस्राइल के अर्थव्यवस्था मंत्री बरकत भारत दौरे पर

इस्राइल के अर्थव्यवस्था मंत्री नीर बरकत भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने के लिए चार-दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचेंगे। इस दौरान वह मुंबई का भी दौरा करेंगे। इस्राइल की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक, बरकत की इस यात्रा में वाहन, वित्त-प्रौद्योगिकी और जलवायु प्रौद्योगिकी पर मुख्य रूप से जोर रहेगा। इस्राइल का एशिया में भारत दूसरा बड़ा और दुनिया में नौंवा बड़ा कारोबारी साझेदार है।

### मोजाम्बिक : जयशंकर ने किया प्राचीन राम मंदिर का दौरा

मोजाम्बिक की यात्रा समाप्त करने से पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भगवान राम के सदियों पुराने सलामंगा मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी से मुलाकात कर द्विपक्षीय विकास के उपायों पर चर्चा की थी। उन्होंने इस दौरान व्यापार, निवेश और रक्षा क्षेत्रों में साझेदारी पर काम करने की भी प्रतिबद्धता जताई।


## न्यूज ब्रीफ

### इमरान खान सरकार में मंत्री रहे जैदी को सिंध पुलिस ने किया गिरफ्तार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सरकार में मंत्री रहे अली हैदर जैदी को सिंध पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पीटीआई के वरिष्ठ नेता पर धोखाधड़ी और धमकी देने का आरोप है। पाकिस्तानी लोकल मीडिया के मुताबिक उनके पास एफआईआर की एक कॉपी आई है। सिंध के रहने वाले फजल इलाही ने इब्राहिम हैदरी पुलिस थाने में नेता के खिलाफ शिकायत की थी। इसके बाद नेता को गिरफ्तार कर लिया गया। पीटीआई नेता की बेटी सच्चा जैदी ने बयान में कहा था कि उनके पिता ने ईमानदारी और निष्ठा के साथ देश सेवा की है। बेटी ने कहा कि पाकिस्तान के लिए खड़ा होने के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। अगर देश के लिए कोई खड़ा हो और उसे ही गिरफ्तार किया जाए, तो देश कैसे विकसित होगा। बता दें, हैदर अली समुद्री मामलों में पूर्व संघीय मंत्री थे। इसके अलावा वह पीटीई सिंध के अध्यक्ष भी हैं। पीटीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिरीन मजारी ने घटना को निंदनीय और अवैध बताया है।

### गलत एड्रेस पर पहुंची पुलिस, निर्दोष पर गोली चलाई : घरेलू हिंसा की शिकायत मिली थी; मेक्सिको की घटना



**मेक्सिको सिटी।** न्यू मेक्सिको में तीन पुलिस ऑफिसर घरेलू हिंसा की शिकायत मिलने पर एक गलत घर पहुंच गए। इस बात का पता होने के बावजूद उन्होंने घर के मालिक- 52 साल के रॉबर्ट डोटसन पर गोली चला दी। इतनी ही नहीं पुलिस और मृतक की पत्नी के बीच फायरिंग भी हुई। ये घटना 5 अप्रैल की है। अब पुलिस ने इसका बैडी-कैम फुटेज जारी किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पुलिस एक घर का दरवाजा खटखटा रही है। ऑफिसर्स ने एक मिनट में 3 बार दरवाजे पर नॉक किया, लेकिन किसी ने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद एक ऑफिसर्स कन्फ्यूज होकर दूसरे ऑफिसर से घर का एड्रेस पूछता है। वो कहता है- ये हाउस नंबर 43 है या 53। दोनों ऑफिसर के बीच कुछ सेकेंड बातचीत होती है। वो हंसते हैं और वापस जाने लगते हैं। इतने में रॉबर्ट डोटसन दरवाजा खोलते हैं और पुलिस ऑफिसर्स उन पर फायरिंग कर देते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रॉबर्ट ने जब दरवाजा खोला तो उनके हाथ में गन थी। ये देखते ही पुलिस ने उन पर फायर कर दिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि गोली लगते ही रॉबर्ट जमीन पर गिर जाते हैं। इसी बीच घर के अंदर मौजूद रॉबर्ट की पत्नी चिल्लाने लगती है। ये जाने बिना की दरवाजे पर कौन है वो भी फायरिंग करने लगती है। एक अधिकारी ने कहा- घर में मौजूद महिला नहीं जानती थी कि दरवाजे पर पुलिस है, इसलिए उस पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। रॉबर्ट के तीनों बच्चे फायरिंग के दौरान घर में मौजूद थे। उनकी बेटी ने गोलियों की आवाज सुनकर पुलिस को फोन किया। उसने कहा- मेरे घर पर गोलीबारी हो रही है। मेरे पापा की मौत हो गई है। हमें मदद चाहिए।

### व्हाइट हाउस के टॉप अधिकारी ने भारत के साथ संबंधों को सराहा, कहा- दोनों देशों के रिश्ते और मजूबत होंगे



**वॉशिंगटन।** व्हाइट हाउस के अधिकारी ने भारत और अमेरिका के संबंधों पर टिप्पणी की है। अधिकारी का कहना है कि किसी आदमी का किसी भी आदमी के साथ इतना मजबूत रिश्ता नहीं होगा, जितना भारत और अमेरिका का है। यूएस नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के इंडो पैसिफिक कोऑर्डिनेटर कर्ट कैंपबेल का भी कहना है कि इन कुछ सालों में भारत और अमेरिका में एक मजबूत संबंध बने हैं। यह धीरे-धीरे और बेहतर होते चले जाएंगे। भारतीय दूतावास पर आयोजित एक कार्यक्रम में आए हजारों भारतीयों को संबोधित करते हुए कर्ट ने कहा कि यह सिर्फ अमीरों की बैठक नहीं है। यह सिर्फ तकनीकी, सुरक्षा के मुद्दों पर काम करने के बारे में नहीं है। भारत-अमेरिका का रिश्ता एक रिश्ता है, जो लोगों से लोगों के स्तर पर आधारित है। दो व्यक्तियों के बीच भी रिश्ते उतने मजबूत नहीं है, जितने भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते मजबूत हैं।

### सूडान में सेना-पैरामिलिट्री के बीच लड़ाई

# एक भारतीय समेत 56 नागरिकों की मौत, 600 घायल ; 2021 से सत्ता के लिए संघर्ष जारी

**खार्तूम।**
सूडान में मिलिट्री और पैरामिलिट्री रेपिड सपोर्ट फोर्स के बीच जारी लड़ाई में एक भारतीय नागरिक अल्बर्ट ऑगस्टीन की मौत हुई है। भारतीय मिशन ने ट्वीट कर बताया कि गोली लगने से अल्बर्ट की मौत हो गई। वो सूडान में डल ग्रुप कंपनी के लिए काम करता था। वहीं राजधानी खार्तूम सहित कई इलाकों में गोलीबारी और विस्फोट जारी है। हिंसा में अब तक 56 से ज्यादा नागरिकों की मौत हो गई है जिसमें यूएन के 3 कर्मचारी भी शामिल हैं। इसके अलावा अब तक 600 लोग घायल हुए हैं।

इससे पहले बिगड़ते हालातों के बीच भारत सरकार ने सूडान में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी। उन्हें घरों में ही रहने की सलाह दी गई थी। दूसरी तरफ, तख्तापलट की कोशिशों के बीच आरएसएफ ने दावा किया है कि उसकी सेना ने राजधानी में ज्यादातर सरकारी कार्यालयों पर कब्जा कर लिया है।

**सेना ने आरएसएफ लीडर को भगौड़ा अपराधी घोषित किया** - मीडिया से बात करते हुए आरएसएफ लीडर मोहम्मद हमदान डागालो (हेमेदती) ने कहा- जब तक हमारी सेनी सभी आर्मी बेस पर कब्जा नहीं कर लेगी, हम पीछे नहीं हटेंगे। उनके इस बयान के बाद देश की मिलिट्री फोर्स ने आरएसएफ को भंग करने का फैसला किया है। साथ ही डागालो का पोस्टर जारी कर उसे भगौड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया है।



**हिंसा में 3 यूएन कर्मचारियों की मौत** - हिंसा के बीच सूडान की आर्मी ने बयान जारी कर कहा- हम जेट्स के जरिए आरएसएफ के ठिकानों पर हमला कर रहे हैं। लोगों से अपील है कि वो अपने घरों में ही रहें। इससे पहले डार्फर प्रांत के कबकाबिया शहर में एक मिलिट्री बेस पर आरएसएफ के हमले में 3 यूएन कर्मचारियों की मौत हो गई। तीनों यूएन के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के कर्मचारी थे। आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर समुदायों तक खाना पहुंचाने का काम करती है।

**आरएसएफ ने सरकारी कार्यालयों पर कब्जे का दावा किया** - इससे पहले पैरामिलिट्री फोर्स ने खार्तूम के एयरपोर्ट और राष्ट्रपति भवन पर कब्जा करने का दावा किया था। इसके अलावा उन्होंने स्टेट और मिलिट्री हेडक्वार्टर पर भी अपने कंट्रोल की बात कही थी। हालांकि सेना ने उनके दावों को खारिज कर दिया। अलजजीरा चीफ डागालो देश के राष्ट्रपति और मिलिट्री चीफ जनरल अब्देल फतह अल-बुरहान को क्रिमिनल बताते हुए उन पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया।

सूडानी एयरफोर्स ने लोगों को घर के अंदर रहने की अपील की। साथ ही खार्तूम में स्कूलों, बैंकों और सरकारी कार्यालयों को बंद कर दिया गया। राजधानी में गोलियों और विस्फोटों की आवाजें गंजू रही हैं। राजधानी की सड़कों पर तोप और बख्तरबंद गाड़ियां घूम रही हैं। सेना और आरएसएफ मुख्यालय के पास भारी हथियारों के साथ फोर्सेस तैनात हैं।

**शांति की अपील** - वहीं सूडान में बढ़ती हिंसा को देखते हुए अमेरिका, ब्रिटेन और श्व ने तुरंत लड़ाई खत्म करने की अपील की है। यूएन के सेक्रेटरी जनरल ने सेना प्रमुख बुरहान और आरएसएफ चीफ डागालो को फोन कर देश में शांति स्थापित करने के लिए बात की। सूडान में मौजूद रूसी एम्बेसी ने भी फौरन सीजफायर की अपील की है।

वहीं हमले के दौरान सऊदी अरब की फ्लाइट में आग लगने के बाद सऊदी सहित मिस्र ने सूडान जाने वाली फ्लाइट्स पर रोक लगा दी है। चाड देश ने भी सूडान से लगे बॉर्डर को बंद कर दिया है।

सूडान में मिलिट्री और पैरामिलिट्री के बीच वर्चस्व की लड़ाई है। 2019 में सूडान के तब के राष्ट्रपति ओमर अल-बशीर को सत्ता से हटाने के लिए लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे थे।

अप्रैल 2019 में सेना ने राष्ट्रपति को हटाकर देश में तख्तापलट कर दिया। लेकिन फिर लोग लोकतांत्रिक शासन और सरकार में अपनी भूमिका की मांग करने लगे।

इसके बाद सूडान में एक जॉइंट सरकार को गठन हुआ, जिसमें देश के नागरिक और मिलिट्री दोनों का रोल था। 2021 में यहां दोबारा तख्तापलट हुआ और सूडान में मिलिट्री रूल शुरू हो गया।

आर्मी चीफ जनरल अब्देल फतह अल-बुरहान देश के राष्ट्रपति और आरएसएफ लीडर मोहम्मद हमदान डागालो उपराष्ट्रपति बन गए। इसके बाद से आरएसएफ और सेना के बीच संघर्ष जारी है।

सिविलियन रूल लागू करने की डील को लेकर मिलिट्री और आरएसएफ आमने-सामने है। आरएसएफ सिविलियन रूल को 10 साल बाद लागू करना चाहती है जबकि आर्मी का कहना है कि ये 2 साल में ही लागू हो जाना चाहिए।

### सेंट्रल मेक्सिको के वॉटर पार्क में फायरिंग, 7 की मौत

# 7 साल के बच्चे को भी गोली लगी, हमलावरों ने भागने से पहले कैमरे तोड़े



**मेक्सिको सिटी।**
सेंट्रल मेक्सिको के वॉटर पार्क में फायरिंग हुई। एक 7 साल के बच्चे समेत 7 लोगों की मौत हो गई। हमला गुआनाजुआतो राज्य के कोर्टजर शहर के एक रिसोर्ट में हुआ। यहां कई लोग वेकेशन मनाने आए थे। रिसोर्ट के वॉटर पार्क में अचानक हमलावर घुसे और फायरिंग करने लगे।

पुलिस ने कहा कि उन्हें घटनास्थल पर 3 महिलाओं, 3 पुरुषों और एक बच्चे का शव मिला। हमले में एक व्यक्ति को घायल हुआ, उसे अस्पताल ले जाया गया है। फिलहाल हमलावरों को पकड़ा नहीं जा सका है। हमले की वजह भी सामने नहीं आई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

#### हमलावरों ने रिसोर्ट में तोड़फोड़ की

एक पुलिस ऑफिसर ने कहा- हमला मेक्सिको समयानुसार हुआ। गोली चलाने वाले एक से ज्यादा थे। हमें फिलहाल नहीं पता की कुल कितने हमलावरों ने गोलियां चलाईं। फायरिंग के बाद उन्होंने रिसोर्ट को भी काफी नुकसान पहुंचाया। हमलावरों ने एक स्पा में तोड़फोड़ की। वो कैमरे भी तोड़कर भाग गए, जिससे उनकी पहचान न हो सके। हम उनकी तलाश कर रहे हैं।

#### गोलीबारी होती ही अफरा-तफरी मची

सोशल मीडिया पर रिसोर्ट के अंदर बनाया गया एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि स्विमसूट पहने लोग मस्ती कर रहे हैं। तभी गोलीबारी की आवाज आती है। लोग अपनी जान बचाने यहां-वहां भागने लगते हैं। कुछ लोगों को रोते, चिल्लाते भी सुना जा सकता है। वहीं, माता-पिता अपने बच्चों को गले लगाते और उन्हें गोद में लेकर भागते नजर आ रहे हैं। कुछ जमीन पर पड़े कुछ लोगों को भी देखा जा सकता है।

#### मेक्सिको में 2007 से खराब हालात

मिचोआकन और गुआनाजुआतो मेक्सिको के 2 सबसे हिंसक राज्य हैं। इन राज्यों में ड्रग्स तस्करी और ईंधन की अवैध बिक्री जैसे काम होते हैं। इन घटनाओं में शामिल गिरोहों के बीच इस तरह के गैंगवार की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

मेक्सिको में 2007 के बाद से हिंसा और गैंगवार जैसे अपराधों में बढ़ोतरी हुई। 2007 में ड्रग माफियाओं से लड़ने के लिए पूर्व राष्ट्रपति फेलिप काल्डेरन ने सेना को पर उतार दिया था।

## जर्मनी ने बंद किए अपने तीनों न्यूक्लियर पावर प्लांटः यूक्रेन जंग से एक साल की देरी हुई, 60 साल इस्तेमाल के बाद इन्हें खतरा बताया

**बर्लिन।**
जर्मनी ने अपने तीनों न्यूक्लियर पावर प्लांट बंद कर दिए। सरकार ने इन्हें लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। जर्मनी के पर्यावरण मंत्री स्टेफी लेम्के ने कहा कि न्यूक्लियर एनर्जी के मुद्दे पर हमारी स्थिति बिल्कुल साफ है।

उन्होंने कहा, ये न तो सुरक्षित हैं, और न ही पर्यावरण के लिए बेहतर हैं। अपने तीनों न्यूक्लियर प्लांट्स को बंद कर जर्मनी ने 60 साल पहले शुरू हुए परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल के सिलसिले को बंद कर दिया। दरअसल, जर्मनी 2035 तक पूरी तरह से रिन्युएबल एनर्जी पर शिफ्ट करना चाह रहा है। जिसके लिए सभी परमाणु पावर प्लांट्स को बंद करने का फैसला किया है।

#### यूक्रेन जंग की वजह न्यूक्लियर प्लांट बंद करने में देरी हुई

रिपोर्ट्स के मुताबिक जर्मनी 2022 में ही अपने सारे न्यूक्लियर पावर प्लांट बंद करना चाहता था। हालांकि, बीच में ही यूक्रेन जंग शुरू होने की वजह से उसे न्यूक्लियर पावर प्लांट को



बंद करने का फैसला डिले करना पड़ा।

दरअसल, जर्मनी एनर्जी सप्लाई के लिए काफी हद तक रूस पर निर्भर करता है। ऐसे में रूस पर लगे प्रतिबंधों से जर्मनी को वहां से एनर्जी सप्लाई पर कम करनी पड़ी। 1997 में जर्मनी अपनी 30.8प्रतिशत एनर्जी के लिए न्यूक्लियर प्लांट्स पर निर्भर करता था। जो पिछले साल घटकर केवल 6प्रतिशत रह गई। वित्त मंत्री ने कहा है कि ये प्लांट्स बंद करने से किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। स्टेशनों पर पहले से ही गैस स्टोर कर ली गई है।

## इंदिरा गांधी के हत्यारे का भतीजा न्यूजीलैंड में गिरफ्तार : ड्रग्स तस्करी का आरोप, पूर्व पीएम की हत्या से पहले उसका परिवार विदेश चला गया था

**ऑकलैंड।**
न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारे का भतीजा ड्रग्स तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मार्च 2023 में मनुकाऊ से एक छापेमारी में 328 च्त्र मेथामफेटामाइन बरामद की। ये ड्रग्स बीयर की बोलतों में छिपाकर रखा गया था।

छापेमारी में पुलिस ने एक शख्स को भी गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने अपना नाम बलतेज सिंह बताया। जांच में पता चला कि वह सतवंत सिंह का भतीजा है, जिसने ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद 1984 में अपने साथी बेअंत सिंह के साथ मिलकर इंदिरा गांधी की हत्या की थी।

#### सतवंत सिंह का भाई 1980 में न्यूजीलैंड चला गया था

इंदिरा गांधी की हत्या से पहले ही साल 1980 में सतवंत सिंह का भाई अपने परिवार के साथ न्यूजीलैंड चला गया था। उन्होंने ऑकलैंड में ग्रोसरी शॉप शुरू की। हालांकि, सतवंत सिंह का भतीजा होने की वजह से ऑकलैंड के स्थानीय गुरुद्वारों में



बलतेज को खूब तवज्जो में मिलती थी।

न्यूजीलैंड में बलतेज सिंह उनकी प्रॉपर्टी अचानक बढ़ने लगी तो पड़ोसियों को उन पर शक हुआ। बलतेज के पिता रे व्हाइट नाम की एक रियल एस्टेट फर्म के मालिक बन गए। उन्होंने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की कीमत का एक घर भी खरीदा है। गिरफ्तारी से पहले फर्म का काम बलतेज ही संभाल रहा था।

#### खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनों का मास्टरमाइंड है बलतेज

सूत्रों ने बताया कि बलतेज सिंह न्यूजीलैंड में भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनों का मास्टरमाइंड है। इसके जरिए वह धनउगाही करता है। फिलहाल वह जेल में है उसके खिलाफ ड्रग तस्करी का केस चल रहा है।

बता दें कि 31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की 2 सिख गार्डों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी। इंदिरा के लिए वह दिन काफी बिजी शेड्यूल वाला दिन था। उन पर एक डॉक्युमेंट्री बनाने पीटर उस्तीनोव आए हुए थे। दोपहर में पूर्व ब्रिटिश पीएम जेम्स कैलाहन के साथ मीटिंग तय थी। इसके बाद राजकुमारी ऐनी के साथ डिनर का प्रोग्राम था।

गेट पर इंदिरा गांधी के सुरक्षा गार्ड सब-इंस्पेक्टर बेअंत सिंह और संतरी बूथ पर कॉन्स्टेबल सतवंत सिंह स्टेनगन लेकर खड़े थे। इंदिरा ने हमेशा की तरह आगे बढ़कर बेअंत और सतवंत को नमस्ते कहा। इतने में बेअंत ने .38 बोर की सरकारी रिवॉल्वर इंदिरा गांधी पर तान दी। तभी इंदिरा बोलीं, 'तुम क्या कर रहे हो' सेकेंडों की खामोशी के बीच बेअंत सिंह फायर करता है। इसके बाद सतवंत सिंह भी इंदिरा पर गोलियां बरसाने लगता है।

# पीएम शहबाज बोले- आईएमएफ के पास कर्ज न देने का कोई बहाना नहीं है, पाकिस्तान ने हर शर्त पूरी की

**लाहौर।**
पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास बेलआउट पैकेज में देरी करने का कोई बहाना नहीं है क्योंकि पाकिस्तान ने आईएमएफ की सभी शर्तों को पूरा किया है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, शहबाज शरीफ ने इस बात पर दुख जताया कि पाक सरकार आईएमएफ अधिकारियों को 1.1 अरब डॉलर की किश्त जारी करने के लिए राजी करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि देश कर्ज पर चलने और भिखारी की तरह काम करने के लिए नहीं बनाया गया था, क्योंकि इसके पूर्वजों और विभिन्न पीढ़ियों ने मातृभूमि के लिए बलिदान दिया है। पीएम शहबाज ने ऋण समझौतों की मांग के लिए वैश्विक ऋणदाता की शर्तों का उल्लेख किया और कहा कि सरकार ने उन्हें पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया। उन्होंने चीन सहित मित्र राष्ट्रों से द्विपक्षीय वित्तीय सहायता भी मांगी, जिन्होंने पाकिस्तान की समस्याओं को स्वीकार किया और पाकिस्तान द्वारा चुकाई गई पिछली ऋण राशि को वापस करने के अलावा दो बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण प्रदान किया।

प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब और संयुक्त अरब



अमीरात का भी आभार व्यक्त किया। यूएई ने चीन अरब अमेरिकी डॉलर का कर्ज दिया था। उन्होंने इस संबंध में विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो, वित्त मंत्री इशाक डार और सेना प्रमुख असीम मुनीर के प्रयासों की सराहना की। पीएम शहबाज ने आगे दावा किया कि 2018 के चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली हुई थी। पूर्व सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि इसके कार्यकाल में विकास परियोजनाएं रुकी रहीं।

एक समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें आईएमएफ से खराब समझौता मिला है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद पाकिस्तान जल्द ही सभी कठिनाइयों से बाहर निकल जाएगा। मौजूदा सरकार की मुफ्त आटा योजना के बारे में बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जोखिम भरा था, लेकिन इसने लोगों को राहत दी। उन्होंने कहा कि पंजाब में करीब 80 से 10 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

#### पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी की है

पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने खुलासा किया कि संघीय सरकार ने आगामी 15 दिनों के लिए पेट्रोल की कीमत 10 रुपये प्रति लीटर बढ़ाने का फैसला किया है। हाई-स्पीड डीजल, और लाइट डीजल तेल की दरें स्थिर रहीं, जबकि पेट्रोल की कीमत बढ़कर (पीकेआर) 282 प्रति लीटर हो गई। मिट्टी के तेल के दाम में भी (पीकेआर) 5.78 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। वित्त प्रभाग ने एक बयान में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ी हुई पेट्रोलियम लागत और मुद्रा दर भिन्नता का हवाला देते हुए पेट्रोलियम उत्पाद की कीमतों में वृद्धि की व्याख्या की।

### दुबई की रिहायशी बिल्डिंग में आग से 16 की मौत, मृतकों में चार भारतीय भी शामिल



**दुबई।** दुबई की एक रिहायशी बिल्डिंग में आग लगने से 16 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में चार भारतीय भी शामिल हैं। आग के चलते नौ लोग घायल भी हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह खबर आई है। खबर के अनुसार, दुबई के अल रास इलाके में रात करीब साढ़े बारह बजे रिहायशी इमारत में आग लगी। आग इमारत के चौथे फ्लोर पर लगी थी, जिसने इमारत के अन्य हिस्सों को भी चपेट में ले लिया। मरने वालों में केरल के दंपति और तमिलनाडु के लोग शामिल आग की सूचना मिलते ही दुबई सिविल डिफेंस के कर्मी मौके पर पहुंचे और आग को बुझाने की कोशिश की। साथ ही नजदीकी इमारतों से लोगों को सुरक्षित निकाला गया। आग की सूचना पाकर पोर्ट सईद फायर स्टेशन और हमरिया फायर स्टेशन के कर्मी भी घटनास्थल पहुंचे। देर रात करीब ढाई बजे आग पर काबू पा लिया गया। दुबई में रहने वाले भारतीय नसीर वातनपल्ली ने बताया कि मरने वालों में चार भारतीय शामिल हैं। जिनमें केरल के दंपति और दो अन्य लोग तमिलनाडु के हैं। पाकिस्तान के तीन चचेरे भाई और एक नाइजीरियाई महिला की भी इस हादसे में मौत हुई है। भारतीय दूतावास की मदद से शवों को भारत भेजने की कोशिश की जा रही है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि इमारत में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

# पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजी कहने पर लगे रोक



**जींद ( हिंस )।** पंजाबी समाज के लोगों को रिफ्यूजीए शरणार्थी अथवा पाकिस्तानी बोलने पर रोक लगाए जाने व बोलने वालों के खिलाफ विशेष एक्ट लगाने की मांग जोर पकड़ रही है। समस्त पंजाबी खत्री समाज के लोगों ने रविवार को भाजपा विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा को ज्ञापन सौंपा। जींद इकाई से मुलखराज कत्याल ने कहा कि पंजाबी खत्री समाज के राष्ट्रीय संयोजक सर्वदानंद आर्य के नेतृत्व में यह फैसला लिया गया था कि प्रदेश के सभी 90 विधायकों को ज्ञापन सौंप कर उनसे यह मुद्दा विधानसभा में उठाए जाने की मांग की जाए। उन्होंने कहा कि इस कड़ी में जींद विधायक को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत देश को सन 1947 में आजादी मिली थी। इस दौरान समुदाय के लोगों को देश के ही एक हिस्से दूसरे हिस्से में स्थानांतरित किया गया था। उन्होंने कहा कि अपने धर्म को बचाने के लिए पंजाबी समुदाय के लोगों को घर बार, धन दौलत, सब कुछ छोड़ना पड़ा। इस त्रास्दी में लाखों लोगों को शहादत भी देनी पड़ी। ऐसे में पंजाबी समाज वाक्य में एक देशभक्त समाज है। ज्ञापन के माध्यम से सभी जन प्रतिनिधियों से यह मामला विधानसभा में उठाने और वहां एससी एसटी एक्ट की भांति पारित करवाने की मांग की गई। इस अवसर पर अशोक गुलाटी, ओमप्रकाश खुराना, पवन कपूर, हेमंत सुखीजा, गुलशन अहूजा पार्षद, अनिल शर्मा, सोहनलाल शर्मा, सुरेंद्र चुघ, भीमसेन ठकराल व समाज के काफी लोग मौजूद थे।

## महिला का अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी पति- पत्नी गिरफ्तार

**कैथल ( हिंस )।** एक महिला का नहाते हुए वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर रुपए मांगने वाले पति पत्नी को महिला थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। राजौंद क्षेत्र निवासी एक गांव की महिला ने उनके खिलाफ वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज करवाया था।महिला थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर गीता ने रविवार को बताया कि जाजंरीयावास जिला महेंद्रगढ़ निवासी जितेंद्र व उसकी पत्नी को सरस्वती एनक्लेव गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया। महिला की शिकायत के अनुसार उसके पास 7 अप्रैल को एक फोन आया था। फोन करने वाले ने अपना नाम जितेंद्र बताया था। फोन करने वाले ने कहा कि उसके पास तुम्हारा नहाते हुए और कपड़े बदलते हुए वीडियो है। अगर वीडियो डिलीट करवाना चाहती हो तो उसे रुपए भेज दो। अगर रुपए नहीं दिए तो वह वीडियो वायरल कर देगा। उसने वह वीडियो उसके व्हाट्सएप पर भी भेजा।

## आप में शामिल हुए मोहिंदर भगत का भाजपा पर निशाना

# कहा, लोकतंत्र में पार्टी बदलना अपराध नहीं



**जालंधर।** जालंधर उपचुनाव के लिए भाजपा के उम्मीदवार का एलान करते ही वेस्ट के दिग्गज नेता मोहिंदर भगत ने आम आदमी पार्टी ज्वाइन कर ली थी। रविवार को वह दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल से मिले। इसके बाद जालंधर लौटने पर उन्होंने पत्रकारों से बात की। उनके साथ पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, पार्टी के महासचिव हरचंद सिंह बरसट, प्रदेश सचिव और चेयरमैन राजविंदर कौर थियाड़ा भी मौजूद थीं। भाजपा को अलविदा कहने के सवाल पर मोहिंदर भगत ने कहा, इट इज अ डेमोक्रेसी, मैंने कोई गुनाह नहीं किया, जिस नेता को जिस पार्टी की नीतियां अच्छी लगती है वह उसे ज्वाइन कर लेता है। मैंने भी आम आदमी पार्टी में पंजाब का भविष्य देखा है और 1 साल के कार्यकाल से मैं बहुत प्रभावित हुआ हूं। अपने पिता और पूर्व मंत्री भगत चुन्नीलाल से भाजपा नेताओं के मिलने और उनके बयान पर मोहिंदर भगत ने कहा कि भाजपा नेता उनके पिताजी को बरगलाने घर पहुंचे। उनकी वार्ता के बाद मैंने पिताजी से बात की और कहां था कि मैं आम आदमी पार्टी ज्वाइन कर चुका हूं और यहां से नई राजनीतिक पारी को शुरू करूंगा। संघ से जुड़े पिता भगत चुन्नीलाल और वह खुद इसे कब छोड़ेंगे इस पर फैसला पिताजी का होगा।

# दुपहिया वाहन वालों का बीपीएल कार्ड काटना भद्दा मजाक : हनुमान वर्मा



**हिसार ( हिंस )।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता हनुमान वर्मा ने कहा है कि सरकार ने दोपहिया वाहन वाले गरीबों को बीपीएल सूची से बाहर करके उनके साथ भद्दा मजाक किया है। उन्होंने कहा कि गरीबों का दुपहिया वाहन पर चलना भी सरकार को गवारा नहीं है। यह बात उन्होंने रविवार को जारी बयान में कही। हनुमान वर्मा ने कहा कि यह बीपीएल से जुड़े परिवारों के लिए अच्छी खबर नहीं है। जिनके परिवार के किसी भी सदस्य के नाम स्कूटर, मोटरसाइकिल और ट्रेक्टर का रजिस्ट्रेशन है, ऐसे परिवारों को सरकार ने बीपीएल सूची से बाहर करने का फैसला किया है जो गरीबों के साथ भद्दा मजाक है। उन्होंने कहा कि हर जिले में लगभग 85 हजार परिवार बीपीएल लिस्ट में थे। सरकार ने जनवरी माह में ऑटोमेटिक राशनकार्ड स्कीम शुरू की जिससे संख्या बढ़कर लगभग 1.24 हजार हो गई, यानि 28—29 हजार कार्ड हर जिले में बढ़ गए है। ऑटोमेटिक राशनकार्ड स्कीम शुरू करने से पहले राज्य सरकार ने प्रदेश में सभी परिवारों का वेरिफिकेशन करवाई। उसी आधार पर आयकर निर्धारण किया गया था और प्रदेश में 1.80 लाख से नीचे परिवार की श्रेणी में रखा गया।

# पुरानी पेंशन नीति बहाली की मांग को लेकर गरजे कर्मचारी

**जींद ( हिंस )।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति के आह्वान पर रविवार को कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली (ओपीएस) नीति की की मांग को लेकर आक्रोष मार्च निकालते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेताया कि जब तक पुरानी पेंशन बहाली की उनकी मांग पूरी नहीं होती तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। आक्रोष मार्च से पहले कर्मचारी रानी तालाब स्थित नेहरू पार्क में एकत्रित हुए और रोष सभा की। राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप लाठर ने कहा कि सरकार जहां एक तरफ कमेटी बना रही है वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री और मंत्री पुरानी पेंशन पर तथ्यहीन बयानबाजी कर मुद्दे को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। इसको लेकर कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि संघर्ष समिति प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल और प्रदेश महासचिव रिषि




नैन के नेतृत्व में नांगल चौधरी से ओपीएस संकल्प यात्रा निकलेगी। जिला प्रधान जोगेंद्र लोहान, महिला विंग जिला प्रधान राजबाला कौशिक ने कहा कि 20 फरवरी को हरियाणा सरकार और छह अप्रैल को केंद्र सरकार द्वारा एनपीएस की समीक्षा कमेटी केवल मुद्दे को लंबा खींचने और गुमराह करने का जरिया मात्र है। सरकार अगर पुरानी पेंशन योजना के मुद्दे पर गंभीर है तो इच्छाशक्ति दिखाते हुए राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और हिमाचाल प्रदेश की तर्ज पर पुरानी पेंशन नीति को बहाल करे। हम पहले भी कई बार सरकार को स्पष्ट कह चुके हैं कि कर्मचारी कोई बीच का रास्ता या एनपीएस में बदलाव नहीं चाहता है। राज्य महासचिव रिषि नैन व राज्य वरिष्ठ उप प्रधान अनूप लाठर ने कहा कि आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में वोट फॉर ओपीएस मुहिम चला कर गठबंधन सरकार को सत्ता से बाहर करने का काम किया जाएगा। पेंशन आक्रोश मार्च में राज्य कार्यकारिणी सदस्य वजीर गांगोली, हरीश शर्मा, विकास खटकड़, मोहनलाल, बिजेंद्र करेला, विक्रम सिंह, सत्यवान कुंडू, अनुराधा गुप्ता, सुधीर, रमेश लोहान, राजबीर रेढू, सकसं जिला प्रधान संजीव ढांडा, रूपेंद्र गोयत, अशोक आर्य, युद्धवीर सहारण, सुरेंद्र जागलान, राजा शामदो, जितेंद्र, सचिन,करुणा, रेणु, सविता लाठर सरिता, मिनाक्षी, अजीत नेहरा सहित अनेक कर्मचारी नेता मौजूद रहे।

# कांग्रेस की प्रदेश सरकार को उखाड़ फेंकना है : विजया ताई

**भीलवाड़ा ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर रविवार को शाहपुरा पहुंची। यहां उन्होंने धरती देवरा में भगवान शिव की पूजा कर देश में खुशहाली की कामना की। प्रदेश सह प्रभारी विजया ताई ने धरती देवरा में शाहपुरा व जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र की भाजपा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। बैठक संगठन को मजबूत करने व बूथ सशक्तिकरण के लिए बुलाई गई थी। बैठक में सांसद सुभाष बहेड़िया, शाहपुरा विधायक कैलाश मेघवाल, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष लादूलाल तेली, चेयरमेन रघुनंदन सोनी, नगर अध्यक्ष राजेश पारीक ने संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सह प्रभारी विजया ताई ने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव में जीत का मंत्र देते हुए कहा कि दोनों चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही लड़े जायेगें। भाजपा कार्यकर्ता केंद्र सरकार




की योजनाओं व राज्य की वर्तमान सरकार की विफलताओं को घर घर तक पहुंचाये। प्रदेश सह प्रभारी विजया ताई ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के कुशासन से जनता त्रस्त हो चुकी है। जनता ही इसे उखाड़ने पर आमादा है। राजस्थान में कांग्रेस के भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण व आंतरिक कलह के कारण जनता को नुकसान हो रहा है। वीरभूमि का विकास व जनकल्याण मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन सरकार ही कर सकती है। आज बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कार्यकर्ताओं के जोश से स्पष्ट है कि अगली बार भाजपा की सरकार ही बनेगी। विजया ताई ने कहा कि राजस्थान में हर बार सता परिवर्तन की परिपाटी के भरोसे नही रहना है एवं प्रत्येक कार्यकर्ता को अभी से कड़ी मेहनत करनी होगी तभी हम सत्ता परिवर्तन कर पायेंगे। बैठक में बूथ सशक्तीकरण, संगठन को मजबूत बनाने के विषयों पर विस्तार से चर्चा कर सुझाव दिये। शाहपुरा विधायक कैलाश मेघवाल ने कहा कि शाहपुरा में कांग्रेस का अस्तित्व न के बराबर है। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं की बदौलत पिछला चुनाव 75 हजार से वो जीते है। अगला चुनाव 90 वर्ष की उम्र में 90 हजार के अंतर से जीतने की इच्छा है। जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि उनके क्षेत्र में कांग्रेस विकास में बाधक बन रही है। केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत भी जिला प्रशासन स्वीकृति जारी नहीं कर रहा है। कई आंदोलन किये है। भाजपा जिला अध्यक्ष लादूलाल तेली ने संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सांसद सुभाष बहेड़िया ने संगठन की रीति नीति के अनुरूप अगले चुनाव जीताने का आव्हान किया।

# शिवसेना की मुगल रोड पर धरना–प्रदर्शन की चेतावनी

**जम्मू ( हिंस )।** शिवसेना बाला साहेब ठाकरे जम्मू कश्मीर ईकाई ने जम्मू संभाग के रजौरी–पुंछ को कश्मीर से जोड़ने वाली मुगल रोड के नाम बदलने की मांग को लेकर भाजपा नेताओं की चुप्पी एवं गृहमंत्रालय से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाया है। इसके साथ पार्टी प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी ने सड़क मार्ग पर जाहिर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित रविवार को एक पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में गुलामी के प्रतीकों का नाम बदल वाहवाही लूटी जा रही है वहीं भारत के अभिन्न अंग जम्मू–कश्मीर के जम्मू संभाग को कश्मीर से जोड़ने वाले मुगल मार्ग का नाम बदल महाराजा गुलाब सिंह मार्ग रखे जाने की मांग को लेकर केंद्र की मोदी सरकार एवं भाजपा के नेतागणों से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिल रही। साहनी ने कहा कि कुछ दिन पूर्व केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जम्मू–कश्मीर दौरे के दौरान इस सड़क को आलवैदर रोड बनाने के लिए 10 किलोमीटर लंबी टनल बनाए जाने की घोषणा की थी मगर मुगल रोड के नाम बदलने की मांग को लेकर तमाम केंद्रीय एवं भाजपा नेता खामोश है। 4 अप्रैल 2023 को देश के गृहमंत्री आदरणीय अमिता शाह को एक पत्र लिखा गया था। जिसपर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। साहनी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद डोगरा सांस्कृति एवं पहचान को बढ़ावा मिलने की उम्मीदें जगीं थी मगर तीन साल का लम्बा अंतराल बीतने के बावजूद निराश ही हाथ लगी है। साहनी ने कहा कि महाराजा गुलाब सिंह डोगरा वंश के संस्थापक के साथ रियासत के पहले महाराजा और सांप्रदायिक को महत्व देने वाली शख्सियत थे। साहनी ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि जम्मू–कश्मीर में मुगल गुलामी के कालखंड और आक्रांताओं के भारत में प्रवेश मार्ग का महिमा मंडन किया जा रहा है।

# पूर्व मुख्यमंत्री ने हत्यारों की फांसी के लिए हनुमान मंदिर में जलाए न्याय दीप

**जयपुर ( हिंस )।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने चांदपोल हनुमान मंदिर में रविवार को अल सुबह न्याय के लिए 80 दीप जला कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। उन्होंने प्रार्थना की कि 13 मई 2008 को चांदपोल हनुमान मंदिर के बाहर सहित कई जगह सीरियल ब्लास्ट कर 80 बेकसूर लोगों की निर्मम हत्या करने वाले आतंकियों को फांसी की सजा मिले। पूजा के बाद पूर्व मुख्यमंत्री पीड़ित परिवारों से मिलीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि बालाजी उनको न्याय दिलवाएंगे। इस मौके पर पीड़ित परिवारों के सदस्यों का कहना है कि भाजपा सरकार ने तो उन आतंकियों को जेल में डाला और निचली अदालत से उन्हें फांसी की सजा हुई। जिसकी तारीफ भरतपुर दौरे के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अशोक गहलोत की सरकार ने पूरे देश में दहशत फैलाने वाले खौफनाक इस प्रकरण में जान बूझकर अच्छे ढंग से पैरवी ही नहीं करवाई, इस कारण सभी आरोपित बरी हो गए। उनकी इस पीड़ा को सुनकर वसुंधरा राजे ने कहा कि उन्होंने यहां मंदिर में आस्था के 80 न्याय दीप इसीलिए जलाएं हैं। इस विश्वास के साथ कि संकट मोचक बालाजी आप सब पीड़ितों को न्याय दिलवाएंगे।

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर पक्षियों के लिए बांधे परिंदे

**डूंगरपुर ( हिंस )।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर पुलिस लाइन में पक्षियों के लिए परिंदे बांधकर दाना–पानी की व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी को देखते हुए एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर के सहयोग से रविवार को पुलिस लाईन में जिला पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश सांवरिया, पुलिस उपाधीक्षक राकेश शर्मा, सदर थानाधिकारी मदनलाल व एमएमबी ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी ने पक्षियों के लिए परिंदे बांधकर उसमें दाना–पानी की व्यवस्था की गई। इसके पश्चात ग्रुप द्वारा सभी पुलिस अधिकारीयों व जवानों को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस की बधाई दी व पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर कपड़े की थैलियों का नि:शुल्क वितरण किया गया। साथ ही जिले में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए पुलिस लाईन में नि:शुल्क मास्क वितरित किए गए। जिला पुलिस अधीक्षक



ने ग्रुप के कार्यों कि सराहना करते हुए कहा कि ग्रुप मस्तान बाबा कि याद में हमेशा जनहित के कार्यों में आगे रहता है जो कि काफी सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर बिलाल मकरानी, आसूचना अधिकारी लक्ष्मण सिंह, अरविंद, मोहनपाल सिंह सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना बनी गरीब परिवारों के लिए वरदान : कैप्टन भूपेंद्र

**हिसार ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कैप्टन भूपेंद्र ने रविवार को जारी बयान में कहा है कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य (आयुष्मान भारत) योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों को पांच लाख रुपए तक की वार्षिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। ऐसे परिवारों के लिए यह योजना वरदान साबित हो रही है। योजना का जिक्र करते हुए कैप्टन भूपेंद्र ने रविवार को बताया कि योजना के तहत गरीब एवं असहाय परिवारों को बीमारियों के निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। इसके लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। योजना के तहत प्रति परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक की चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद लोगों के लिए यह योजना काफी फायदेमंद साबित हो रही है। योजना से संबंधित पात्रता जानने के लिए हेल्पलाइन नंबर 14555 पर संपर्क कर सकते हैं। कैप्टन भूपेंद्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर 2018 में गरीब परिवारों को बीमारियों का निशुल्क इलाज करने की सुविधा प्रदान करने के उ्देश्य से यह योजना लागू की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान योजना शुरू करके गरीब एवं असहाय परिवारों को राहत प्रदान की है।

# भगवान परशुराम जयंती महोत्सव का शुभारंभ



**जयपुर ( हिंस )।** सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से मोती डूंगरी स्थित गणेश जी के मंदिर में आज प्रात: 9 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच गणेश निमंत्रण के साथ 15 दिन तक सम्पूर्ण प्रदेश में चलने वाले भगवान परशुराम जयंती समारोह का विधिवत शुभारंभ हुआ। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने सपत्निक नीलम मिश्रा, संत–महंतों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रथम पूज्य भगवान गणपति को निमत्रिंत किया और समारोह की सफलता के लिये गणपति की पूजा की। इस अवसर पर संत–महंतों ने विधि विधान से गणेश जी को निमंत्रित किया गया एवं उपस्थित विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ सस्वर पाठ किया। इस अवसर पर जयपुर शहर के सांसद रामचरण बोहरा, विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, महामंडलेश्वर बालमुकूंदाचार्य, उदासीन आश्रम के महंत प्रद्युम्न मुनि महाराज, सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सर्व ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, युवा संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एड. कमलेश शर्मा, युवा जयपुर शहर अध्यक्ष अविकुल शर्मा, प्रमुख ज्योतिषाचार्य पं. मुकेश भारद्वाज, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम शास्त्री और योग गुरु ढाका राम ने पूजा अर्चना कर गणेश निमंत्रण किया। इस अवसर पर एक रंगीन स्टीकर और भगवान परशुराम जी के कट आउट का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि 15 दिन तक चलने वाले इस समारोह का विधिवत शुभारंभ आज हो गया है और पूरे प्रदेश में शोभायात्रा कीर्तन सम्मान समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रम 15 दिन तक चलेंगें।

# वैशाख एकादशी पर देवस्थान विभाग ने निकाली देव दर्शन–पदयात्रा

**उदयपुर ( हिंस )।** वैशाखी एकादशी पर रविवार को उदयपुर में देवस्थान विभाग की ओर से देव दर्शन पद यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का नेतृत्व देवस्थान विभाग की मंत्री शकुंतला रावत ने किया। इस पदयात्रा में भगवद भजनों पर उदयपुर शहर में घूमने आए कई विदेशी भी शामिल हुए और खूब नाचे। उल्लेखनीय है कि यह एकादशी वरुथिनी एकादशी के रूप में भी जानी जाती है। इस एकादशी पर भगवान विष्णु के वराह अवतार की विशेष पूजा का महत्व है। इस अवसर पर देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि यह आयोजन नई पीढ़ी को हमारी संस्कृति, हमारी धरोहर, हमारी कला और परंपराओं की पहचान और उनके प्रति जागरूकता के लिए किया गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि वर्तमान पीढ़ी जो मोबाइल की ओर ज्यादा आकर्षित हो रही



है, उसे ईश्वरत्व की ओर आकर्षित करने का यह प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह भीड़ जुटाने का नहीं बल्कि संस्कृति के प्रति जागरूकता का कार्यक्रम है और इस पदयात्रा से यही संदेश देना चाहते हैं कि देवस्थान विभाग के मंदिर हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। इससे पूर्व, प्रशासन और देवस्थान विभाग के आला अधिकारी सिटी पैलेस बड़ी पोल स्थित गुलाब स्वरूप बिहारी जी मंदिर पहुंचे जहां से यात्रा आरम्भ हुई। पदयात्रा में देवस्थान विभाग के राजकीय आत्मनिर्भर एवं राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार वाले 11 मंदिर जगत शिरोमणिजी मंदिर, जवान रूपेश्वरजी, जगन्नाथराय जी (जगदीश मंदिर), जवान स्वरूप बिहारीजी मंदिर, प्रताप नारायणजी, धनेश्वरजी, पंच महादेव, भीम परमेश्वरजी, उदयश्यामजी फिरंगी घाट होते हुए अमराई घाट स्थित सरदार स्वरूप श्यामजी मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। वहां आरती व प्रसाद वितरण हुआ। पदयात्रा में श्रद्धालु भजन कीर्तन और नृत्य करते चले। यात्रा में वल्लभनगर विधायक प्रीति शक्तावत, राज्यमंत्री जगदीश श्रीमाली, समाजसेवी गोपालकृष्ण शर्मा, पंकज शर्मा सहित कई प्रबुद्धजन शामिल हुए। इस दौरान कई विदेशी पर्यटक भी यात्रा में शामिल हुए और हरे राम हरे कृष्ण की धुन पर जमकर नाचे।



# भारत ने अमीर देशों से शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिए पहल तेज करने को कहा, जी–7 देशों की बैठक संपन्न

**नई दिल्ली ।**
भारत ने जापान के साप्पोरो में जलवायु ऊर्जा और पर्यावरण पर जी–7 देशों के मंत्रियों की बैठक में कहा कि 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए विकसित देशों को अपने उत्सर्जन में कमी के प्रयासों को बढ़ाने की आवश्यकता होगी।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने जी–7 मंत्रियों की बैठक के पूर्ण सत्र में कहा कि इससे भारत जैसे विकासशील देशों के लिए अपने लोगों की जरूरतों को पूरा करने के अवसर पैदा होंगे। ऐसा होने से जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण क्षरण और प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभावों के खिलाफ लचीलेपन की स्थिति बनेगी।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए कार्यान्वयन, वित्त और प्रौद्योगिकी के पर्याप्त साधनों तक पहुंच की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, 2050 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन पर पहुंचने के वैश्विक लक्ष्य को हासिल करने के लिए विकसित देशों की ओर से उत्सर्जन में कमी करने की आवश्यकता है। यह भारत जैसे देशों को विकास की राहत पर आगे बढ़ने में मदद करेगा और जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण क्षरण और प्रदूषण के प्रभावों से बचाएगा।

शुद्ध शून्य का अर्थ है वायुमंडल में डाली गई ग्रीनहाउस गैसों और बाहर निकाली गई गैसों के बीच संतुलन बनाना। यादव ने कहा, आईपीसीसी एआर 6 की रिपोर्ट में इस बात पर फिर से जोर दिया गया है कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ विकास हमारी पहली रक्षा है।

मंत्री के हवाले से एक बयान में कहा गया है, हम उम्मीद करते हैं कि विकसित देश जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्त पोषण पर अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करेंगे और पर्यावरणीय क्षरण और जैव विविधता के नुकसान से निपटने की दिशा में काम करेंगे। यादव ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नीतिगत ढांचे को स्थापित करने के प्रयास किए गए हैं, लेकिन अब दुनिया भर की सरकारों के लिए यह जरूरी है कि वे जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में शामिल हों और अधिक सार्वजनिक भागीदारी को बढ़ावा दें। ब्रिटेन में हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य निकोलस स्टर्न ने विश्व बैंक के कार्यक्रम मेकिंग इट पर्सनल: कैसे बिहेवियरल चेंज क्लाइमेट चेंज से निपट सकता है के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए उनकी वैश्विक पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी वृद्धि और विकास की एक पूरी नई कहानी लेकर आए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### वोडाफोन आइडिया ने चीनी कंपनी को दिए 200 करोड़ के ऑर्डर! एनएससीएस के संज्ञान में लाया गया मामला

**नई दिल्ली ।** टेलीकॉम ऑपरेटर वोडाफोन आइडिया की हालिया डील विवादों में आ सकती है। दावा किया जा रहा है कि टेलीकॉम कंपनी ने नेटवर्क से जुड़े करीब 200 करोड़ के ऑर्डर चीनी कंपनी को दिए हैं। कंपनी का नाम जेडटीई बताया जा रहा है। मामले से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि टेलीकॉम कंपनी ने यह ऑर्डर ब्रॉडबैंड नेटवर्क उपकरणों के लिए दिए हैं। ऑर्डर गुजरात, महाराष्ट और मध्य प्रदेश सर्किल के लिए दिए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि यह मामला राष्टीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के संज्ञान में लाया गया है। एनएससीएस विश्वसनीय टेलीकॉम पोर्टल का प्रबंधन करता है। इसके जरिए ही मंजूरी देने योग्य टेलीकॉम गियर्स को हरी झंडी दिखाता है। हालांकि, मामले में वोडाफोन आइडिया की ओर से अब तक कोई टिप्पणी नहीं की गई है इससे पहले 16 दिसंबर 2020 को मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति ने कुछ अहम दिशा–निर्देश जारी किए गए थे। समिति ने दूरसंचार क्षेत्र को लेकर राष्टीय सुरक्षा निर्देश को मंजूरी भी दी थी। इसके मुताबिक, टेलीकॉम कंपनियों या फिर सेवा प्रदान करने वालों को उपकरणों की खरीद भरोसेमंद स्रोतों से ही करनी होगी। इस निर्देश के प्रावधानों के तहत सरकार देश में दूरसंचार नेटवर्क के लिए विश्वसनीय स्रोतों और उत्पादों की एक सूची घोषित करती है। इससे जुड़े सभी कार्य विश्वसनीय दूरसंचार पोर्टल के जरिए ही किए जाते हैं। विश्वसनीय स्रोतों और उत्पाद की सूची उप–राष्टीय सुरक्षा सलाहकार की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के आधार पर तय की जाती है।

### वंदे भारत के बाद अब देश में दौड़ेगी वंदे मेट्रो: 100 किलोमीटर से कम दूरी के दो शहरों के बीच चलेगी, रेलमंत्री ने दी जानकारी



**नई दिल्ली ।** देश की सबसे तेज चलने वाली सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन की सफलता के बाद भारत सरकार अब जल्द ही वंदे भारत मेट्रो ट्रेन शुरू करने जा रही है। यह हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाली स्वदेशी ट्रेन होगी, जिसे भारतीय इंजीनियर्स डिजाइन करेंगे। इसकी टॉप स्पीड 160 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी है। रेलमंत्री ने बताया कि वंदे मेट्रो ट्रेन का फॉर्मैट वंदे भारत ट्रेन से एकदम अलग होगा। यह 100 किलोमीटर से कम दूरी वाले शहरों के बीच चलाई जाएगी। यह दो शहरों के बीच 4 से 5 चक्कर लगाएगी। रेल मंत्री ने कहा कि वंदे मेट्रो ट्रेन दिसंबर तक बनकर तैयार हो जाएगी। वंदे मेट्रो ट्रेन मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे महानगरों को आसपास के छोटे शहरों और इलाकों से कनेक्ट करने का काम करेगी। बाद में ये लखनऊ–कानपुर, पुणे, हैदराबाद, बाराबंकी–लखनऊ और गोवा में भी चलाई जाएंगी। रेलवे राजस्थान में तैयार कर रहा हाई–स्पीड टेस्टिंग ट्रैक हाई–स्पीड ट्रेनों की टेस्टिंग के लिए इंडियन रेलवे हाई–स्पीड टेस्ट ट्रैक डेवलप कर रहा है।

### इंडिगो के विमान में आई तकनीकी खराबी; दिल्ली वापस लौटा विमान



**नई दिल्ली ।** इंडिगो के एक विमान में तकनीकी खराबी के कारण आपात लैंडिंग की घटना सामने आई है। इंडिगो अधिकारियों के अनुसार बागडोगरा जा रहा इंडिगो का एक विमान तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली लौट आया। जहां एक सूत्र ने कहा कि विमान ने तकनीकी समस्या के कारण आपात लैंडिंग की, वहीं इंडिगो ने कहा कि दिल्ली से बागडोगरा जाने वाली उड़ान 6ई 6282 एहतियात के तौर पर दिल्ली लौट आई। इंडिगो ने एक बयान में कहा, पायलट ने एक तकनीकी समस्या देखी और वापस लौटने का अनुरोध किया। विमान सुरक्षित रूप से उतरा और आवश्यक निरीक्षण किया जा रहा है। यात्रियों को बागडोगरा ले जाने के लिए एक वैकल्पिक विमान उपलब्ध कराया गया था। सूत्र के मुताबिक, जहाज पर 200 से ज्यादा लोग सवार थे।

## सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम में एफडी से ज्यादा रिटर्न : इसमें मिल रहा 8.2प्रतिशत ब्याज



**नई दिल्ली ।**
सरकार ने हाल ही में पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। इस स्कीम में अब 8.2प्रतिशत सालाना ब्याज मिल रहा है। अगर आप सीनियर सिटीजन हैं और अपना पैसा कहीं ऐसी जगह निवेश करना चाहते हैं जहां आपके पैसों पर अच्छा रिटर्न मिले और पैसा भी सेफ रहे तो आप पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम में पैसा लगा सकते हैं। हम आपको आज इस स्कीम के बारे में बता रहे हैं।

**अधिकतम 30 लाख रुपए कर सकते हैं निवेश** – पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम के तहत सिर्फ 1000 रुपए में अकाउंट खोला जा सकता है। इस स्कीम में ज्यादा से ज्यादा 30 लाख रुपए तक निवेश कर सकते हैं। इस स्कीम पर 8.2प्रतिशत सालाना ब्याज मिल रहा है। वहीं देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई 5 साल की फिक्स्ड डिपॉजिट पर सीनियर सिटीजन्स को 7.50प्रतिशत ब्याज दे रहा है। यानी इस स्कीम में एफडी से ज्यादा ब्याज दिया जा रहा है।

**5 साल का रहता है मैच्योरिटी पीरियड** – इस स्कीम का मैच्योरिटी पीरियड 5 साल का रहता है। यानी इस स्कीम में आपको 5 साल के लिए निवेश करना होता। हालांकि आप 5 साल से पहले भी अकाउंट बंद कर सकते हैं, लेकिन ऐसा करने पर आपको पेनल्टी देनी होती है।

**इनकम टैक्स छूट का मिलता है लाभ** – इस स्कीम के तहत निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के अंतर्गत टैक्स छूट का लाभ मिलता है। यानी इसमें 1.5 लाख रुपए तक निवेश करने पर इस रकम पर आप टैक्स छूट का दावा कर सकते हैं। हालांकि इस स्कीम के तहत मिलने वाला ब्याज टैक्सेबल होता है। इस स्कीम के तहत जॉइंट खाता भी खुलवा सकते हैं।

**तिमाही आधार पर मिलता है ब्याज** – इस योजना के तहत ब्याज तिमाही आधार पर मिलता है और अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर व जनवरी के पहले वर्किंग डे को क्रेडिट कर दिया जाता है। सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम अकाउंट किसी भी पोस्ट ऑफिस में खुलवा सकते हैं।

**कोई भी वरिष्ठ नागरिक खोल सकता है अकाउंट** – 60 साल या उससे अधिक आयु के बाद अकाउंट पोस्ट ऑफिस जाकर खुलवाया जा सकता है। हालांकि वीआरएस लेने वाला व्यक्ति जो 55 वर्ष से अधिक लेकिन 60 वर्ष से कम है वो भी इस अकाउंट को खोल सकता है। इसके अलावा डिफेंस (रक्षा विभाग) से रिटायर्ड हुए हो वो 50 साल से अधिक और 60 वर्ष से कम उम्र के लोग भी इस योजना में निवेश कर सकते हैं। हालांकि इस स्थिती में रिटायर होने के 1 महीने के भीतर निवेश करना होता है।

**निवेश करने पर आपको कितना फायदा होगा** – अगर आप इस योजना में 1 लाख रुपए निवेश करते हैं तो 5 साल बाद आपको कुल 1 लाख 50 हजार 471 रुपए मिलेंगे। वहीं 2 लाख रुपए का निवेश करने पर 3 लाख 943 रुपए मिलेंगे। यहां देखें कितना पैसा निवेश करने पर 5 साल बाद आपको कितना पैसा मिलेगा।

### खाने के तेल में रिकॉर्ड आयात होने से कीमतों में आई गिरावट , पिछले साल मार्च में 57,95,728 टन खाद्य तेलों का आयात हुआ था

**नई दिल्ली ।** खाने के तेलों के रिकॉर्ड आयात से स्थानीय तेल–तिलहन उद्योग में पैदा हुई घबराहट के बीच दिल्ली बाजार में ज्यादातर तेल–तिलहन कीमतों में गिरावट रही और सरसों और सोयाबीन तेल तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन और बिनौला तेल कीमतों में गिरावट रही जबकि मूंगफली तेल–तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि पिछले साल मार्च में समाप्त हुए 5 महीनों के दौरान 57,95,728 टन खाद्य तेलों का आयात हुआ था जबकि इस साल मार्च में समाप्त हुए 5 महीनों में यह 22 फीसदी बढ़कर 70,60,193 टन हो गया. इसके अलावा खाद्य तेलों की 24 लाख टन की खेप आनी अभी बाकी है। इस तरह भारी आयात और पाइपलाइन में स्टॉक होने से सरसों जैसे स्थानीय तिलहन का बाजार में खपना मुश्किल हो गया है। मौजूदा स्थिति के बीच स्थानीय तेल उद्योग के साथ किसानों में घबराहट की स्थिति है जो खाद्य तेल कीमतों में गिरावट आने का मुख्य कारण है। सूत्रों के मुताबिक तेल मिल निकाय साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने सरकार से अपील की है कि देश की प्रोसेसिंग मिलों को चलाने के लिए पाम और पामोलीन के बीच आयात शुल्क अंतर को मौजूदा 7.5 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया जाए। यह एक तरह से पामोलीन पर आयात शुल्क बढ़ाने की मांग है। सूत्रों ने कहा कि पामोलीन का आयात शुल्क बढ़ा तो लोग पामोलीन की जगह सीपीओ का आयात शुरू कर देंगे और तब केवल प्रोसेसिंग मिलें ही आयात कर पाएंगी यानी पामोलीन तेल, सूरजमुखी और सोयाबीन तेल से और महंगा हो जाएगा।

एचडीएफसी बैंक का मुनाफा 20 प्रतिशत बढ़कर 12,594 करोड़ पहुंचा

## पिछले साल की समान अवधि में बैंक का मुनाफा 10,443.01 करोड़ रुपए रहा था



**नई दिल्ली ।**
निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का वित्त वर्ष 2022–23 की मार्च तिमाही में मुनाफा 20.6 प्रतिशत बढ़कर 12,594.5 करोड़ रुपए रहा जबकि समूचे वित्त वर्ष में इसका लाभ करीब 21 प्रतिशत बढ़ा है। देश के सबसे बड़े निजी बैंक ने बीते वित्त वर्ष की चौथी एवं अंतिम तिमाही के वित्तीय नतीजे जारी करते हुए यह जानकारी दी। पिछले साल की समान अवधि में बैंक का मुनाफा 10,443.01 करोड़ रुपए रहा था। हालांकि अक्टूबर–दिसंबर, 2022 तिमाही की तुलना में एचडीएफसी बैंक का मुनाफा घट गया है जो तीसरी तिमाही में 12,698.32 करोड़ रुपए था। समूचे वित्त वर्ष 2022–23 में बैंक का मुनाफा 20.9 प्रतिशत बढ़कर 45,997.11 करोड़ रुपए हो गया जबकि वित्त वर्ष 2021–22 में यह 38,052.75 करोड़ रुपए था। वहीं बैंक का एकल आधार पर मुनाफा 19.81 प्रतिशत वृद्धि के साथ 12,047.45 करोड़ रुपए रहा। एकल आधार पर इसकी कुल आय बढ़कर 53,850 करोड़ रुपए हो गई, जबकि इससे पिछले साल यह 41,086 करोड़ रुपए रही थी। इसकी मुख्य शुद्ध ब्याज आय 23.7 प्रतिशत वृद्धि के साथ 23,351.8 करोड़ रुपए हो गई। इसके पीछे ऋण में 16.9 प्रतिशत वृद्धि और शुद्ध ब्याज मार्जिन के 4.1 प्रतिशत पर बने रहने की अहम भूमिका रही।

ऋण घाटों और अन्य मदों में कुल प्रावधान जनवरी–मार्च, 2023 तिमाही में 2,685.37 करोड़ रुपए रहा, जो जनवरी–मार्च, 2022 तिमाही में 3,312.35 करोड़ रुपए रहा था। सकल गैर–निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात मार्च के आखिर में 1.12 प्रतिशत रहा जबकि मार्च 2022 के आखिर में यह 1.17 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 1.23 प्रतिशत रहा था। समीक्षाधीन तिमाही के लिए एकल आधार पर कुल प्रावधान घटाकर 2,685.37 करोड़ रुपए कर दिया गया, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 3,312.35 करोड़ रुपए और दिसंबर, 2023 तिमाही में 2,806.44 करोड़ रुपए था। मार्च, 2023 तक इसका कुल पूंजी पर्याप्तता अनुपात 19.3 प्रतिशत पर आ गया जो एक साल पहले इसी अवधि में 18.9 प्रतिशत था। बैंक की शाखाओं की कुल संख्या 31 मार्च तक 7,821 थी, जिसमें से 52 प्रतिशत शाखाएं बैंक की उप–नगरीय एवं ग्रामीण श्रेणी वाले क्षेत्रों में जबकि शेष शाखाएं नगरीय क्षेत्रों में हैं।

## भविष्य की स्मार्ट कार समस्या बताएगी और खुद ही सुधारेगी: 5 साल में 3 लाख करोड़ का होगा ऐसी कनेक्टेड कारों का मार्केट



**नई दिल्ली ।**
देश में स्मार्ट कार टेक्नोलॉजी से अगले दो साल में ऑटोमोबाइल सेक्टर की तस्वीर पूरी तरह बदलने वाली है। गाड़ियां ज्यादा स्मार्ट, इंटेलिजेंट और कनेक्टेड हो रही हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी से फोर व्हीलर्स के साथ टू व्हीलर्स में कई समस्याओं को ठीक करने के लिए सर्विस सेंटर जाने की जरूरत नहीं होगी। बेंगलुरु में चल रहे कनेक्टेड, ऑटोनॉमस और इलेक्ट्रिक व्हीकल एक्सपो में भाग ले रही लगभग 60 से ज्यादा देशी–विदेशी कंपनियां इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) 4.0 और कनेक्टिविटी के नए लेवल पर काम कर रही हैं। 2022 के आंकड़ों के मुताबिक भारत का कनेक्टेड कार मार्केट 95 हजार करोड़ रुपए से अधिक का है। अगले 5 साल में 21प्रतिशत सालाना वृद्धि दर के साथ इसके 3 लाख करोड़ से ऊपर पहुंचने का अनुमान है। ताइवान की टाइसिस इंडिया के एमडी अभिषेक सक्सेना का कहना है कि भारत में जल्द ही निर्माताओं को गाड़ियों में कनेक्टिंग डिवाइस लगाना जरूरी होगा। कई विदेशी कंपनियों जैसे बॉश, हेक्सागॉन, मर्सिडीज बेंज, डेमलर, फोर्ड मोटर्स और हरमन ने भारत में अपने आरएंडडी सेंटर खोले हैं जहां पर ऑटोमेशन और कनेक्टिविटी पर रिसर्च हो रही है। टेलिमैटिक्स कंपनी टेल्टोनिका के ईवीपी पराग अग्रवाल ने आशा जताई कि टेक्नोलॉजी में सुधार से अगले दो साल में ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) की संख्या बढ़ेगी।

ईवी की कीमत में 20 से 25प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। चार्जिंग इकोसिस्टम का भी विस्तार हो रहा है। इन्फोसिस के साथ मिलकर ऑटोनॉमस व्हीकल बना रही कंपनी मैनी ग्रुप के बिजनेस हेड आर प्रहलाद का कहना है कि भविष्य मैक्रोट्रॉनिक्स का है।

## वॉट्सऐप ने 3 नए सिक्यॉरिटी फीचर रोल आउट किए: यूजर्स अपने अकाउंट और चैट को सेफ रख सकेंगे, मैलवेयर से होने वाली धोखाधड़ी भी रुकेगी



**नई दिल्ली ।**
इंस्टेंट मैसेजिंग एप व्हाट्सएप ने नए सिक्योरिटी फीचर्स रोल आउट किए हैं। व्हाट्सएप का दावा है कि ये नए फीचर यूजर को पहले से ज्यादा सिक्योरिटी और प्राइवेसी देंगे। इन फीचर्स में अलर्ट, वायरस आदि के लिए बैक एंड चेक और ऑटोमेटेड सिक्योरिटी कोड वेरिफिकेशन आदि शामिल हैं। इससे यूजर्स को वायरस के जरिए होने वाली धोखाधड़ी से सुरक्षा हासिल होगी। एप की प्राइवेसी और सिक्योरिटी के लिए है। तीनों फीचर्स को पाने के लिए आप अपने व्हाट्सएप एप को अपडेट कर सकते हैं। व्हाट्सएप ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि, इन फीचर से आपके अकाउंट को और सुरक्षा मिलेगी। व्हाट्सएप पर, हम मानते हैं कि आपके मैसेज व्यक्तिगत बातचीत की तरह प्राइवेट और सिक्योर होने चाहिए। व्हाट्सएप ने आगे लिखा कि, डिफॉल्ट एंड–टू–एंड एन्क्रिप्शन के साथ आपके व्यक्तिगत मैसेजेस को प्रोटेक्ट करना उस सिक्योरिटी का आधार है। हम आपके प्राइवेसी की एक्स्ट्रा लेयर्स और आपके मैसेजेस पर अधिक नियंत्रण देने के लिए नई सुविधाओं का निर्माण बंद नहीं करेंगे। व्हाट्सएप ने आगे लिखा कि, इसमें से बहुत सारे काम परदे के पीछे होते हैं और आपको कुछ भी नहीं करना पड़ता है। आज, हम आपको कुछ अतिरिक्त सुरक्षा सुविधाओं के बारे में बताने के लिए उत्साहित हैं, जिन्हें हम आने वाले महीनों में जोड़ेंगे।

अकाउंट प्रोटेक्ट : नए फीचर के तहत अगर यूजर अपने व्हाट्सएप अकाउंट को नए डिवाइस पर स्विच करते हैं तो सिस्टम आपके पुराने डिवाइस पर इसकी वैरिफिकेशन मांगेगा जिससे ये पता चलेगा कि ये आप ही हैं जो नए डिवाइस पर अपना अकाउंट चेक कर रहे हैं। इसका फायदा ये है कि इससे आपको उस समय अलर्ट मिलेगा जब कोई और आपके अकाउंट को खोलने की कोशिश करेगा।

अब चैट जीपीटी को टक्कर देंगे एलन मस्क

## ओपनएआई नाम से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कंपनी बनाई, अमेरिका के टेक्सास में होगा हेडक्वार्टर





**नई दिल्ली ।**
पिछले साल ट्विटर को खरीदने के बाद एलन मस्क अब ओपनएआई के चैटजीपीटी और गूगल के बार्ड को टक्कर देने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कंपनी लाने की तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एलन मस्क ने 9 मार्च 2023 को ओपनएआई नाम की नई कंपनी बनाई है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के टेक्सास शहर के नेवादा में कंपनी का हेडक्वॉर्टर बनाया गया है और मस्क इसके एकमात्र लिस्टेड डायरेक्टर हैं। मस्क के फैमिली ऑफिस के डायरेक्टर जेरेड बिर्चेल को कंपनी का सेक्रेटरी बनाया गया है। ओपनएआई ने निजी कंपनी के लिए 10 करोड़ शेयरों की बिक्री को ऑर्थराइज्ड किया है।

**हजारों ग्राफिक प्रोसेसर यूनिट्स और सिस्टम खरीदे** – मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मस्क एक ऐसी एआई कंपनी बनाना चाहते हैं जो माइक्रोसॉफ्ट समर्थित कंपनी ओपन एआई के चैट जीपीटी से मुकाबला कर सके। इससे पहले बिजनेस इनसाइडर ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि मस्क ने ऐसे हजारों ग्राफिक प्रोसेसर यूनिट्स और सिस्टम्स की खरीदारी की है, जिनका इस्तेमाल एआई और हाई–एंड ग्राफिक्स जैसे भारी–भरकम कंप्यूटिंग जॉब्स में होता है।

**मस्क ने ओपनएआई की शुरुआत में लगाए थे 10 करोड़ डॉलर** – बता दें कि मस्क ओपनएआई के सह–संस्थापकों में से एक हैं, जिसे 2015 में नॉन–प्रोफिटेबल कंपनी के रूप में शुरू किया गया था। मस्क ने ही शुरुआत में ओपनएआई में 10 करोड़ डॉलर लगाए थे, लेकिन बाद में उन्होंने 2018 में कंपनी के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया था। मस्क ने हाल के दिनों में कई बार ओपनएआई की अलोचना कर चुके हैं।

**अभी चैटजीपीटी सबसे आगे** – एआई की दुनिया में फिलहाल माइक्रोसॉफ्ट के बड़े निवेश वाली कंपनी एआई का चैटजीपीटी सबसे आगे है। चैटजीपीटी को पिछले साल 30 नवंबर को लॉन्च किया गया था और एक महीने के भीतर इसके यूजर्स की संख्या दस करोड़ को पार कर गई थी। चैटजीपीटी एक ऐसी जनरेटिव एआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करता है सूचनाओं को इकट्ठा कर नया डाटा बनाता है। वहीं गूगल का चैटबॉट बार्ड के लार्ज लैंग्वेज मॉडल पर बेस्ड है।

**कोई भी सवाल पूछ सकते हैं** – चैटजीपीटी से आप कोई भी सवाल पूछ सकते हैं। यानी ईमेल लिखने से लेकर सीवी तक आप इससे बनवा सकते हैं। रील या अपनी वीडियो कैसे वायरल करना है, इसका भी जवाब चैटजीपीटी देता है। वाइफ को क्या गिफ्ट दें, इस पर भी चैटजीपीटी आपको सुझाव देता है। जैसे यदि किसी स्टूडेंट को डेमोक्रेसी पर एसे यानी निबंध लिखना है तो वह तुरंत चैटजीपीटी पर टाइप करेगा

**गूगल ने बार्ड लॉन्च किया** – गूगल ने पिछले महीने ओपन एआई के इंटरैक्टिव चैटबॉट चैटजीपीटी के कॉम्पिटिटर बार्ड को पब्लिक किया था।

### असम पुलिस ने गैंडे का सींग जब्त किया; संदिग्ध शिकारी हिरासत से भागा, डीजीपी बोले-होगी जांच

**नई दिल्ली ।** असम पुलिस ने नागांव में गैंडे का एक सींग जब्त किया है, जिसे पिछले महीने बदमाशों ने निकाला था। हालांकि संदिग्ध शिकारी हिरासत से भागने में सफल रहे थे। काजीरंगा राष्टीय उद्यान में एक सींग वाले गैंडे के संदिग्ध शिकार की यह घटना एक साल में पार्क में इस तरह की पहली घटना है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) जीपी सिंह ने कहा कि गैंडे के सींग को असम के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और नगांव पुलिस ने बरामद कर लिया है। वहीं डीजीपी ने कहा कि मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

# शाकुंतलम ने सिनेमाघरों में दी दस्तक, सामंथा रुथ प्रभु की एक्टिंग ने किया कमाल

## मूवी से किया अल्लू अर्जुन की बेटी अरहा ने डेब्यू



**मुंबई (ईएमएस)।** साउथ की खूबसूरत एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु की मोस्ट अवेटेड फिल्म शाकुंतलम सिनेमाघरों में शुक्रवार को दस्तक दे चुकी है। पैन इंडिया लेवल पर रिलीज हुई इस फिल्म में सामंथा का नया अवतार देखने के लिए दर्शक बेहद उत्साहित थे, जिसका इंतजार अब खत्म हो चुका है। वहीं, इस मूवी से अल्लू अर्जुन की बेटी अरहा ने डेब्यू किया है। फिल्म के शानदार वीएफएक्स और ग्राफिक्स की पहले ही तारीफ हो चुकी है। शाकुंतलम में अल्लू अर्जुन की बेटी अल्लू अरहा ने भी अभिनय किया है। ऐसे में पुष्पा स्टार ने पूरी टीम को विश करते हुए दर्शकों से उनकी बेटी के अभिनय को सराहे जाने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने एक और ट्वीट किया। अल्लू अर्जुन ने लिखा कि उम्मीद है कि आप सबको मेरी बेटी अल्लू अरहा का कैमियो पसंद आएगा। गुना गारू को खासतौर से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने उसे बड़े पर्दे पर कास्ट किया और उसका ध्यान रखा।

**शाकुंतलम की पब्लिक ने जमकर की तारीफ –** शाकुंतलम को लेकर फैंस का रिव्यू सामने आ गया है। एक यूजर ने सामंथा रुथ प्रभु की तारीफ करने के साथ ही देव मोहन की एक्टिंग की भी तारीफ की। उन्होंने फिल्म के वीएफएक्स की भी तारीफ की। एक अन्य यूजर ने फिल्म की कहानी के साथ ही सामंथा रुथ प्रभु की एंट्री की भी तारीफ की। उन्होंने लिखा कि सामंथा रुथ प्रभु को महल के सीन के लिए स्टैंडिंग ओवेशन मिलना चाहिए। मैंने कभी नहीं सोचा था कि शाकुंतलम में महारानी शकुंतला के रोल के किरदार को सामंथा इतनी अच्छी तरह निभाएंगी। कुछ दर्शकों को एक्शन सीन पसंद नहीं आए।

# दिल्ली में लॉन्च हुआ फिल्म चेंगिज का धमाकेदार ट्रेलर





**नई दिल्ली(ईएमएस)।** दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित पीवीआर प्लाजा में फिल्म चेंगिज का ट्रेलर और संगीत लॉन्च का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एक मनोरंजक कथानक और एड्रेनालाईन पंपिंग एक्शन दृश्यों के साथ अंडरवर्ल्ड के विस्तार की खोज करने वाली इस फिल्म के मनोरंजक ट्रेलर के जरिए सुपरस्टार जीत के एक नए अवतार को भी सामने लाया। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर अपनी खुशी साझा करते हुए बांग्ला फिल्मों के सुपरस्टार जीत ने कहा, दिल्ली से इतना प्यार और गर्मजोशी मिलना बहुत ही शानदार अहसास है। मैं फिल्म के ट्रेलर को सकारात्मक प्रतिक्रिया देने के लिए शुक्रगुजार हूं और अब इस फिल्म को परदे पर देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। बता दें कि दर्शकों की प्रतिक्रिया 21 अप्रैल को फिल्म के रिलीज होने पर ही मिलेगी। सुपरस्टार जीत की पत्नी सलमान खान की फैन है जीत की फिल्म भी सलमान की फिल्म के साथ ही रिलीज हो रही है ऐसे में उनकी पत्नी पहले कौन सी फिल्म देखेगी के सवाल पर जीत ने कहा वह सलमान की फैन है लेकिन प्यार मुझसे करती हैं इसलिए वह मेरी फिल्म पहले देखेंगी। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री सुष्मिता चटर्जी ने बताया कि मेरा दिल आज कृतज्ञता और खुशी से भर गया है। ट्रेलर लॉन्च के लिए दिल्ली में हमें जितना प्यार मिला है, वह मेरी कल्पना से परे है और ट्रेलर के लिए इस तरह की सकारात्मक प्रतिक्रिया निश्चित रूप से दिल को छू लेने वाली है। वहीं, निर्देशक राजेश गांगुली ने कहा, हमारा उद्देश्य दर्शकों के लिए कुछ नया लाना और जीत को एक नई रोशनी में दिखाना था। ट्रेलर लॉन्च हमारे लिए खुशी का पल था और हमने हर पल को जिया है। गौरतलब है कि नीरज पांडे और राजेश गांगुली लिखित कहानी पर आधारित यह फिल्म 21 अप्रैल को ईद पर रिलीज होगी।

# आमिर को आदित्य चोपड़ा की तरफ से हाथ लगी निराशा

## -आदित्य चोपड़ा नहीं बना रहे धूम-4



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान की ब्लाकबस्टर फिल्म पठान की सफलता ने जहाँ आदित्य चोपड़ा के बैनर को फिर से स्थापित करने में सफलता प्राप्त की, वहीं दूसरी ओर इस फिल्म की सफलता ने आमिर खान को भी अपने करियर के लिए आशान्वित किया। लालसिंह चड्ढा की असफलता के बाद से फिल्मों से ब्रेक लेने वाले आमिर खान ने फिल्मों में सफलता के साथ वापसी के लिए धूम सीरीज को देखा। उन्हें उम्मीद थी कि आदित्य चोपड़ा धूम के 4थे भाग को बनाने के लिए उनके कहने पर तैयार हो जाएंगे और उनकी फिल्मों में शाहरुख खान की तरह सफल वापसी हो जाएगी। लेकिन आमिर खान को आदित्य चोपड़ा की तरफ से निराशा हाथ लगी है। एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से लिखा है, यश-राज फिल्म्स का आत्मविश्वास पठान के बाद से काफी बढ़ गया है और ऐसे में वो इस वक्त सिर्फ फ्रैंचाइजी मूवीज को आगे ले जाना चाहता है। उनका पूरा ध्यान अभी सिर्फ स्पाई यूनिवर्स की फिल्मों पर है, जो हर फिल्म के साथ आगे बढ़ेगा। ऐसा नहीं है कि आदित्य चोपड़ा अपनी धूम सीरीज को आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं, उनकी धूम सीरीज की अन्तिम फिल्म को प्रदर्शित हुए करीब एक दशक हो चुका है। कहा जा रहा है कि आदित्य चोपड़ा धूम-4 बनाना तो चाहते हैं लेकिन वे इस फिल्म में आज के युवा सुपर सितारों रणबीर कपूर और रणवीर सिंह को लेना चाहते हैं। जिससे फिल्म आज के माहौल को प्रदर्शित करने में सफल हो सके।

तू झूठी मैं मक्कार के प्रमोशन के दौरान रणबीर कपूर से जब धूम-4 के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह तो आदित्य ही बना सकते हैं वे धूम-4 किसे लेकर बनाना चाहते हैं। वैसे यदि इस फिल्म का प्रस्ताव मेरे पास आता है तो मैं सहर्ष इसे स्वीकार करूंगा।जहाँ तक बात आमिर खान की है तो उन्होंने लाल सिंह चड्ढा के बाद फिल्मों से ब्रेक लेने की घोषणा की थी। फिर उन्होंने अपने बैनर की एक फिल्म के लिए सलमान खान को प्रस्ताव दिया था, लेकिन बात बनी नहीं। अब यह कहा जा रहा है कि आमिर खान अपनी वापसी के लिए किसी एक्शन फिल्म की पटकथा का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें धूम का विचार आया, लेकिन आदित्य चोपड़ा की धूम के प्रति उदासीनता ने उन्हें पूरी तरह से निराश कर दिया है। बता दें कि पठान की व्यापक सफलता के बाद आदित्य चोपड़ा का पूरा ध्यान अब अपने स्पाई यूनिवर्स की फिल्मों पर लगा हुआ है। इस यूनिवर्स के तहत उनकी आगामी फिल्म टाइगर-3 है, जो टाइगर सीरीज की 3री फिल्म है। इससे पहले इस सीरीज की दो फिल्में एक था टाइगर (2012) और टाइगर जिंदा है (2019) आ चुकी हैं।

# मेट गाला में डेब्यू करेंगी आलिया भट्ट



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट हार्ट ऑफ स्टोन के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरूआत करने जा रही हैं। वह साल के सबसे बड़े फैशन इवेंट्स में से एक मेट गाला में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। मेट गाला की स्थापना 1948 में हुई थी। इस साल इसकी थीम कार्ल लेगरफेल्ड: ए लाइन ऑफ ब्यूटी है। यह थीम दिवंगत डिजाइनर की कलात्मक प्रतिभा के सम्मान में तय की गई है। एक्ट्रेस रेड कार्पेट के लिए प्रबल गुरंग की आउटफिट पहनेंगी। वर्क फ्रंट की बात करें तो, आलिया के लिए गैल गैडोट के साथ नेटफ्लिक्स की हार्ट ऑफ स्टोन और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ रोमांचक साल है। साल 2022 उनके लिए व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों मोर्चों पर शानदार रहा था। उन्होंने पिछले साल अपने ब्वॉयफ्रेंड व एक्टर रणबीर कपूर से शादी की और नवंबर 2022 में अपनी बेटी राहा को जन्म दिया।

# पुष्पा 2 : दी रुल का पोस्टर आते ही हैरान रह गए फैंस

पुष्पा 2 के लेटेस्ट पोस्टर ने अपने अनोखेपन और जुड़ाव के कारण पूरे देश में जोश भर दिया, जिसे बड़े पैमाने पर सबका खूब प्यार भी हासिल हुआ। पुष्पा 2 के निमार्ताओं ने हाल ही में फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया था जिसमें पैन इंडिया स्टार अल्लू अर्जुन को एक बिल्कुल ही अलग और नए लुक में देखा गया। इस पोस्टर के सामने आते ही एंटरटेनमेंट की दुनिया में तूफान ला दिया। पोस्टर अल्लू अर्जुन के लुक ने सभी को दंग कर दिया। पोस्टर पर अल्लू अपनी बॉडी पेंट लगाए देखें गए, साथ ही उन्होंने एक सुंदर पट्टू साड़ी, इयररिंग्स, नोज पिन, हार, चू-ड़ियां और अंगूठी के साथ गले में नींबू की माला और एक बंदूक के साथ बेहद दमदार अंदाज में नजर आए। इससे पहले कभी भी देश के किसी भी सुपरस्टार ने भारत की ओरिजिनल संस्कृति का इस हद तक प्रतिनिधित्व नहीं किया है, जो एक त्योहार मनाते समय लोगों द्वारा पहने जाने वाले अटायर की एकदम सटीक झलक पेश करता हो।

# अंगूरी जन्मदिन पर भगवान का दिया बड़ा तोहफा : शुभांगी

## -सात साल पहले भाबीजी घर पर हैं किया था साइन



**मुंबई (ईएमएस)।** छोटे परदे की अभिनेत्री शुभांगी आत्रे ने कहा कि मेरा जन्मदिन मेरे लिए कई कारणों से खास है। इसका एक कारण उस किरदार के लिए साइन अप करना था जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। सात साल पहले, मेरे जन्मदिन पर, मैंने टीवी के सबसे पसंदीदा पात्रों में से एक बनने के लिए अपने शो भाबीजी घर पर है के लिए साइन अप किया था। अंगूरी का किरदार मेरे जन्मदिन पर भगवान द्वारा दिया गया सबसे बड़ा उपहार है, और मैं इसे हमेशा याद रखूंगी। शुभांगी ने साझा किया कि उनके पास अपने जन्मदिन के लिए कोई जश्न मनाने की योजना नहीं है। आगे कहा कि एक्टिंग से मुझे बेहद खुशी मिलती है और मुझे अपने जन्मदिन पर काम करने में मजा आता है। मैं अपने शो के लिए शूटिंग करूंगी और इस खास दिन को सेट पर अपने परिवार के साथ मनाऊंगी। वीकेंड के दौरान मैं अपनी बेटी और कुछ दोस्तों के साथ मुंबई के पास के एक हिल स्टेशन की यात्रा करूंगी। हमने अभी वेन्यू तय नहीं किया है, लेकिन मैं अपने वीकेंड गेटअवे को लेकर पहले से ही उत्साहित हूं। प्रकृति की गोद में समय बिताने के अलावा ब्रह्मांड के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का इससे अच्छा तरीका और क्या हो सकता है। अभिनेत्री ने कहा, मैं पढ़ूंगी, ध्यान करूंगी और अपना पसंदीदा संगीत सुनूंगी। मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने अपने सपनों को हासिल किया और मैं अपने अभिनय क्षमता को ओर निखारना चाहती हूं। मैं एक अभिनेत्री के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ देना जारी रखूंगी। बता दें कि टीवी अभिनेत्री शुभांगी आत्रे मंगलवार को अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने कहा कि यह और भी खास है क्योंकि इसी दिन उन्होंने सात साल पहले भाबीजी घर पर हैं साइन किया था।

# सिटाडेल इंडिया का जोरदार प्रमोशन जारी



आगामी अमेरिकी टीवी सिरीज, सिट-डेल की टीम इन दिनों भारत में सि-रीज के प्रचार में व्यस्त है। जानकारी के अनुसार भारत में शो के प्रीमियर में वरुण धवन सहित बी-टाउन के जाने-माने लोग शामिल हुए, जो शो के हिंदी रीमेक का भी हिस्सा बनने जा रहे हैं। जैसा कि पुष्टि की गई है कि निमार्ता धीरे-धीरे हिंदी संस्करण के लिए अन्य कलाकारों को अंतिम रूप दे रहे हैं और सिकंदर खेर कलाकारों के लिए लेटेस्ट जोड़ हैं। यह शो हिट फिल्म निमार्ता जोड़ी राज और डीके द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। प्रोडक्शन टीम के एक करीबी सूत्र का कहना है, सिकंदर खेर सिटाडेल के हिंदी संस्करण के कलाकारों के लिए लेटेस्ट जोड़ हैं। उन्होंने मुंबई में हुए अमेरिकी संस्करण के भारत प्रीमियर में भी भाग लिया। सिटाडेल सीजन के सबसे बड़े शो में से एक होने का अनुमान है। यह पहली बार होगा जब सिकंदर राज और डीके के साथ काम करेगा।


# सलमान का औरतों के लिए अनोखा नियम

## - पलक तिवारी ने किया सीक्रेट का खुलासा



**मुंबई (ईएमएस)।** फेमस टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी, सलमान खान की अपकमिंग मूवी किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। उन्होंने सलमान संग काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि सेट पर सलमान का महिलाओं के लिए एक नियम होता है, जो उन्होंने अंतिम की शूटिंग के दौरान देखा था। पलक ने फिल्म में महेश मांजरेकर की असिस्टेंट के रूप में काम किया था। श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी ने इंटरव्यू में सिद्धार्थ कन्नन को बताया कि सलमान खान का एक नियम था कि उनके सेट पर महिलाओं को कैसे कपड़े पहनने चाहिए। पलक ने कहा, जब मैं अंतिम पर सलमान सर के साथ विज्ञापन कर रही थी, तो मुझे नहीं लगता कि बहुत से लोग यह जानते हैं, सलमान सर का एक नियम था कि कोई भी लड़की मेरे सेट पर, नेकलाइन यहां (ऊपर) होनी चाहिए। सभी लड़कियां कवर होनी चाहिए, अच्छी लड़कियों की तरह। तो मेरी मां ने मुझे सेट पर प्रॉपर शर्ट, जॉगर और पूरी तरह से कवर होकर जाते हुए देखा। वो कहने लगीं कि कहां जा रही हो? इतना अच्छे से तैयार होकर? मैंने कहा कि सलमान सर के सेट पर जा रही हूं। तो उन्होंने कहा- वॉव, बहुत बढ़िया।यह पूछे जाने पर कि महिलाओं के लिए इस तरह के नियम क्यों हैं? पलक ने सलमान खान के बारे में कहा, वो एक परंपरावादी हैं ... बेशक, वो कहते हैं, जो पहनना है पहनो। लेकिन वो हमेशा कहते हैं कि मेरी लड़कियों की हमेशा रक्षा की जानी चाहिए। अगर आसपास आदमी होते हैं, जिन्हें वो (महिलाएं) पर्सनली नहीं जानती हैं तो ये उनका पर्सनल स्पेस नहीं है। वो हर किसी पर भरोसा नहीं करते। वो कहते हैं, लड़की को हमेशा सुरक्षित रहना चाहिए। पलक तिवारी को हार्डी संधू के बिजली बिजली म्यूजिक वीडियो में देखा गया था, जो साल 2021 में रिलीज हुआ था। वो सलमान खान की किसी का भाई किसी की जान से डेब्यू कर रही हैं। इसमें पूजा हेगड़े, वेंकटेश दग्गुबाती, जगपति बाबू, शहनाज गिल, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल सहित कई स्टार्स हैं। ये मूवी 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया है। पलक के पास संजय दत्त के साथ द विर्जिन ट्री भी है, जो उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में से एक है। मालूम हो कि पलक तिवारी ने किसी का भाई किसी की जान के अलावा सलमान खान की फिल्म अंतिम के सेट पर भी काम किया था। वो महेश मांजरेकर के साथ बतौर असिस्टेंट काम कर रही थीं। तब उन्हें पता चला था कि सेट पर औरतों के लिए सलमान के एक अलग नियम थे।

# आपको भी मिल सकता है बेस्ट जासूस बनने का मौका



अब आपको भी वेस्ट जासूस बनने का मोका मिल सकता है। इसके लिए सिटाडेल सीरीज आपको मौका दे रही है। यह एक एलीट स्पाई एजेंसी, जो दुनिया की सभी एजेंसियों में टॉप पर है, जिसके लिए नादिया सिंह (प्रियंका चोपड़ा जोनस) और मेसन केन (रिचर्ड मैडेन) सहित कुछ सबसे एलीट जासूस काम करते है और अब आप भी इसका हिस्सा बन सकते है क्योंकि ये अब आपको रिक्रूट करने आ रही है। तो, क्या आपके अंदर भी एक टॉप क्लास सिटाडेल जासूस बनने की सारी खासियत मौजूद है? अगर हां, तो सिटाडेल की दुनिया में एंटर करने के लिए उसकी आफिसियल लिंक पर क्लिक करें। टाइम खत्म होने से पहले टास्क को पूरा करके अपने स्पाई-स्किल्स को टेस्ट करें, साथ ही अगले सुपर-स्पाई बनने के लिए अपनी यूनीक स्पाई-आईडेंटिफिकेशन बनाना होगा और सिटाडेल हॉल ऑफ फेम पर होने का मौका मिल सकता है।

## सूडोकु नवताल- 6403

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6402 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्दजाल - 7150

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | हु | मे | रि | सो | म | ना | थ | च | ट | र्जी |
| णे | खु | कु | प | इं | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | बा | द | ह | प | ल |
| मा | ग | ए | पा | सिं | दू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | न | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | वा | शी | ह | गी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | भा | र | य | र | स | रा | ल | वि | रे |
| र | या | बा | तें | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| बां | स | म | प | ब | लि | रा | म | भ | ग | त |

*शब्द जाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. ना उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

गणेश मावलनकर, हुकुम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रवि राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी.

### शब्दजाल - 7149 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | रा | जें | द्र | कु | मा | री | वा | ज | पे | यी |
| द | स | ल | प्रे | व | जी | स | द | ह | कां | रा |
| वि | स | रो | म | र | ज | नी | पा | ल | ख | म |
| शा | स | स | जि | दि | वा | स | ध | चं | श | दु |
| र | आ | र | ग | नी | ज | ना | तू | द्रा | झ | ला |
| दा | ल | ला | र | दि | ना | उ | ती | व | घ | री |
| मु | व | ग्रे | मी | या | प | य | ज | ती | व | सि |
| ख | एं | वा | ई | द | ब | क | डू | ए | श | न्हा |
| र्जी | ड | ल | कु | मु | द | बे | न | जो | शी | आ |
| क | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द |
| वि | ज | य | ल | क्ष्मी | पं | डि | त | ब | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6103

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | 2 | 3 | 7 | | |
| 1 | 33 | | 40 | | 34 | 6 |
| 7 | | 4 | 6 | | 2 | 3 |
| | 27 | 5 | 34 | 1 | 29 | |
| 2 | | | | 4 | | 5 |
| | 25 | 6 | 30 | | 38 | |
| | 4 | | 5 | 2 | | 7 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6102 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 37 | 5 | 28 | 2 | 26 | 1 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 1 | 31 | 6 | 33 | 4 | 28 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 31 | 3 | 33 | 6 | 36 | 6 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# निकोलस पूरन ने पंत को लेकर कहा, वह स्टाइल में वापसी करेगा

**मुंबई।**

**वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन ने ऋषभ पंत की हौसला बढ़कर कहा हैं कि वह स्टाइल में वापसी करेगा। पूरन आठ साल पहले पंत की तरह ही था, जब वह भी एक प्रशिक्षण सत्र से वापस जाते समय कार दुर्घटना का शिकार हो गया था, उन्हें दो सर्जरी से गुजरना पड़ा और फिर से चलने से पहले करीब छह महीने तक बिस्तर पर रहे।**

यह विंडीज क्रिकेटर वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपर जायंट्स का प्रतिनिधित्व कर रहा है और उन्होंने कहा कि वह पंत के साथ लगातार संपर्क में है। भारतीय विकेटकीपर को हाल ही में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स मैच के दौरान अरुण जेटली स्टेडियम में दिखाई दिए थे। पूरन ने कहा, यह बहुत चुनौतीपूर्ण है। यह वह है जहां कोई नहीं समझता। कभी-कभी, मुझे याद आता है... मैं स्पष्ट रूप से ऋषभ से बात कर रहा हूं। हम दोनों के बीच वास्तव में अच्छे संबंध हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है जब आप ऐसी जगह जाते हैं जहां आप होते हैं। बहुत उदास और निराश, क्योंकि आप चाहते हैं कि उपचार प्रक्रिया तेजी से हो। लेकिन यह मुश्किल है।

अपने रिकवरी फेज को याद कर पूरन ने कहा कि यह बहुत चुनौतीपूर्ण है, लेकिन खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, कभी-कभी आप प्रगति नहीं देखते हैं। जीवन में आप प्रगति देखना चाहते हैं, आप चाहते हैं कि यह इतनी तेजी से हो, लेकिन यह पूरे समय नहीं होता है। यह बहुत चुनौतीपूर्ण है, लेकिन (आपको) खुद पर विश्वास करने की जरूरत है।

पूरन ने कहा, यह विश्वास करने की आवश्यकता है कि जो कुछ भी हुआ, किसी कारण से हुआ। इस पर सवाल नहीं उठा सकते, क्योंकि आपको इसका उत्तर नहीं मिलेगा। आपको अपने भगवान पर भी विश्वास करने की आवश्यकता है। खुद पर विश्वास रखें, अपनी मेहनत पर विश्वास रखें। जैसे ही आप देखते हैं कि आप जो पहला कदम उठाते हैं, एक बार जब आप उस सुधार को देख सकते हैं, तब मुझे लगता है कि तभी आप प्रेरित होते हैं।

पूरन ने कहा, ऋषभ इससे बाहर निकलेगा। वह एक मजबूत लड़का है। वह इससे बाहर आएगा। और वह बेहतर होगा। आपको बस खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। उस खुद के साथ समय बिताने और यह समझने की जरूरत है कि उसके लिए कौन लोग हैं। यहीं पर आप जानते हैं कि आपका परिवार कौन है और आपके दोस्त कौन हैं। पूरन ने कहा, यह किसी के भी जीवन में एक कठिन समय है। हर किसी की अलग-अलग चुनौतियां होती हैं। चुनौतियां अलग-अलग रूपों और तरीकों से आती हैं। पंत सभी प्रारूपों में भारत की टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और टीम 7 जुलाई को द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उनकी कमी खलेगी। फिलहाल उनकी वापसी की कोई आधिकारिक समयरेखा नहीं है, लेकिन 25 वर्षीय इस साल के अंत में घर में एशिया कप और क्रिकेट विश्व कप में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### कप्तानी ने केएल राहुल को प्रभावित नहीं किया है : जोंटी रोड्स



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने कहा है कि केएल राहुल ऐसे खिलाड़ी हैं जो आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व करते हैं और कप्तानी ने उन्हें कभी प्रभावित नहीं किया है। राहुल ने आईपीएल 2023 का अपना पहला अर्धशतक पंजाब किंग्स के खिलाफ बनाया। उनके 56 गेंदों पर बने 74 रनों से लखनऊ ने 159/8 का स्कोर बनाया। वह आईपीएल में सबसे तेज 4000 रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 105 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। हालांकि उनकी पारी बेकार गयी और पंजाब किंग्स ने 19.3 ओवर में दो विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। रोड्स ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, कप्तान वह खिलाड़ी होता है जो आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व करता है। वह हमेशा सफल रहे हैं सभी आईपीएल में उनका बल्ला चला है। कप्तानी ऐसा कुछ नहीं है जिसने उन्हें प्रभावित किया हो। कई बड़े बल्लेबाजों ने उस समय कप्तानी छोड़ दी जब वह उसे संभाल नहीं पाए। लेकिन राहुल ने आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व किया है और उन्हें ऐसा करते देखना शानदार है। राहुल ने इस सत्र में संघर्ष किया था लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ उन्होंने 74 रन बनाये। उनकी पारी पर रोड्स ने कहा कि वह आखिरी तक बल्लेबाजी कर सकते थे। रोड्स ने कहा, जब कप्तान रन बनाता है। जिस तरह वह खेले उससे अन्य बल्लेबाजों को उनके आसपास खेलने का मौका मिल जाता है। हम जानते थे कि वह फॉर्म में आने से मात्र एक पारी दूर हैं।

### ब्राजील पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल 2023: प्रमोद भगत, सुकांत कदम सेमीफाइनल में पहुंचे



**साओ पाउलो।** ऐस शटलर प्रमोद भगत और वर्ल्ड नंबर 4 सुकांत कदम ने चल रहे ब्राजील पैरा-बैडमिंटन इंटरनेशनल 2023 के सेमीफाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया है। पैरालिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पेरू के पेड्रो पाब्लो डी विनेता को आसानी से हरा दिया। प्रमोद भगत को सेमीफाइनल में जापान के डाइसुके फुजिहारा से भिड़ने में सिर्फ 30 मिनट लगे। प्रमोद ने पेड्रो पाब्लो डी विनता को मात दी और अंतिम स्कोर 21-7 और 21-12 पढ़ा। उन्होंने अपने साथी सुकांत कदम के साथ पुरुष युगल में सेमीफाइनल में जगह भी बनाई।

### फिनिशर हैं शाहरुख खान: अनिल कुंबले

**मुंबई।** पंजाब किंग्स लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ की प्रतियोगिता के लिए लखनऊ के इकाना स्टेडियम में गए और एक करीबी मुकाबले में 2 विकेट से जीत के साथ बाहर हो गए। सुपर जायंट्स का नेतृत्व केएल राहुल कर रहे थे,



जिन्होंने 74 रन बनाकर उन्हें 160 रनों का लक्ष्य निर्धारित करने में मदद की। सैम कुरेन, जो शिखर धवन की अनुपस्थिति में किंग्स की अगुवाई कर रहे थे, गेंदबाजों की पसंद थे और उन्होंने तीन विकेट चटकाए। किंग्स ने 3 डिलीवरी शेष रहते इसका पीछा किया, सिकंदर रजा के पहले आईपीएल अर्धशतक और शाहरुख खान की 10 गेंदों में नाबाद 23 रन की पारी से जीत हासिल की।

### डब्लूटीसी फाइनल...बड़े खिलाड़ियों की फिटनेस में जुटा बीसीसीआई

# बुमराह ने एनसीए में शुरू किया रिहैब, अगले हफ्ते अय्यर की सर्जरी, पंत को भी बेंगलुरु बुलाया

**नई दिल्ली।**

डब्लूटीसी फाइनल से पहले बीसीसीआई अपने चोटिल खिलाड़ियों की फिटनेस पर तेजी से काम कर रहा है। सूत्र बताते हैं कि बोर्ड 7-11 जून के बीच होने जा रहे फाइनल से पहले अपने ज्यादा से ज्यादा चोटिल खिलाड़ियों को फिट करने का प्रयास कर रहा है। इसके चलते बोर्ड ने बुमराह-अय्यर की सर्जरी के अलावा पंत को बेंगलुरु बुलाया है।

जारी अपडेट में बोर्ड ने बताया कि जसप्रीत बुमराह की सफल सर्जरी हो चुकी है और वे रिहैबिटेशन के लिए बेंगलुरु स्थिति नेशनल क्रिकेट अकादमी पहुंच चुके हैं, जबकि श्रेयस अय्यर की सर्जरी अगले हफ्ते होगी। सर्जरी के बाद अय्यर भी एनसीए में रिहैब करेंगे।

इन दोनों के अलावा, बोर्ड ने कार एक्सीडेंट में घायल विकेटकीपर ऋषभ पंत को भी रिहैब के लिए बेंगलुरु बुला लिया है। पिछले दिनों अरुण जेटली स्टेडियम जाने के कारण पंत के घुटनों का दर्द बढ़ गया था।

बोर्ड के सूत्र बताते हैं कि बीसीसीआई अपने ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को फिट करना चाह रहा है। बुमराह की पीठ में अब दर्द नहीं बीसीसीआई ने कहा, बुमराह ने एनसीए में रिहैबिलिटेशन शुरू कर दिया है। तेज गेंदबाज ने कुछ दिनों पहले न्यूजीलैंड में लोअर बैक की सर्जरी कराई थी, जो सफल रही थी। अब उनकी पीठ में दर्द नहीं है। स्पेशलिस्ट ने बुमराह को सर्जरी के 6 हफ्ते बाद रिहैब शुरू करने की सलाह दी थी। इसके बाद उन्होंने एनसीए में अपना रिहैब शुरू कर दिया है।



2 हफ्ते सर्जन की निगरानी में रहेंगे अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर अपनी पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण मौजूदा टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए और वह अगले हफ्ते सर्जरी कराएंगे। बोर्ड ने कहा, वे दो हफ्तों के लिए सर्जन की निगरानी में रहेंगे और रिहैबिलिटेशन के लिए एनसीए लौटेंगे।

**बुमराह सितंबर-2022 से क्रिकेट मैदान से दूर हैं** - बता दें कि बुमराह पिछले साल सितंबर से क्रिकेट मैदान से दूर हैं। उन्होंने पिछले साल 25 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 के रूप में आखिरी इंटरनेशनल मैच खेला था। इसके बाद इंजरी के कारण वे टी-20 वर्ल्ड कप नहीं खेल सके। इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया सेमीफाइनल हार कर बाहर हो गई थी। बुमराह इंजरी के कारण ही टी-20 एशिया कप का भी हिस्सा नहीं बन सके थे। टीम इंडिया इस टूर्नामेंट के फाइनल में भी नहीं पहुंच सकी थी।


**अहमदाबाद टेस्ट में बैटिंग करने नहीं उतरे थे अय्यर** - इंडिया के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज अय्यर पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट और वनडे सीरीज भी नहीं खेल सके थे। अय्यर लोअर बैक इंजरी के चलते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने अहमदाबाद टेस्ट में बल्लेबाजी नहीं करने उतरे थे, तभी से वह मैदान से दूर हैं।

**घर जाते वक्त पिछले साल 30 दिसंबर को हुआ था एक्सीडेंट** - पिछले साल 30 दिसंबर को पंत एक हादसे का शिकार हो गए थे। वे कार से दिल्ली से देहरादून अपनी मां से मिलने जा रहे थे। उनकी मर्सिडीज अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिसके बाद उसमें आग लग गई और पलट गई। एक्सीडेंट के बाद पंत जलती हुई कार की खिड़की तोड़कर खुद ही बाहर निकले। लोग बचाने पहुंचे तो बोले- मैं ऋषभ पंत हूं।

### सिनर को हराकर रूने फाइनल में, खिताबी मुकाबला रुब्लेव से

**मोंटे कार्लो।** डेनमार्क के होल्गर रूने इटली के जानिक सिनर को रोमांचक सेमीफाइनल में 1-6, 7-5, 7-5 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में पहुँच गए हैं। रुने अब अपने दूसरे एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब से एक जीत दूर रह गए हैं। रूने ने सत्र की अपनी 17 वीं टूर स्तर की जीत के बाद सिनर के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 2-0 पहुंचा दिया है। 19 वर्षीय रूने एटीपी लाइव रैंकिंग में दो स्थान उठकर सातवें नंबर पर पहुँच गए हैं और अगर वह अपना आठवाँ खिताब जीतते हैं तो वह करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुँच जाएंगे। रूने ने 21 वर्षीय सिनर को दो घंटे 46 मिनट में हराया। रूने ने पिछले सत्र में नोवाक जोकोविच को पेरिस में चैंपियनशिप मैच में हराया था। वह अपने दूसरे एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब के लिए आंद्रेई रुब्लेव से भिड़ेंगे। रुब्लेव ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को कड़े संघर्ष में हराकर दूसरी बार मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में जगह बनायी। वह 2021 में फाइनल में यूनान के स्टेफानोस सितसिपास से हार गए थे।

# देश का नाम रोशन करने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों की नियुक्ति शुरू, अप्रैल के अंत में इंटरव्यू



**जम्मू।**

देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी है। जम्मू कश्मीर स्पोटर्स काउंसिल की देखरेख में प्रदेश के 20 जिलों में 54 कोच और मेंटर की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अप्रैल के अंत में आवेदनकर्ताओं के साक्षात्कार शुरू हो जाएंगे और फिर भर्ती प्रक्रिया की तमाम औपचारिकताएं पूरी होने के बाद खिलाड़ियों को रोजगार मिलेगा।

जम्मू कश्मीर स्पोटर्स काउंसिल ने गत फरवरी और फिर मार्च महीने में पदक विजेता खिलाड़ियों को रोजगार देने के सिलसिले में अधिसूचना भी जारी की थी। भारतीय खेल प्राधिकरण अनुमोदिन प्रदेश के 20 जिलों में विभिन्न खेलों के 54 कोच और मेंटर की नियुक्ति की जाएगी। इनके लिए प्रदेश के 152 खिलाड़ियों ने आवेदन किया है। आवेदनकर्ताओं की सूची जम्मू कश्मीर स्पोटर्स काउंसिल की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

152 आवेदनकर्ताओं के साक्षात्कार का सिलसिला प्रदेश में 25 अप्रैल से शुरू होकर 29 अप्रैल तक जारी रहेगा। साक्षात्कार प्रक्रिया चार चरणों में होगी। सीरियल नंबर 1 से 50 में आने वाले कश्मीर संभाग के खिलाड़ियों के साक्षात्कार 25 अप्रैल को दोपहर 12 बजे के उपरांत श्रीनगर स्पोटर्स क्लब, एसकेआइएससी गोगजीबाग श्रीनगर में होंगे। सीरियल नंबर 51 से 105 में आने वाले कश्मीर संभाग के साक्षात्कार 26 अप्रैल को सुबह 11 बजे के उपरांत श्रीनगर स्पोटर्स क्लब में होंगे।

जम्मू संभाग से संबंधित जिन खिलाड़ियों के नाम 1 से 34 के बीच हैं, के साक्षात्कार 28 अप्रैल को दोपहर 12 बजे के उपरांत मौलाना आजाद स्टेडियम और सीरियल नंबर 35 से 69 वाले उम्मीदवारों के साक्षात्कार 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे के उपरांत मौलाना आजाद स्टेडियम में होंगे। साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को अपनी योग्यता से संबंधित सभी असली प्रमाण पत्र लाने होंगे। असली प्रमाण नहीं लाने वाले और आधे-अधूरे प्रमाण पत्र लाने वाले उम्मीदवारों के साक्षात्कार नहीं होंगे।

# आईपीएल के बाद ओरिजिनल कंटेंट स्ट्रीम करेगा जियो सिनेमा: नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो की तरह लेना पड़ेगा सब्सक्रिप्शन

**नई दिल्ली।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज का ओटीटी प्लेटफार्म जियो सिनेमा आईपीएल के बाद ओरिजिनल कंटेंट स्ट्रीम करेगा, जिसके लिए यूजर्स को सब्सक्रिप्शन लेना पड़ेगा। जल्द ही जियो सिनेमा में हिंदी, मराठी, बंगाली और भोजपुरी सहित कई भाषाओं में मूवीज और ओरिजिनल वेब सीरीज रिलीज करेगा।

जियो सिनेमा आईपीएल 2023 का ऑफिशियल डिजिटल लाइव-स्ट्रीमिंग पार्टनर है। रिलायंस की मीडिया यूनिट ने डिजिटल लाइव-स्ट्रीमिंग के लिए 23,758 करोड़ रुपए में राइट्स खरीदे हैं। हालांकि ओटीटी प्लेटफार्म यूजर्स के लिए बिना किसी चार्ज के आईपीएल लाइव-स्ट्रीमिंग किया कर रहा है।

रिलायंस के मीडिया और कंटेंट बिजनेस प्रेसिडेंट ज्योति देशपांडे ने कहा कि जियो सिनेमा पर 100 से अधिक मूवी और वेब सीरीज रिलीज करने की योजना है। 28 मई को खत्म होने वाले आईपीएल 2023 से पहले प्लेटफार्म पर नए कंटेंट रिलीज किए जाएंगे। ओरिजिनल कंटेंट के लिए जियो सिनेमा अपने कंटेंट के लिए चार्ज लेना शुरू कर देगा। हालांकि ज्योति देशपांडे ने बताया कि अभी कंपनी ने जियो सिनेमा प्लान को फाइनल नहीं किया है, जल्द ही प्राइज तय की जाएगी। ज्योति देशपांडे ने कहा कि मौजूदा ओटीटी प्लेटफार्म में विदेशी कंटेंट का बोलबाला है। जियो स्टूडियो टैलेंट भारतीय कंटेंट बनना चाहता है। जियो सिनेमा ने दावा किया है कि प्लेटफॉर्म में आईपीएल के पहले हफ्ते में 5.5 बिलियन यूनिक वीडियो व्यूज आए हैं। वहीं, 12 अप्रैल 2023 को चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के मैच को रिकॉर्ड 22 मिलियन लोगों ने जियो सिनेमा में देखा। आपको बता दें कि आईपीएल 31 मार्च से शुरू हुआ है, जिसका आखिरी मैच 21 मई को बेंगलुरू में खेला जाएगा। बीसीसीआई ने पहली बार 2023-27 साइकिल के लिए आईपीएल स्ट्रीमिंग राइट्स को डिजिटल और टीवी के लिए अलग-अलग दिया है। पिछले साल तक टीवी और डिजिटल स्ट्रीमिंग राइट्स राइट को एक ही पैकेज में दिया जाता था। टीवी पर आईपीएल लाइव-स्ट्रीमिंग का राइट्स डिजनी स्टार के पास है, जिसे उसने 23,575 करोड़ रुपए में खरीदा है। जबकि, डिजिटल लाइव-स्ट्रीमिंग रिलायंस की मीडिया यूनिट ने खरीदा है। आप फ्री में आईपीएल मैच 2 तरीकों से देख हैं। पहला-आपको जियो सिनेमा ऐप डाउनलोड करना होगा। दूसरा-आप सीधे जियो सिनेमा की वेबसाइट पर जाकर मैच का मजा ले सकते है। एयरटेल, जियो, वीआई और बीएसएनएल समेत दूसरी टेलीकॉम कंपनियों के यूजर्स भी सभी मैचों को फ्री में ऑनलाइन देख सकेंगे।

# धोनी, कोहली या बुमराह हीं नहीं मोहित शर्मा भी युवा क्रिकेटरों के लिए रॉल मॉडल

**मुंबई।**

**क्रिकेट के मैदान में अक्सर दिग्गजों को ही क्यों आदर्श मान जाता है युवा खिलाड़ी हो या फैंस, हर किसी को महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली या जसप्रीत बुमराह से प्रेरणा लेने की बात कही जाती हैं, इसमें कुछ गलत भी नहीं है। आखिर हर कोई दुनिया में कामयाब होना चाहता है और हर कोई कामयाबी के सबसे बड़े रोल मॉडल में ही अपनी कहानी को नई दिशा देना चाहता है।**

लेकिन, नाकामी के दौर में कैसे खुद को संभाले और वापसी की जाए, ये भी काफी अहम होता है। फर्श से अर्श पर पहुंचने के बाद जब कोई फिर फर्श को स्पर्श करता है, तब वहां से वापसी करना अंधेरे को चीरने के बराबर होता है। इसी संदर्भ में गुजरात टाइटंस के गेंदबाज मोहित शर्मा रॉल मॉडल हैं। करीब



दो साल तक आईपीएल में एक भी मैच नहीं खेलने वाले मोहित शर्मा ने अपनी टीम गुजरात के लिए साल 2023 में पहला मैच जब खेला तब वहां मैन ऑफ द मैच बने। दरअसल, सही मायनों में देखा जाए तब मैन ऑफ द मैच से बड़ी बात थी मोहित का नेट बॉलर बनना। आखिर हममें से कितने लोगों में ये दम होता कि भारत के लिए वर्ल्ड कप (ऑस्ट्रेलिया में 2015) खेलने का या फिर 2014 में आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज होने के बावजूद अपने अहम को अहमियत नहीं देना

इस साल मोहित गुजरात के लिए सिर्फ 50 लाख की बेस प्राइस में खेल रहे हैं और एक वक्त ऐसा भी रहा है जब वहां 6.5 करोड़ रुपये सालाना भी आईपीएल से कमाई कर चुके हैं। मोहित भी मध्य-वर्गीय परिवार से आते हैं और उनके लिए आसान रास्ता होता कि वहां आराम से घर पर बैठते या फिर किसी भी चैनल में कमेंट्री कर रहे होते। लेकिन, मोहित ने बेहद मुश्किल रास्ता चुना। उन्होंने खुद को कहा कि उन्हें क्रिकेट खेलने से लगाव है और अगर इसका मतलब नेट पर ही गेंदबाजी करना है, तब वहीं सही और इसलिए गुजरात के कोच आशीष नेहरा के कहने पर वहां पिछले साल इस भूमिका में भी खुद को सहज महसूस करते रहे।

लेकिन, मोहित ने अपवाद के तौर पर ये साबित किया है कि जिस पेशे को आप पसंद करते हैं, जिसकी पहली सीढ़ी को छूते हुए आपने शीर्ष को भी देखा है, तब कभी जिंदगी के सफर में फिर से पहली सीढ़ी को छूने की नौबत आए तब उससे परहेज क्यों आखिर फिर से फर्श से अर्श पर पहुंचने का सपना तो देखा जा सकता है जो मोहित ने इस साल मैन ऑफ द मैच लेने के बाद किया है।

### दूसरे टी20में पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को 38 रन से हराया

# बाबर ने खेली नाबाद 101 रन की पारी, रऊफ ने झटके 4 विकेट

**मुंबई।**

पाकिस्तान ने लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 38 रनों से हराया। कप्तान बाबर आजम ने नाबाद 101 रन की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर 192 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 7 विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी में कप्तान आजम के कमाल के बाद गेंदबाजी में हारिस रऊफ ने कीवी बल्लेबाजों को क्रीज पर जमने नहीं दिया और 4 खिलाड़ियों को पवेलियन की राह दिखाई।

**बाबर और रिजवान की अच्छी शुरुआत**

पहले टी-20 में जल्दी आउट होने वाले कप्तान बाबर और विकेट कीपर रिजवान ने दूसरे टी-20 में टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 99 रन की साझेदारी हुई। मैट हेनरी ने



पारी के 11वें ओवर में रिजवान को मिचेल के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। फिर अगली ही गेंद पर हेनरी ने फखर जमान को क्लीन बोल्ड कर दिया।

रिजवान ने 34 गेंदों पर 50 रन बनाए। वहीं बाबर ने 58 गेंदों का सामना कर नाबाद 101 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 3 छक्के और 11 चौके भी जड़े। बाबर और रिजवान के अलावा इफ्तिखार अहमद ने 19 गेंदों पर 33 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए। इनके अलावा रचिन रविंद्र और नीशम ने 1-1 विकेट लिए।

**हारिस रऊफ के सामने कीवी बल्लेबाजों का सरेंडर**

193 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड को 44 रन के स्कोर पर पहला झटका शादाब खान ने दिया। उन्होंने कीवी कप्तान टॉम लाथम को एलबीडब्ल्यू आउट किया। लाथम ने 20 गेंदों का सामना कर 19 रन बनाए।

उनके आउट होने के बाद दूसरे ओपनर चैड बोवेस भी 26 रन बनाकर आउट हो गए। विल यंग और डैरिल मिचेल कुछ खास नहीं कर पाए और 9-9 रन बनाकर चलते बने।

**मार्क चैपनमैन ने खेले अर्धशतीय पारी**

हालांकि मार्क चैपमेन ने पारी को संभालने की कोशिश की, पर उन्हें दूसरे छोर से अन्य बल्लेबाजों का सहयोग नहीं मिल पाया। चैपमैन ने 40 गेंदों का सामना कर 65 रन बनाए।

वहीं पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ ने जबरदस्त गेंदबाजी की। उन्होंने 4 ओवर में 27 रन देकर 4 विकेट लिए। जबकि जमान खान, इमाद वसीम और शादाब खान को 1-1 विकेट मिले।

# जहां दिल भी जवां और फिजां भी..

प्राकृतिक सुन्दरता का धनी शोर शराबे और प्रदूषण से कहीं दूर प्रकृति की गोद में बसा गोवा सैलानियों के लिए स्वर्ग है, तो ऐसा करिए इस बार गर्मी की छुट्टियों में गोवा का आनंद ले आइये। पर इससे पहले इसके बारे में जानना भी ज़रूरी है चलिए एक नज़र दौड़ाते हैं इसके **इतिहास पर..**

मौर्य भी कर चुके हैं शासन गोवा के लंबे इतिहास की शुरुआत तीसरी सदी इसा पूर्व से होती है जब यहाँ मौर्य वंश की स्थापना हुई थी। बाद में पहली सदी के सतवाहन लोगों ने इसपर अपना अधिपत्य जमाया। फिर बादामी के चालुक्य आये और 580 से 750 इसवी तक यहाँ शासन किया। 1312 इसवी में गोवा पहली बार दिल्ली सल्तनत के आधीन हुआ लेकिन उन्हें विजयनगर के शासक हरिहर प्रथम ने वहाँ से खदेड़ दिया गया और अगले सौ सालों तक गोवा पर राज किया। 1469 में गुलबर्ग के बाहमी सुल्तान ने फिर इसे दिल्ली की सल्तनत का हिस्सा बनाया। बीजापुर के आदिल शाह भी कुछ सालों तक इस पर राज करके गये। मसालों की खुशबू सूंघते पहुचे वास्को डे गामा 1498 में वास्को डे गामा घूमते घंटे पहुंचे गोवा के तटों पर और 1510 में स्थानीय मुगलों को यहाँ खदेड़ दिया। इसके काफी हिस्से पर कई वर्षो तक पुर्गालियों ने राज्य किया। यहाँ वे अपना एक आधार बनाना चाहते थे जहाँ से वे मसालों का व्यापार कर सकें। सोलहवीं सदी के मध्य तक पुर्तगालियों ने आज के गोवा क्षेत्र में पूरी तरह से अपना कब्जा कर लिया था।

### महाभारत काल से है गोवा का उल्लेख

महाभारत में गोवा का उल्लेख गोपराष्ट्र यानि गाय चरानेवालों के देश के रूप में मिलता है। दक्षिण कोंकण क्षेत्र का उल्लेख गोवा राष्ट्र के रूप में पाया जाता है। संस्कृत के कुछ अन्य पुराने स्त्रोतों में गोवा को गोपकपुरी और गोपकपट्टन कहा गया है जिनका उल्लेख



अन्य ग्रंथों के अलावा हरिवंशम और स्कंद पुराण में मिलता है।

### 30 मई को बन गया अपना राज्य

19 दिसंबर, 1961 को भारतीय सेना ने यहाँ आक्रमण कर इस क्षेत्र को मुक्त करवाया और गोवा भारत में शामिल हुआ। गोवा तथा इसके उपक्षेत्र दमन एवं दीव को भारत में संविधान के एक संघीय क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया। लेकिन 30 मई 1987 को गोवा को अलग राज्य का दर्जा दिया गया तब जाकर गोवा भारत का 26 वाँ राज्य बना।

### गोवा को बाद में गोअंचल भी कहा गया

गोवा को बाद में कहीं कहीं गोअंचल भी कहा गया है। अन्य नामों में गोवे, गोवापुरी, गोपकापाटन औरगोमंत प्रमुख हैं। जनश्रुति के अनुसार गोवा जिसमें कोंकण क्षेत्र भी शामिल है (और जिसका विस्तार गुजरात से केरल तक बताया जाता है) की रचना भगवान परशुराम ने की थी। कहा जाता है कि परशुराम ने एक यज्ञ के दौरान अपने बाणो की वर्षा से समुद्र को कई स्थानों पर पीछे धकेल दिया था और लोगों का कहना है कि इसी वजह से आज भी गोवा में बहुत से स्थानों का नाम वाणावली, वाणस्थली इत्यादि हैं। उत्तरी गोवा में हरमल के पास आज भूरे रंग के एक पर्वत को परशुराम के यज्ञ करने का स्थान माना जाता है।

### काजू जाते हैं विदेशों तक

गोवा का प्रमुख उद्योग पर्यटन है। पर्यटन के आलावा गोवा में लौह खनिज भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है जो जापान तथा चीन जैसे देशों में निर्यात होता है। गोवा मतस्य (मछली) उद्योग के लिए भी जाना जाता है लेकिन यहाँ की मछली निर्यात नही की जाती बल्कि स्थानीय बाजारों में बेची जाती है। यहाँ का काजू सउदी अरब, ब्रिटेन तथा अन्य यूरोपीय राष्ट्रों को निर्यात होता है।

गोवा के मनभावन बीच की लंबी कतार में पणजी से 16 किलोमीटर दूर कलंगुट बीच, उसके पास बागा बीच, पणजी बीच के निकट मीरामार बीच, जुआरी नदी के मुहाने पर दोनापाउला बीच स्थित है।यहाँ करीब 49 के आसपास बीच हैं। इसकी दूसरी दिशा में कोलवा बीच ऐसे ही सागरतटों में से है जहां मानसून के वक्त आपको जाना चाहिए। पणजी गोवा की राजधानी है। यहां के आधुनिक बाजार भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। मांडवी नदी के तट पर बसे इस शहर में शाम के समय सैलानी रिवर क्रूज का आनन्द लेने पहुंचते हैं। मांडवी पर तैरते क्रूज पर संगीत एवं नृत्य के कार्यक्रम में गोवा की संस्कृति की एक झलक देखने को मिलती है।

### सीफ़ूड लवर्स की जन्नत है गोवा और

जनाब अगर आप है सीफ़ूड के शौक़ीन को गोवा स्वर्ग है आपके लिए। गोवा का प्रधान भोजन चावल, मछली करी के साथ है। गोवा में मछली से बने व्यंजन प्रसिद्ध हैं। गोवा में व्यापक रूप से नारियल और नारियल तेल, मिर्च, मसाले, खाद्य सिरका के साथ खाना पकाने में इस्तेमाल किये जाते हैं। गोवा में सबसे लोकप्रिय मादक पेय फेनी, काजू फेनी (जो काजू के पेड़ के फल के किण्वन से बनाया जाती है), नारियल फेनी है। यहाँ के भोजन में नॉनवेज शामिल है, पर इनके पकाने का तरीका कॉन्टिनेंटल होता है।

---

## अगर सेहत से है प्यार तो ना करें नेलपॉलिश से श्रृंगार, हो सकती हैं कैंसर के शिकार



महिलाओं के फेवरेट श्रृंगार की चीजों में से एक है नेलपॉलिश, जो घर-घर में बड़े ही आराम से इस्तेमाल होती है लेकिन अगर आप हर रोज अपने कपड़े के हिसाब से नेलपॉलिश चेंज करती हैं तो अब आप बंद कर दीजिये क्योंकि नेलपॉलिश का बहुतायत में इस्तेमाल आपकी सेहत को खराब कर सकता है।

जी हां एक अंग्रेजी वेबसाइट में छपी खबर के मुताबिक अमेरिका के डॉक्टर स्टीव का नया शोध कहता है कि नेलपॉलिश का इस्तेमाल करने वाली महिलाओं को घातक बीमारियां हो रही हैं क्योंकि नेलपॉलिश में इस्तेमाल होने वाले केमिकल उनके स्वास्थ्य पर सीधा असर डाल रहे हैं।

### क्या कहता है शोध

शोध के मुताबिक नेलपॉलिश में ट्रिफेन्यल फॉस्फेट होता है जो कि एक जहरीला पदार्थ है लेकिन कंपनियां नेलपॉलिश की शीशी में इस पदार्थ का जिक्र नहीं करती हैं, ट्रिफेन्यल फॉस्फेट का प्रयोग नेलपॉलिश को चमकीला बनाने के लिए होता है। शोध में कहा गया है कि ट्रिफेन्यल फॉस्फेट ना केवल महिलाओं के दिमाग पर असर डालता है जबकि ये तंत्रिका प्रणाली के लिए ठीक नहीं है। ट्रिफेन्यल फॉस्फेट को आप न्यूरो-टॉक्सिन कह सकते हैं क्योंकि ये सीधे ब्रेन को डैमेज करते हैं। ये महिलाओं के बैक-बोन को खराब करते हैं। नेलपॉलिश में कुछ केमिकल ऐसे भी हैं जो कि कैंसर जैसे रोगों को पैदा करते हैं। इसलिए शोध में कहा गया है कि सस्ते और लोकल नेलपॉलिशों के इस्तेमाल से बचें और उच्चकोटी के कास्मेटिक कंपनियों की नेलपॉलिश ही इस्तेमाल करें वो भी कभी-कभी क्योंकि हो सकता है आपका ये संजना-संवरना कहीं आपके जीवन का काल ही ना बन जाये।

---

## टाइफाइड में लापरवाही पड़ेगी भारी रखें इन बातों का ध्यान




टाइफाइड बेहद खतरनाक बुखार है। यह साल्मोनेला टाइफी नामक बैक्टीरिया का संक्रमण होता है। इस बीमारी में काफी तेज बुखार आता है, जो कई दिनों तक रहता है। यह बुखार कम-ज्यादा होता रहता है, लेकिन कभी सामान्य नहीं होता। ऐसे में टाइफाइड होने पर किन बातों का ध्यान रखा जाए, आइए जानते हैं-



टाइफाइड अकसर वहां फैलता है जहां साफ-सफाई का ख्याल नहीं रखा जाता। उचित जल आपूर्ति और अपशिष्ट निपटान प्रणाली इस रोग की रोकथाम के लिए बेहद आवश्यक है।



आप जो भी खाना खा रहे हैं वह बेहद हाइजिन होना चाहिए।



मक्खियों और कीड़े से कई तरह की बीमारियां फैलती हैं। ऐसे में इनसे प्रभावी ढंग से निपटा जाना चाहिए।



अपने खाने की समय-समय पर जांच करते रहें और स्टूल टेस्ट भी करवा लें।

---

## अब नहीं बजती टेलीफोन की घंटी ट्रीन...ट्रीन



याद आता है मुझे वो समय जब घर के ड्राइंग रूम में एक चोंगे वाला बेसिक फ़ोन रखा रहता था। घर में एक घंटी क्या बजी सभी उसे उठाने के लिए लपके। वो भी क्या दिन थे जब फ़ोन लाइन की तारों से घरों के छज्जे पर जाल बना रहता था। चिड़ियाँ और कौवे उसी पर बैठे चेहकते और कौव्वाते रहते थे। आज ना तो वो फ़ोन की लाईनें दिखती हैं और न ही चिड़ियाँ। सब न जाने कहाँ गुम गये।

उन दिनों रिश्तों की अहमियत हुआ करती थी। आज मोबाइल नाम का यंत्र सबके पास हैं और दूरियां तो बस नाम भर की हैं लेकिन रिश्ते भी अब दूरियों की तरह ही केवल नाम भर के रह गये हैं।

### ग्रैहम बेल ने किया अविष्कार

आपको बता दूं की टेलीफोन का अविष्कार यूएसए के एलेग्जेंडर ग्रैहम बेल ने 10 मार्च 1876 में किया था। पहले टेलीफोन लाइन के लिए लोहे के तारों का प्रयोग होता था जो बाद में ताम्बे के तारों से बदल दिया गया जो छज्जे छज्जे से होकर जाने लगीं 7 धीरे धीरे तकनीकी विस्तार होता गया और यह तार अंडर ग्राउंड हो गये ।

### टेलीफोन प्रणाली में स्विच बोर्ड

एक जरूरी अंग सबसे पहले की टेलीफोन प्रणाली में स्विच बोर्ड एक जरूरी अंग होता था, इसकी डिजाइनिंग बड़ी टाइप्ड होती थी। यह केद्रीय टेलीफोन केंद्र यानि की टेलीफोन एक्सचेंज में रहता था । सभी टेलीफोन इससे जुड़े होते थे। सभी टेलिफोन के नंबर इस बोर्ड पर लिखे रहते थे और हर एक नम्बर के ऊपर एक छोटा सा बल्ब लगा होता था। जब आपका टेलीफोन उठता था तो यह बल्व जल उठता था और इसके सामने बैठा हुआ टेलिफोन ऑपरेटर एक प्लग की मदद से अपने हेडफोन का कनेक्शन आपके टेलीफोन से स्थापित करता था।

### टेलिफोन की घंटी

आपसे टेलीफोन नंबर मालूम करके वह आपके टेलिफोन का संबंध उस टेलिफोन से स्थापित करता था और अपने सामने लगे हुए बटन को दबाकर उस दूसरे टेलिफोन की घंटी बजाता था। इस तरह से वह दूसरे स्थान के व्यक्ति को सूचना देकर आप दोनों की वार्ता प्रारंभ करता था। अगर कनेक्शन सही नहीं रहा तो यह प्रक्रिया और जटिल हो जाती थी।

### डायल फोन का ज़माना

फिर आया डायल फोन का ज़माना जो सीधे दुसरे से कनेक्शन बनाता था और इसके लिए किसी बीच के आदमी की जरूरत नही होती थी। इस पर एक गोल चकरी लगी होती थी जिसमें 0 से 9 तक के अंक होते थे। उस चकरी पर निर्धारित नम्बरों के छल्ले में ऊँगली डाल कर उसे घुमाना होता थे जिससे डायरेक्ट उससे कांटेक्ट होता था जिससे आपको बात करनी है।

### 1973 में आया मोबाईल

धीरे धीरे समय बदला और इसकी डिजाईन बदल गयी और फिर 1973 में मार्टिन कूपर द्वारा मोबाइल फोन के अविष्कार के बाद फोन की दुनिया में विरानगी छा गयी। इसके आने से बड़ी सहूलियतें हुई लेकिन इसने लोगों को झूठ बोलना सिखा दिया।

### जब भी घंटी बजती है..

टेलीफोन बेचारा अब सिर्फ ब्रॉडबैंड के लिए इस्तेमाल होता है 7 मेरे घर के बीच वाले कमरे में रखा हुआ वो सफ़ेद टेलेफोन आज भी मुझे देख रहा है 7 कभी कभी जब उसमे छ आठ दिन में कोई घंटी बजती है तो उसकी आवाज़ सुन कर मैं बहुत खुश हो जाती हूँ 7 बचपन की धुन सुनाई देने लगती है।

### टेलीफोन की आँखों का दर्द

जब कभी मैं उसके चोंगे को उठा कर कोई नम्बर मिलाती हूँ तो उस टेलीफोन की आँखों ( जो सिर्फ मुझे दिखती है ) में मुझे बड़ी चमक दिखती है 7 कुछ आंसू भी दिखते हैं जो मुझसे कहते हैं धन्यवाद तुमने आज मुझे इस्तेमाल किया पर तुरंत वही आंसू दुःख में बदल जाते है यह कहते हुए की उसे मालूम है अब उसकी कोई ज़रूरत नहीं।

---

## बिना मेकअप दिखें खूबसूरत

संवरने-संवारने की कला स्त्री को जन्मजात मिली है। यह आर्ट उसे सुंदर दिखने को भी प्रेरित करती है। भागदौड़ भरी जिंदगी में रोज अच्छी तरह मेकअप करना तो संभव नहीं, मगर डाइट और लाइफस्टाइल को सही रखकर खुद को आकर्षक बनाया जा सकता है मेकअप एक कला है। कई बार इससे चेहरे पर कमाल हो सकता है। रोज आईने के सामने काफी वक्त बिताती हैं स्त्रियां ताकि वे सुंदर दिख सकें। कई स्त्रियां मानती हैं कि बिना मेकअप के वे सुंदर नहीं दिख सकतीं। हालांकि सादगी का अपना महत्व है और बिना बहुत वक्त या पैसा खर्च किए भी सुंदर बने रहा जा सकता है।

**एक प्याली गर्म पानी :** सुबह की शुरुआत के लिए इससे अच्छी कोई आदत नहीं है। सुबह उठने के बाद चाय के बजाय गर्म पानी पिएं। इसमें नींबू की कुछ बूंदें डालें। ओवरवेट होने या डाइबिटीज जैसी समस्या न हो तो थोड़ा शहद भी मिला सकती हैं। इससे ताजगी का अहसास होगा।

**एसपीएफ युक्त क्रीम:** उम्र बढ़ने के साथ-साथ धूप, धूल और समय का प्रभाव चेहरे पर पडने लगता है। इसलिए सनक्रीम हमेशा साथ रखें। तेज धूप हो या नहीं, इसका इस्तेमाल करें। इसके प्रयोग से आप बहुत सी समस्याओं से बची रह सकती हैं।

**आदतें सुधारें :** चेहरे को सिकोड़ते हुए बात करने, माथे पर बल डालने, आखें मिचमिचाने, हथेलियों को गालों पर टिकाने, पिंपल्स नोचने, आंखें मलने जैसी आदतें त्वचा को नुकसान पहुंचाती हैं। चेहरे की त्वचा संवेदनशील होती है, इसलिए इस पर दाग-धब्बे बहुत पड़ते हैं। ये आदतें झुर्रियों को न्यौता भी दे सकती हैं।

**अति से बचें :** नियमित फेशियल से चेहरे की मांसपेशियों में कसाव आता है, रक्त संचार ठीक होता है और चेहरा साफ व सुंदर दिखता है, मगर ब्लीच का इस्तेमाल सोच-समझकर करें। ज्यादा मसाज व ब्लीच से संवेदनशील त्वचा को नुकसान हो सकता है।

**स्क्रबिंग-क्लेंजिंग :** रोज सोने से पहले क्लेंजिंग मिल्क से चेहरा साफ करें। हफ्ते में एक बार स्क्रबिंग करें। इससे डेड स्किन हटेगी। क्लेंजर से त्वचा बैक्टीरिया रहित होगी, अतिरिक्त



तेल व डेड स्किन सेल्स निकलेंगी। ड्राई स्किन के लिए मॉइश्चराइजर वाला क्लेंजर अच्छा है।

**पानी खूब पिएं :** रोज सात-आठ गिलास पानी पीना चाहिए। शरीर से हानिकारक तत्व निकालने का यह सर्वोत्तम उपाय है। यह सौंदर्य को बढ़ाता है और त्वचा को समस्या रहित रखता है।

**मॉइश्चराइजर :** मुलायम त्वचा के लिए मॉइश्चराइजर जरूरी है। प्रदूषण, मौसम, धूप और धूल से त्वचा को क्षति पहुंचती है। स्किन को सही पोषण और नमी मिले तो रिंकल्स कम पड़े और वह ड्राई होने से बची रहेगी। चेहरे और गर्दन के अलावा हाथों और पैरों पर भी मॉइश्चराइजर का प्रयोग करें।

**टोनर :** टोनर से न सिर्फ त्वचा में कसाव आता है, बल्कि इससे रोमछिद्र भी भरते हैं और चेहरे से अतिरिक्त तेल बाहर निकल जाता है।

**शैंपू :** सप्ताह में कम से कम तीन दिन बालों को किसी अच्छे शैंपू से धोएं और कंडीशनर का इस्तेमाल करें। चिपचिपे-गंदे बाल चेहरे का लुक बिगाड़ देते हैं। दिन में दो-तीन बार और सोने से पहले बालों में कंघी करना न भूलें।

1. बालों की समय-समय पर ट्रिमिंग कराएं, ताकि वे दोमुंहे न हों और खराब न दिखें।
2. नाखून चबाने की आदत से बचें। उन्हें सही ढंग से तराशें और अच्छा शालीन नेल पेंट लगाएं।
3. अत्यधिक कॉफी या चाय पीने से बचें।
4. कम से कम सात घंटे की अच्छी नींद लें।
5. दांतों की सुबह-शाम सफाई करें। कई बार ब्रश करने से दांतों का इनैमल कम होता है और वे पीले दिखने लगते हैं। दिनभर में दो बार ब्रश करना काफी है।
6. उठने-बैठने और चलने-फिरने में अपने बॉडी पोस्चर का ध्यान रखें।
7. तले-भुने खाद्य पदार्थों, मैदे से बनी चीजों का इस्तेमाल कम करें। तरल पदार्र्थों का सेवन अधिक करें।
8. सही फिटिंग के कपड़े पहनें और ऐसे फैशन ट्रेंड्स का अनुकरण करने से बचें जो आपके व्यक्तित्व पर न फबें। जिस ड्रेस में कंफर्टेबल महसूस करती हों, वही पहनें।

---

## मौत के नजदीक लाता है सिगरेट का हर कश..

तंबाकू उत्पादों के डिब्बों पर इसके सेवन से होने वाले नुकसान के संदेश चाहे कितने ही डरावने क्यों न हों, इसके बावजूद महिलाओं में धूम्रपान की लत बढ़ती ही जा रही है। 21वीं सदी में सार्वजनिक स्वास्थ्य की एक सबसे बड़ी जिम्मेदारी महिलाओं को धूम्रपान की लत से बचाना होगा।



खतरे वाली बात तो यह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के मुताबिक, तंबाकू के सेवन से वर्तमान में दुनिया भर में प्रत्येक साल 50 लाख लोगों की मौत होती है और अनुमान के मुताबिक, धूम्रपान से साल 2016 से 2030 के बीच की अवधि में 80 लाख लोग तथा 21वीं सदी में कुल एक अरब लोगों की मौत होगी।

दुनिया भर में साल 2010 में महिलाओं को सिगरेट के विपणन के साथ लिंग तथा तंबाकू के बीच संबंध स्थापित करने के इरादे से वर्ल्ड नो टोबैको डे शुरू किया गया। यह विषय तंबाकू से महिलाओं व लड़कियों को होने वाले नुकसान से लोगों को जागरूक करने के लिए शुरू किया गया और इसे हर साल मनाया जा रहा है।

महिलाएं/लड़कियां धूम्रपान को अभिव्यक्ति की आजादी समझने लगी हैं। यह आवश्यक है कि महिलाओं का सशक्तीकरण जारी रखना चाहिए, महिलाओं के बीच धूम्रपान की बढ़ती लत के संभावित खतरों तथा जिस प्रकार सिगरेट उद्योग कथित सामाजिक परिवर्तन के लिए महिलाओं को लक्षित कर रहा है, उस पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

किशोरावस्था में लड़कियां धूम्रपान की शुरुआत करती हैं और साल दर साल इनकी संख्या बढ़ती ही जाती है। इस बात के हालांकि सबूत हैं कि लड़कियों द्वारा धूम्रपान शुरू करने के कारण लड़कों द्वारा धूम्रपान करने के वजहों से अलग है। बच्चों का मात-पिता से संबंध भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किशोरों की चाहत माता-पिता, स्कूल व समुदाय से अधिक से अधिक जुड़ाव की होती है। दुर्भाग्यवश, आज के दौर में माता-पिता अपने बच्चों को समय नहीं दे पाते, जिसके कारण उनके बच्चे की उनकी गलत संगति में पड़ने की संभावना अधिक हो जाती है।

आधी सदी पहले फेफड़े के कैंसर से महिलाओं की तुलना में पांच गुना ज्यादा पुरुष मरते थे। लेकिन इस सदी के पहले दशक में यह खतरा पुरुष व महिला दोनों के लिए ही बराबर हो गया। धूम्रपान करने वाले पुरुषों व महिलाओं के फेफड़े के कैंसर से मरने का खतरा धूम्रपान न करने वालों की तुलना में 25 गुना अधिक होता है।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**